नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009
वर्षः 12
अंकः 23
सोमवार, 27 जून-03 जुलाई 2022
मूल्यः 5 रु प्रति
रु 250 वार्षिक

कन्हैया लाल का बलिदान हिन्दू समाज को जेहाद मुक्त भारत निर्माण के लिए प्रेरित करेगाः हिन्दू महासभा 03
विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक में भारत ने लंबी छलांग लगा ली...पर अब भी बहुत कुछ. . . 08

# NCR समाचार

खुल गई चीन की पोल, उइगर मुस्लिमों को बताया शत्रु वर्ग, लीक हुए दस्तावेज 10
जडेजा के शतक के बाद बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के दम पर भारत ने बनाया दबदबा 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in | BY C.R.O. TEAM | twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

सनी लियोनी ने बिना कपड़ों के तस्वीर शेयर कर इंटरनेट पर मचाई सनसनी 12

# राहुल के वीडियो पर 'झूठ' फैलाने के लिए माफी मांगे भाजपाः कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी से जुड़े एक वीडियो को भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद शनिवार को कहा कि यह वीडियो 'फर्जी खबर' के रूप में फैलाया गया है और अगर भाजपा एवं उसके नेताओं ने इसके लिए माफी नहीं मांगी, तो उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर कहा है कि वह 'झूठ' फैलाने के लिए अपने नेताओं की तरफ से माफी मांगें। दरअसल, यह वीडियो एक समाचार चैनल से संबंधित है। कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र वायनाड स्थित उनके कार्यालय पर एसएफआई के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर किए गए हमले के संदर्भ में उसके पूर्व अध्यक्ष ने एक टिप्पणी की, जिसे एक चैनल ने उदयपुर की घटना से जोड़कर पेश



कर दिया। राहुल गांधी ने इसी प्रकरण की तरफ इशारा करते हुए ट्वीट किया, ''दुष्प्रचार और झूठ ही भाजपा-आरएसएस की नींव है। देश को नफ़रत की आग में झोंककर हाथ सेंकने वाली भाजपा-आरएसएस का इतिहास पूरा हिंदुस्तान जानता है। ये देशद्रोही चाहे जितना तोड़ने का काम कर लें, कांग्रेस उससे ज़्यादा भारत जोड़ने का काम करती रहेगी।''नड्डा को लिखे पत्र में रमेश ने कहा, ''मैं यह जानकर स्तब्ध हूं कि आपकी पार्टी के कुछ सहयोगियों ने जानबूझकर एक चैनल पर कल (एक जुलाई को) प्रसारित हुई एक शरारतपूर्ण रिपोर्ट को साझा किया है।''पत्र में कहा गया, ''वास्तविक वीडियो में राहुल गांधी अपने वायनाड कार्यालय पर एसएफआई द्वारा की गई हिंसा के संबंध में टिप्पणी कर रहे थे, लेकिन चैनल द्वारा उसे जानबूझकर और शरारतपूर्ण ढंग से काट-छांटकर इस प्रकार से प्रस्तुत किया गया, जैसे कि यह टिप्पणी उदयपुर में कन्हैया लाल की जघन्य हत्या के संबंध में थी।''रमेश ने कहा, ''इस बात को हमारी ओर से तुरंत सभी संबंधित लोगों के ध्यान में लाया गया कि यह रिपोर्ट नितांत झूठी है और भ्रम की स्थिति पैदा करने के लिए जानबूझकर इसे प्रसारित किया गया। वास्तव में, किसी भी अन्य चैनल ने इस क्लिप को इस प्रकार जानबूझकर मनगढ़ंत और विकृत तरीके से प्रस्तुत नहीं किया।''रमेश ने पत्र में कहा, ''इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि आपकी पार्टी के कई सहयोगियों- राज्यवर्धन राठौर, सुब्रत पाठक, कमलेश सैनी, कई विधायक और अन्य लोगों ने बड़े उत्साहपूर्वक और कोई सत्यापन किए बिना जानबूझकर इस मनगढ़ंत और विकृत रिपोर्ट को सोशल मीडिया पर प्रकाशित और साझा किया।''उन्होंने कहा, ''हमने पहले ही मूल प्रसारणकर्ता चैनल के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हम आशा करते हैं कि आप और आपकी पार्टी के सहयोगी इस तरह के झूठ फैलाना बंद करेंगे और ऐसी हरकतों से बाज आएंगे। इसके अतिरिक्त, मुझे आशा है कि आप अपने उन सहयोगियों की ओर से तुरंत उचित माफीनामा जारी करेंगे, जिन्होंने सच्चाई का इस तरह से घोर अपमान किया है।''कांग्रेस महासचिव ने चेतावनी दी, ''अगर यह माफीनामा आज जारी नहीं किया जाता तो हम आपकी पार्टी और उसके उन नेताओं के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे, जो इस तरह के गैर-जिम्मेदार और आपराधिक तरीके से सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने पर जोर देते हैं।'' उधर, राठौर की ओर से ट्विटर पर राहुल गांधी से जुड़े इस वीडियो को साझा किए जाने पर माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट ने इसे 'फ्लैग' करते हुए लिखा, ''इस मीडिया को संदर्भ से हटकर पेश किया गया है।'' चैनल द्वारा बाद में माफीनामा जारी करने के साथ एंकर रोहित रंजन ने कहा, ''कल हमारे शो डीएनए में राहुल गांधी के बयान को उदयपुर की घटना से जोड़कर गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया गया, यह मानवीय भूल थी, जिसके लिए हमारी टीम माफी मांगती है।''

### RSS और BJP के खिलाफ खड़े होने पर एजेंसियों के जरिए बनाया जाता है दबाव

# 'देश में घृणा की भावना पैदा कर रहे हैं पीएम मोदी': राहुल गांधी

एजेंसी

**वायनाड।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को मलप्पुरम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश में घृणा की भावना पैदा कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का भी जिक्र किया, जहां पर उनसे 5 दिनों तक पूछताछ की गई। दरअसल, नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर ईडी ने राहुल गांधी से 5 दिन की पूछताछ की थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि देश में क्या हो रहा है।

भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री देश में घृणा की भावना पैदा कर रहे हैं। जो संस्थाएं देश की जनता की आवाज बनती थी उन पर आरएसएस और भाजपा ने कब्जा कर लिया है। जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी आरएसएस और भाजपा के विचारधारा के खिलाफ खड़ा होता है, उस पर राष्ट्रीय एजेंसियों और पुलिस के माध्यम से दवाब बनाया जाता है।



भाजपा को लगता है कि अगर वो ईडी के माध्यम से मुझसे 5 दिन तक पूछताछ करेंगे और एक ही सवाल बार-बार पूछेंगे तो मैं डर जाऊंगा। इसी बीच उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री को लगता है कि जो लोग उनकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं, उन्हें डरा सकते हैं। लेकिन इस देश में ऐसे कई लोग हैं जो प्रधानमंत्री, भाजपा या आरएसएस से नहीं डरते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हम इन लोगों से नहीं डरते। हम इन लोगों को अपने देश के ताने-बाने को बर्बाद नहीं करने देंगे। हम हिंसा में विश्वास नहीं करते जैसे वे करते हैं, हम समाज को विभाजित करने में विश्वास नहीं करते हैं जैसे वे करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की संस्थाओं पर हमला हो रहा है। भाजपा और आरएसएस द्वारा हमारे देश को बांटने की कोशिश की जा रही है। हमें अपने देश पर इस हमले के खिलाफ खड़ा होना होगा। राहुल गांधी ने कहा कि जितना अधिक वे समाज को विभाजित करने की कोशिश करते हैं, जितना अधिक वे एक धर्म को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश करते हैं, उतना ही हमें अपने देश को एकजुट करना होगा और लोगों को एक साथ लाना होगा।

## क्या भाजपा समर्थक ही है भाजपा के विरोधी ? कन्हैया लाल की हत्या का बड़ा खुलासा

एनसीआर समाचार

हाल ही में उदयपुर में हुई कन्हैया लाल की निर्मम हत्या के बाद पूरे राजस्थान का माहौल गर्म है। ऐसे में कुछ ऐसी बड़ी खबरें सामने आ रही है जिसने भाजपा पर कई सवाल खड़े कर दिए है। एक ओर सुप्रीम कोर्ट ने कन्हैया लाल की हत्या का जिम्मेदार नूपुर शर्मा को ठहराते हुए उन्हें सभी देश वासियों से माफ़ी मांगने का आदेश दिया है। वहीं दूसरी और सोशल मीडिया पर उदयपुर दुर्घटना के आरोपियों की तस्वीरें एक भाजपा नेता राजस्थान के पूर्व गृह मंत्री गुलाबचंद कटारिया के साथ बड़ी ही तेजी से वायरल हो रही है। अब सवाल ये खड़ा हो रहा है कि जब नूपुर शर्मा ने पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी की थी और धर्म के विरुद्ध ट्वीट किया था तब भाजपा के किसी



भी समर्थक ने नूपुर शर्मा का विरोध नहीं किया और न ही उन्हें रोकने की कोशिश की। दूसरी ओर कन्हैया लाल ने जब नूपुर शर्मा के विवादित ट्वीट पर रिप्लाई कर उसका समर्थन किया तो भाजपा के ही एक समर्थक ने उसकी बड़ी ही बेरहमी से हत्या कर दी। आखिर ऐसा क्यों ? जब बीजेपी समर्थक नूपुर शर्मा के विवादित और भड़काऊ टिप्पणियों से इतने ही क्रोधित थे तो उन्होंने नूपुर शर्मा को रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया ? अगर भाजपा समर्थक नूपुर शर्मा को नहीं रोक सकते तो उनकी धर्म विरोधी टिप्पणियों का समर्थन करने वाले उदयपुर के दर्जी कन्हैया लाल को मौत के घाट उतारने का भी उन्हें कोई अधिकार नहीं है।

## ZEE न्यूज का घर छोड़, क्या बड़ा प्लान कर रहे हैं सुधीर चौधरी



जी न्यूज़ के एचआर हेड रुचिरा श्रीवास्तव द्वारा भेजे गए मेल से पता चलता है कि, जी न्यूज़ के साथ 10 साल के सफर के बाद सुधीर चौधरी अपना खुद का कार्य शुरू करने जा रहे है उनकी इच्छा का खाश ख्याल रखते हुए, 'कंपनी ने दुखी मन से उनका इस्तीफा स्वीकार किया है।' जी न्यूज, जी बिजनेस और जी 24 तास के एडिटर ग्रुप स्ट्रेटेजी एंड इनोवेशन को रिपोर्ट करेंगे। वहीं वियोन के एडिटर सीधे पब्लिशर को रिपोर्ट करेंगे। इस्तीफे का अंदाजा काफी समय से लगया जा रहा था। तीन दिन पहले ही सुधीर अपने शो डीएनए से निकल गए थे। उनका शो जी न्यूज़ के एंकर रोहित रंजन होस्ट कर रहे थे। सुधीर के इस्तीफे के बाद अब जी मीडिया के मालिक सुभाष चंद्रा का एक पत्र सामने आया है जिसमें उन्होंने लिखा है कि, 'मैं सुधीर को दो दिनों से मनाने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन वह अपनी फैन फॉलोइंग का इस्तेमाल करके अपना खुद का कार्य शुरू करना चाहते हैं। मैं उनकी उन्नति के रास्ते में नहीं आना चाहता इसलिए मैंने इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।'

## अग्निपथ योजना के विरोध में पूरे यूपी में विरोध प्रदर्शन करेगी आप : संजय सिंह

एजेंसी

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए ऐलान किया कि उनकी पार्टी रविवार को पूरे प्रदेश में अग्निपथ योजना केखिलाफप्रदर्शन करेगी।

शनिवार को यहां आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में संजय सिंह ने कहा कि पार्टी ने तय किया है कि रविवार को पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी की युवा शाखा और छात्र शाखा विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ भिक्षा मांगकर चेक और ड्राफ्ट के माध्यम से मोदी सरकार को 420 रुपये भेजे जाएंगे और अपनी ओर से सांकेतिक विरोध दर्ज कराया जाएगा। सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि उनसे यह कहा जाएगा कि भारतीय सेना के साथ चार सौ बीसी (धोखाधड़ी) न करो और यह भी कहा जाएगा कि भारत माता की रक्षा के लिए पैसे का रोना मत रोइए। आप नेता ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बन गया है और देश भर में विपक्ष के किसी नेता का भी सपना आ जाए तो उसके खिलाफ ईडी की टीम छापा मार देती है। उन्होंने दावा किया कि पूरी महाराष्ट्र की सरकार गिराने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका भाजपा के किडनैपिंग गैंग के अलावा किसी ने निभाई है, तो वह ईडी है। आप सांसद ने उदयपुर में मारे गये दर्जी कन्हैयालाल के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़ी संस्था राष्ट्रीय मुस्लिम मंच पर भी सवाल उठाए।

## अग्निपथ के खिलाफ दिल्ली विस में पेश किया जा सकता है प्रस्ताव




**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार आगामी विधानसभा सत्र के दौरान केंद्र की अग्निपथ रक्षा भर्ती योजना के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश कर सकती है। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने बृहस्पतिवार को विवादास्पद योजना के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया था। केंद्र सरकार द्वारा 14 जून को घोषित की गई इस योजना को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। सूत्रों ने कहा, दिल्ली विधानसभा में ऐसा प्रस्ताव लाए जाने और उसपर चर्चा होने की संभावना है। दिल्ली विधानसभा का दो-दिवसीय सत्र चार जुलाई से शुरू होगा।

### संक्षिप्त समाचार

## रोहतास के भलुनी धाम में दान के पैसों के लिए आपस में भिड़े पुजारी



बिहार अपने स्थान पर हो रोज के नए नए कारनामों के लिए अक्सर सुर्ख़ियों में बना रहता है। सोशल मीडिया पर वर्तमान में एक ऐसी वीडियो वायरल हो रही है जो बिहार के रोहतास की है। इस वीडियो में मंदिर के 2 पुजारी आपस में लाठियां चलते नज़र आ रहे हैं। आपको बता दें कि दोनों ही पुजारियों की उम्र लगभग 70 वर्ष से ऊपर की ही होगी और इस उम्र में भी इनकी ऐसी हरकत को देखकर जहां कुछ लोग इनकी खिल्ली उड़ा रहे है वहीं कुछ थू थू कर रहे है। इन दोनों ही पुजारियों के बीच हो रही इस भिड़ंत की वजह मंदिर की दानपेटी में आने वाली दानराशि है। ये वीडियो बिहार रोहतास जिले के भलुनी धाम की है। ये बहस काफी देर तक चली जिसके बाद कुछ लोगों ने दोनों ही पुजारियों को समझा बुझाकर शांत किया, लेकिन इसके बावजूद भी दोनों ही पुजारियों का दानपेटी में आए हुए दानराशि से ध्यान हटने का नाम नहीं ले रहा था, वे दोनों ही उस पर अपना मालिकाना हक जता रहे थे।

# आईएफएल बैंक कर्मचारियों ने घर सील कर किया रोहिणी के परिवार को प्रताड़ित, मूलधन पर लगाया चक्रवृद्धि ब्याज

नमिता चौहान

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 22 के पॉकेट 15 में रहने वाले एक परिवार ने IFL बैंक कर्मचारियों पर उन्हें प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है।

उसी परिवार की महिला पूजा का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने उन्हें इतना परेशान कर दिया है कि उनके पास अब आत्महत्या करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। पीड़ित महिला पूजा ने बताया कि, 2018 में उन्होंने घर खरीदने के लिए IFL बैंक से 8 लाख का लोन लिया था जो कि अब 11 लाख की मांग कर रहे है और वो बिलकुल भी जायज नहीं है। पीड़ित ने बताया कि, जब वो घर खरीद रहे थे तब उन्हें सिर्फ 5 लाख रुपए की जरूरत थी, लेकिन जब वो बैंक पहुंचे तो बैंक मैनेजर ने बताया कि, इस बैंक की 8 लाख रुपए से



नीचे के लोन की कोई पॉलिसी नहीं है और यही वजह थी की 5 लाख रुपए के बदले उन्हें वहां से 8 लाख का लोन लेना पड़ा। उन पैसे की प्रति महीना 10 हजार रुपए किस्त बनाई गई थी और उन्होंने करीब 4 सालों तक वो किस्तें भरी है, लेकिन सेहत खराब और उसके इलाज में पैसे लग जाने के कारण वो कुछ समय तक किस्तों का भुगतान नहीं कर पाए, जिसकी वजह से अब उनके पास उन किस्तों को भरने के लिए 6 वर्ष का शेष समय होने के बावजूद भी बैंक ने उनके घर को सील कर दिया और उनसे 5.5 लाख रुपए की मांग करने लगे जो कि कहीं से भी जायज नहीं है। इतना ही नहीं बैंक ने पिछली सभी किस्तों की रसीद देने के लिए भी जबरन पीड़ित को कई घंटों तक बैंक में ही बिठाकर रखा और उससे जबरन एक लैटर भी लिखवाया जिस पर ये लिखा था कि, वो बैंक को 5 लाख रुपए 30 जून तक देंगी अगर वो ऐसा नहीं करतीं है तो उनके घर से सील नहीं हटाई जाएगी और उसे बेच दिया जाएगा। आस पड़ोस में रहने वाले लोगों का कहना था कि जब पीड़ित परिवार अपने घर पर नहीं था तो पीछे से कई बार उनके घर को खोलकर बैंक कर्मचारियों ने बेचने के इरादे से ग्राहकों को दिखाया है।

**8 लाख के कैसे बने 11 लाख रुपए**

पीड़ित ने बताया कि, उन्होंने 2.50 लाख रुपए बैंक को दे दिए है लेकिन अब बैंक मैनेजर उनसे ये कह रहा है कि उन्हें बैंक के लोन के साथ साथ ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, देरी की पेलेंटी, कोर्ट, वकील, थाने आदि सभी के खर्चे देने होंगे। ये सभी फीस और कर्ज की रकम मिलाकर बैंक मैनेजर ने कुल 11 लाख रुपए का बिल बनाया गया है जिसका किसी भी हालत में पीड़ित को भुगतान करना होगा, यदि उन्हें अपना घर बिकने से बचाना है तो।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
कार्यालयः
12/276 , संगम विहार
नई दिल्ली-62
फोनः
8888883968,
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पंचायत बेनीगंज में कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट चालू न होने से सड़क किनारे फेंका जा रहा कूड़ा, गन्दगी से गांव वालों का हुआ जीना हराम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना स्वच्छ भारत अभियान को नगर पंचायत बेनीगंज के जिम्मेदार लगातार पलीता लगाते दिखाई दे रहे है। इस नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा कस्बे का समस्त कूड़ा नई वस्ती उल्जा मार्ग पर डम्प किया जा रहा है। इस कारण इस सडक मार्ग पर पूरी तरह गन्दगी का साम्राज्य जैसा स्थापित हो गया है। कूड़े के ढेर से उठती गन्दगी से नई वस्ती के निवासियों के साथ सड़क से निकलने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया है, जबकि कूडा डम्पिंग के लिये लाखों रुपयों की लागत से कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट प्रतापपुर गांव के किनारे बनाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रोसेसिंग प्लांट नगर पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते पूर्ण नही हो सका है। इस कारण उसका संचालन नहीं किया जा रहा है।इस सन्दर्भ में जब नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कूड़ा डम्पिंग ग्राउंड पूरी तरह तैयार है। इसका संचालन जून माह मे ही करा दिया जाएगा। इसमे सबसे मजे की बात तो यह है कि कूड़ा प्रोसेसिंग प्लांट यदि तैयार है तो संचालन किस कारण से नहीं हो सका जबकि जून माह में अब कहने को दिन बचे है। ऐसे में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी का बयान बड़ा ही हास्यास्पद प्रतीत होता है।

### उदयपुर में लगी धारा 144, अजमेर पुलिस ने निकाला मार्च, लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

मंगलवार को उदयपुर में कथित हत्यारों द्वारा की गई एक टेलर की नृशंस हत्या के बाद पूरे प्रदेश भर में मुख्य सचिव के आदेश पर धारा 144 लागू कर दी गई। वहीं 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया। प्रदेशभर की पुलिस को अलर्ट रहने के दिए गए निर्देश की पालना करते हुए अजमेर जिला पुलिस ने बुधवार को सर्किल वाइज रूट मार्च निकालकर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सीओ नॉर्थ छवि शर्मा के नेतृत्व में निकाले गए रूट मार्च में अजमेर उत्तर के समस्त थाना प्रभारी और पुलिस का जाब्ता अलग-अलग मार्गों से रूट मार्च करता हुआ निकला और लोगों से सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने की अपील की। छवि शर्मा ने बताया कि सभी लोगों से अपील की जाती है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की पोस्ट को शेयर ना करें जो कि सौहार्द बिगाड़ने वाली हो। ऐसे लोगों पर कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। अजमेर जिले में निषेधाज्ञ लागू है ऐसे में संपूर्ण क्षेत्र में शोभा यात्रा, प्रदर्शन, सार्वजनिक कार्यक्रम, जुलूस, रैली के आयोजन प्रतिबंधित रहेंगे। रूट मार्च के दौरान सीओ छवी शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी डॉ रविश सामरिया, सतेंद्र नेगी, अरविंद चारण आदि पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### भीम थाने में ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल पर हुआ धारदार हथियार से वार

अजमेर: भीम थाने पर इ्यूटी दे रहे कॉन्स्टेबल का किसी धारदार हथियार से गला कटने की सूचना पर जिला व पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और घायल कांस्टेबल को ब्यावर के राजकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार दिलाकर हालत नाजुक होने के चलते ब्यावर से ग्रीन कोरिडोर बनाकर उसे अजमेर के जेएलएन अस्पताल लाया गया, जहां पहले से मुस्तैद चिकित्सकों की टीम ने आईसीयू में ले जाकर उसका उपचार शुरू कर दिया। जिला कलेक्टर अंशदीप और पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा भी अपने लवाजमें के साथ अस्पताल में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि अभी कॉन्स्टेबल की जान बचाना पहला कर्तव्य है उस पर ही ध्यान दिया जा रहा है। घटना कैसे घटी इसकी जानकारी ली जाएगी और कार्रवाई भी की जाएगी। फिलहाल कॉन्स्टेबल की नाजुक हालत को देखते हुए उनका उपचार आवश्यक है, इसीलिए उन्हें ब्यावर से अजमेर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तत्काल अस्पताल लाया गया। इस दौरान जेएलएन अस्पताल पूरी तरह से पुलिस छावनी बना रहा।

# महीनों बाद खुला हत्या का राज़, पति संग मिलकर प्रेमी को दी दर्दनाक मौत

एनसीआर समाचार

आगरा के बाह में जैतपुर पुलिस ने दो महीने पहले लापता गजाधर नगर निवासी नरायन सिंह की मृत्यु का खुलासा करते हुए सिविल लाइन इटावा के निवासी सीमा के पति चन्तई को गिरफ्तार कर के जेल भेजा था। बृहस्पतिवार को सीमा और उसके भाई को पुलिस ने नहटौली तिराहे से पकड़ लिया। उनसे मोबाइल फोन ले लिया गया है। सीमा ने पुलिस को बताया की उसे नारायन सिंह के मारे जाने का पछतावा है। पति के कहने पर ही उसे बुलाया था। गजाधर नगर निवासी नरायन सिंह 28 अप्रैल को जैतपुर वैदपुरा गांव में ओम प्रकाश के यहां हलवाई का काम करने गए थे। उसके बाद घर नहीं लौटे तो 19 जून को पत्नी रूमा देवी ने जैतपुर थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 28 जून को देवर धर्मेंद्र के साथ थाने पहुंची रूमा देवी ने सिविल लाइन



इटावा के लोहन्ना निवासी सीमा पत्नी चन्तई पर पति की हत्या का शक जताया था। इसके बाद पुलिस ने चन्तई को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। चन्तई ने पुलिस को बताया था कि उसकी पत्नी सीमा और नारायन सिंह के बीच गैर संबंध थे। समझाने पर भी वह नहीं माना तो उसने पत्नी सीमा और उसके भाई निवासी मनफूलपुरा के साथ मिलकर नरायन की गला दबाकर हत्या कर दी। प्लास्टिक के बोरे में शव को बांध कर लॉयन सफारी इटावा के सामने ग्वालियर बाईपास की पुलिया के नाले में फेंक दिया था। चन्तई की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सीमा और उसके भाई को जैतपुर के नहटौली तिराहे से पकड़ लिया। पकड़े जाने पर सीमा ने नरायन से गैर संबंध होने की बात स्वीकारी और बतया की पति के कहने पर ही उसने प्रेमी को घर पर बुलाया था। पुलिस गिरफ्त में आई सीमा ने बताया कि, बीमारी के इलाज के समय नरायन सिंह ने खूब मदद की। उसकी मदद और अपनेपन की वजह से प्यार हो गया था। हम दोनों एक दूसरे को छोड़ना नहीं चाहते थे। चन्तई ने उसे विश्वास में लेकर बीच का रास्ता निकालने का झांसा दिया था। उसकी बातों में आकर फोन कॉल कर नरायन को बुलवा लिया था। नरायन की मौत में सीमा का हाथ होने से इंकार किया और कहा कि मारे जाने का संकेत होता तो नहीं बुलाती। उसकी मौत का भागीदार बनने का जिंदगी भर पछतावा रहेगा।

चन्तई की गिरफ्तारी के बाद सीमा अपने भाई के साथ ससुराल से मायके के लिए निकली थी। भाई के पास नरायन सिंह का मोबाइल फोन था। जैतपुर पुलिस मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस करने के साथ ही उनका पीछा कर रही थी। इटावा से नहटौली तिराहे पर पहुंचने के बाद मनफूलपुरा जाने के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया।

## हड़ताल पर बैठे जिला परिषद कर्मियों को मिला देशराज मोदगिल का साथ, सरकार से मांगें मानने का आग्रह

एनसीआर समाचार

जिला परिषद कैडर के अधिकारी और कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन कलम छोड़ो हड़ताल शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रही। इस दौरान ब्लॉक बंगाणा के सभी जिला परिषद कैडर कर्मचारी और अधिकारी काम छोड़कर हड़ताल पर बैठे रहे। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनका पंचायतीराज या ग्रामीण विकास विभाग में विलय नहीं किया जाएगा, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। उधर, हड़ताल पर बैठे इन अधिकारी और कर्मचारियों की मांगों को प्रदेश कांग्रेस सचिव देश राज मोदगिल ने भी हड़ताल स्थल पर पहुंचकर जायज बताया। मोदगिल ने कहा कि हड़ताल पर बैठे जिला परिषद कैडर अधिकारी व कर्मचारियों की मांगों का कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि 22 साल से सरकारी कर्मचारी घोषित करने और विभाग में विलय की मांग को लेकर ये कर्मी मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद सरकार की ओर से इनकी मांग पर कोई जवाब नहीं आया है। सरकार इनकी मांगों को जायज भी बता रही है परंतु टालमटोल की नीति अपना रही है।मोदगिल ने कहा कि ये लोग पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों में रीढ़ का काम करते हैं। इनके हड़ताल पर जाने से पंचायतों में होने वाले विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प होकर रह गये हैं। इस स्थिति में प्रदेश के साथ-साथ जनता का भी नुक्सान हो रहा है, और ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों का समर्थन करते हुए सरकार से मांग की है कि इन कर्मचारियों का विभाग में विलय किया जाए और सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए। यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो कांग्रेस इनके समर्थन में सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। मोदगिल ने कहा आगामी चुनावों में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बननी निश्चित है।

## औरंगाबाद नाम परिवर्तन के कारण असदुद्दीन ओवैसी ने उद्धव ठाकरे की करी खिंचाई

एनसीआर समाचार

असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने औरंगाबाद का नाम बदलने पर उद्धव ठाकरे ने सरकार के फैसले की समालोचना करी है। इस बार पार्टी ने यह कहा कि शिवसेना नेता ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि उन्होंने सत्ता को खो दिया था। उन्होंने इस फैसले को एक सस्ती राजनीति का एक बड़ा सा उदाहरण कहा है।औरंगाबाद से AIMIM सांसद इम्तियाज जलील ने यह बताया कि, जब उन्होंने सत्ता को खो दिया था। तब उन्होंने यह फैसला ले लिया था कि मैं उद्धव जी को यह बताना चाहता हूं कि इतिहास को बदला नहीं जा सकता है भले ही नाम बदल जाए। इस बार आप एक महान उदाहरण स्थापित करने जा रहे हैं सस्ती राजनीति को आम जनता ही ते कर सकती हैं कि औरंगाबाद का इस बार कौन सा नाम होना चाहिए। औरंगाबाद से एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील ने कहा, जैसे ही उन्होंने सत्ता खोना शुरू किया, उन्होंने यह फैसला लिया मैं उद्धव जी को बताना चाहता हूं कि इतिहास बदला नहीं जा सकता, नाम बदल सकते हैं। आप एक महान उदाहरण स्थापित कर रहे हैं। सस्ती राजनीति का। केवल लोग ही तय कर सकते हैं कि औरंगाबाद का कौन सा नाम रहेगा। उद्धव ठाकरे ने बुधवार रात को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# मूसलाधार बारिश ने दी हरियाणा वासियों को राहत

एनसीआर समाचार

पानीपत में बीते दिनों से चल रही तपती धूप और गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहा है। पिछले दिनों में मौसम बेहद गर्म रहा है। जहां गर्मी में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से 45-डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं गर्मी का असर बाजारों पर भी बेहद रहा है। लोग इस तपती और बेरहम गर्मी से बचने के लिए घरों से नहीं निकल पा रहे थे और ना ही अपने कामकाज पर एकाग्रता कर पा रहे थे। इसी के चलते हुए आज रात भर से चल रही बारिश से लोगों को बहुत ही ज्यादा राहत मिली है। रात भर से चल रही ठंडी हवाओं और बारिश से मौसम के तापमान में गिरावट आई है। तापमान 47- डिग्री सेल्सियस से 30- डिग्री



सेल्सियस हो गया है। इसी के चलते लोगों ने बहुत ही राहत की सांस ली है और आज मौसम बेहद सुहावना हो गया है।

कपिल शर्मा करेंगे कन्हैया लाल के परिवार की आर्थिक मदद, राजस्थान में एक महीने के लिए धारा 144 लागू

बीजेपी नेता कपिला मिश्रा ने घोषणा कि वे उदयपुर हिंसा में मारे गए कन्हैया लाल के परिवार को एक करोड़ रूपए की आर्थिक मदद करेंगे। यह पैसे क्राउड फंडिंग के जरिये समाज के लोगो ने इकट्ठे किये है। कन्हैया लाल को बचाने की कोशिश में घायल हुए ईश्वर सिंह के परिवार को भी 25 लाख रूपए की मदद की जायगी। कपिल मिश्रा अपने साथियो साथ जाकर कन्हैया लाल के परिवार को पैसे सौपेंगे। कन्हैया लाल ने ट्वीट कर लिखा है कि उन्हें यह देखकर सुखद अनुभूति है की पूरा हिंन्दू समाज कन्हैया लाल के परिवार के साथ खड़ा है। गौरतलब है की नूपुर शर्मा के समर्थक के कारण मारे गए कन्हैया लाल की हत्या के बाद उदयपुर में तनाव क माहौल है। लोग सड़क पर उतरकर पथरबजी कर रहे है। पुलिस ने इस मामले में शामिल दो लोगो को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा करवाई करते हुए धानमंडी थाने सहायक उप निरक्षक भंवर लाल को मंगलवार को दर्जी कन्हैया लाल की हत्या के बाद लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उदयपुर की घटना के बाद पुरे राजस्थान में इंटरनेट सेवा बंद है। अगले 24 घंटो तक नेटबंदी के आदेश दिए गए है। इसक आलावा प्रदेश के सभी जिलों में एक महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी गयी हैं। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने मंगलवार को शाम बैठक कर सभी सभंगीय आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों और जिला अधिकारियो को देशभर में सतर्कता और चौकसी बरतने के आदेश दिए है।

# पंचायत चुनाव दो चरणों में कराने की तैयारी, पहले में सरपंच-पंच और दूसरे चरण में चुने जाएंगे जिला परिषद और बीडीसी

सतीश शर्मा/ एन सी आर समाचार

पंचायत चुनाव में महिलाओं को 6228 ग्राम पंचायतों में से 50 फीसदी पर आरक्षण मिलेगा। सम नंबर 2-4-6 के हिसाब से महिलाओं के लिए वार्ड आरक्षित होंगे, पुरुषों के लिए 1-3-5 विषम नंबर के तहत वार्ड आरक्षित किए जाएंगे। हरियाणा में पंचायत चुनाव दो चरणों में कराने की तैयारी चल रही है। पहले चरण में सरपंच और पंच के लिए मतदान होगा। दूसरे चरण में जिला परिषद और बीडीसी सदस्यों के लिए वोट डाले जाएंगे। राज्य चुनाव आयोग चुनाव के लिए पूरे प्रदेश से डाटा एकत्रित करने में जुटा हुआ है। महिलाओं और एससी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण का प्रावधान रहेगा, बीसी-ए श्रेणी को बिना आरक्षण दिए चुनाव होंगे। पंचायत चुनाव प्रदेश का सबसे बड़ा चुनाव होता है। इसे संपन्न कराने के लिए हजारों कर्मियों की तैनाती होती है। मतदाताओं को एक साथ जिला परिषद, बीडीसी, सरपंच, उप सरपंच और पंच के लिए वोट डालने होते हैं। ऐसे में मतदाता कई बार कंफ्यूज हो जाता है। हजारों की संख्या में कर्मचारियों की तैनाती व मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए सरकार और आयोग दो चरण में चुनाव करवाने पर विचार कर रहे हैं। इस पर अंतिम निर्णय 22 जुलाई के बाद होगा। चूंकि, पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन इस तिथि को होना है। इसके 20 दिन बाद आयोग चुनाव की अधिसूचना जारी कर सकता है। दो चरण में चुनाव की स्थिति में पहला चरण अगस्त-सितंबर और दूसरा चरण नवंबर-दिसंबर में संभव है। बीसी-ए आरक्षण इसलिए संभव नहीं है, चूंकि इसके लिए ट्रिपल टेस्ट जरूरी है। यह टेस्ट कराने में छह महीने से अधिक का समय लग सकता है। इसमें पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन, पिछड़ेपन का विस्तृत डाटा, पिछड़ी जातियों की कुल आबादी में अनुपात और समानुपातिक प्रतिनिधित्व आधार इत्यादि चीजें शामिल हैं।

पंचायत चुनाव में महिलाओं को 6228 ग्राम पंचायतों में से 50 फीसदी पर आरक्षण मिलेगा। सम नंबर 2-4-6 के हिसाब से महिलाओं के लिए वार्ड आरक्षित होंगे, पुरुषों के लिए 1-3-5 विषम नंबर के तहत वार्ड आरक्षित किए जाएंगे। करनाल जिले की कालरम पंचायत को मुनक से घरौंडा खंड में शामिल किया गया है। हिसार में बास नगरपालिका भंग की है। यहां चार नई पंचायतों का गठन होगा। कुरुक्षेत्र के पिपली में एक पंचायत को नगरपालिका में शामिल किया गया है, यह पंचायत खत्म की जाएगी।

## बेखौफ डकैतो ने इंडियन बैंक बोकारो शाखा से लूटे 50 लाख रुपये

एनसीआर समाचार



झारखंड बोकारो शहर के इंडियन बैंक की गुरुद्वारा शाखा से डकैतों ने दिनदहाड़े करीब ₹50 लाख रुपए लूट कर हुए फरार। NH23 चास थाना अंतर्गत यह बैंक कार्यरत था। वारदात को अंजाम देने के लिए तीन बाइक सवार छह की संख्या मेंआकर पूरे बैंक को हथियार के बल पर अपने कब्जे में ले लिया और बैक के सभी कर्मचारियों को शौचालय में बंद कर दिया, करीब आधे घंटे के बाद कैश रूम से लुटपाट करने बाद रुपए लेकर अपराधी आराम से चलते बने, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत दल बल के साथ घटनास्थल में पहुंच गई, एसपी बोकारो चंदन झा का कहना है कि सीसीटीवी का डीवीआर की फुटेज से डकैतों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक लूट करीब39 लाख रुपए के करीब हुई है। जांच के बाद अधिकारिक पुष्टि की जाएगी, की कितनी राशि की लूट हुई है।

## मोहम्मद जुबैर की गिरफ़्तारी पर बोले राहुल गाँधी, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दिया करारा जबाब

एनसीआर समाचार

दिल्ली पुलिस द्वारा पत्रकार और प्रमुख फैक्ट-चेकिंग प्लेटफॉर्म ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को सोमवार शाम को गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद उनकी तस्वीर को सोशल मीडिया पर अपलोड करा था। उसके बाद इस तस्वीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हंगामा मच दिया। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस बारे में कहा कि जो कोई भी भाजपा की ₹घृणा कट्टरता और झूठ₹ को उजागर करता है, वह उनके लिए खतरा है। भाजपा की नफरत, कट्टरता और झूठ को उजागर करने वाले हर व्यक्ति यह एक खतरा है। एक सत्य व्यक्ति की एक आवाज को गिरफ्तार करने से केवल यही होगा की एक हजार सत्य व्यक्ति और पैदा हो जाएगा। इस बात



को ध्यान रखना की सत्य हमेशा अत्याचार पर भारी पड़ता है, "गांधी ने ट्विटर पर एक समाचार रिपोर्ट साझा करते हुए लिखा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जो सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों में से थे। उन्होंने ने कहा है की भारत की कुछ तथ्य-जांच सेवाएं है। विशेष रूप से ऑल्ट न्यूज़, हमारे सत्य-पश्चात राजनीतिक वातावरण में एक महत्वपूर्ण सेवा करती हैं, जो गलत सूचनाओं से भरी हुई है। वे झूठ का पर्दाफाश करते हैं, जो कोई भी अन्य अपराध करता है।

# दिल्ली में एक लाख महिलाओं को सदस्य बनाने के संकल्प के साथ हिन्दू महिला सभा का गठन आरम्भ

एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेश में अखिल भारत हिन्दू महासभा की महिला इकाई हिन्दू महिला सभा दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी का गठन आरम्भ हो चुका है। कार्यकारिणी के गठन का सूत्रपात नारी समाज को हिन्दू राजनीति से जोड़ने के संकल्प के साथ आरम्भ हुआ है। हिन्दू महासभा केंद्रीय नेतृत्व ने दिल्ली की चांदनी चौक निवासी जानी मानी समाज सेविका एवं हिंदूवादी नेता श्रीमती विमलेश तंवर को दिल्ली प्रदेश प्रभारी पद पर नियुक्त किया है। विमलेश तंवर ने अपना उत्तरदायित्व हिन्दू महासभा के शीर्ष नेता रविन्द्र कुमार द्विवेदी और राष्ट्रीय प्रवक्ता महा मंडलेश्वर साध्वी सविता जी से फ़ोनवार्ता में मार्गदर्शन प्राप्त करने के साथ ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि वो दिल्ली की महिलाओं को हिन्दू महासभा की विचारधारा और नीतियों से अवगत करवाते हुए उन्हें एकता की माला में पिरोने के लिए पूरी दिल्ली में सदस्यता अभियान आरम्भ करेंगी। उनके लक्ष्य दिल्ली में 70 महिला जिला प्रभारियों की नियुक्ति कर उन्हें दिल्ली की राजनीति की मुख्यधारा में शामिल करना है। दूसरी तरफ हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजेंदर सिंह,



राजू पार्चा, ने महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, की अनुशंसा पर साउथ वेस्ट दिल्ली पालम गाँव निवासी कल्पना अग्रवाल को महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष और चांदनी चौक निवासी आशा सिंह राजपूत, को प्रदेश महामंत्री पद पर मनोनीत करते हुए दोनों पदाधिकारियों को एक माह के अंदर 40 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करने और दो माह के अंदर सभी 70 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। कल्पना अग्रवाल ने हिन्दू महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर गीता रानी के नेतृत्व, दिल्ली प्रदेश संयोजक कमल जैन, प्रदेश अध्यक्ष विजेंदर सिंह राजू पार्चा और हिन्दू महिला सभा की राष्ट्रीय मन्त्री बॉबी वर्मा के मार्गदर्शन में दिल्ली की महिलाओं का एक सशक्त संगठन तैयार करने का एलान किया किया। उन्होंने छह माह के अंदर एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री आशा सिंह राजपूत ने कहा कि वो राजनीतिक रूप से सक्रिय महिलाओं को जिलाध्यक्ष नियुक्त कर उनके लिए दो हजार महिलाओं को सदस्य बनने का लक्ष्य निर्धारित करेंगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में महिला मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध होगी। हिन्दू महासभा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र स्वामी ने आज जारी बयान में बताया कि राजनीतिक रूप से महिलाओं का सशक्तिकरण देश की राजनीति के लिए वरदान सिद्ध होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विकास के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए की राशि निकाल कर खुद का विकास कर लिया

मध्य प्रदेश के जिला मुरैना में जहां सरपंच और सचिव ने मिलकर विकास के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए की राशि निकाल कर खुद का विकास कर लिया है मुरैना जिले की जनपद पंचायत पोरसा ग्राम पंचायत के चौल सड़कों की हालत वीडियो के माध्यम से देखा जा सकता है। सत्या सरपंच और सचिव ने लाखों रुपए करोड़ों विकास के नाम से सरकारी योजना से तो निकाल दिए हैं लेकिन सड़कों का विकास करते करते खुद का विकास कर लिया है। अधिकारी इसकी जांच करें तो कई और भी विकास के नाम पर निकाली गई राशि के मामले सामने आ सकते हैं। विधायक भी पंचायत में ध्यान नहीं देते हैं। ना तो कोई विधायक आता है ना कोई मंत्री यहां के ग्रामीणों के लोग बहुत परेशान रहते हैं और ना ही कोई सुनवाई होती है ग्रामीणों के हालात बहुत ज्यादा बिगड़ी हुई है इसकी ना कोई कर्मचारी ना कोई अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रही है इसलिए यहां के ग्रामीण लोग परेशान रहते हैं।

### किशोरी का अपहरण व दुष्कर्म करनें के आरोप में आठ साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने किया फैसला, 10 साल का हुआ कारावास

उत्तर प्रदेश फर्रुखाबाद में किशोरी का अपहरण करनें के आरोप में बीते लगभग आठ साल पूर्व एफआईआर दर्ज हुई थी न्यायालय नें इस मामले में अभियुक्त को दोषी करार देकर 10 साल का कारावास और 40 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। कोतवाली मोहम्मदाबाद में 24 फरवरी 2014 को एक मुकदमा धमकी, अपहरण व दुष्कर्म के मामले में दर्ज कराया गया था जिसमें चार की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जाँच अधिकारी ने विवेचना के दौरान आरोपी दीपू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल लिया जिसके बाद लगभग आठ साल चली सुनवाई के बाद अब जाकर दोसियो को सजा मिली गुरुवार को अपर जिला सत्र न्यायाचीय प्रेमशंकर ने अभियुक्त दोसी दीपू को 10 साल की कैद व 40 हजार रूपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है।

### कर्मचारी संघ द्वारा डॉक्टरों का अभिनंदन कर डॉ डे मनाया गया

मध्य प्रदेश इंदौर में डॉ डे के अवसर पर महाराजा यशवन्तराव चिकित्सालय में चिकित्सको का पुष्प मालाओं से अभिनंदन कर मनाया गया। एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ संजय दीक्षित, एम वॉय अस्पताल के अधीक्षक डॉ.पी.एस ठाकुर, सुपर स्पेशिलिटी के अधीक्षक डॉ सुमीत शुक्ला सहित डॉ ब्रजेश लाहोटी, अरविंद शुक्ला, डॉ वी एस भाटिया, डॉ के के अरोरा, डॉ देवेंद्र झवर, डॉ अशोक यादव, डॉ जामरा, डॉ अतुल शेंडे, डॉ वर्षा धाकड़, डॉ अशोक लड्डा, डॉ सुदर्शन ओड़िया डॉ फरीद, डॉ सचिन वर्मा, डॉ किरण भलावी, डॉ आकांक्षा तनवानी सहित उपस्तिथ चिकित्सको का पुष्प माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजकुमार पाण्डेय, रणजीत सिलावट, नंदकिशोर पांचाल, दयाराम सोमेश, आलोक पांजरे, मनोज नानु, शिव मालवीय, आदित्य भदौरिया, कैलाश असावरा, राम कोटियानी सहित अनेक कर्मचारी उपस्थत थे।

### मध्य प्रदेश जिला मुरैना में आधार केंद्र व सरकारी अस्पताल पर गरीबों से ऐंठे जा रहे मनमाने पैसे

मध्य प्रदेश जिला मुरैना तहसील पोरसा के आधार केंद्र व सरकारी अस्पताल में लोगों से 100, 200 लिए जा रहे है। वहां पर जैसा कस्टमर मिल जाता है उससे वैसे ही पैसे लिए जाते है यहां इस तरह बहुत ज्यादा घोटाले कर लाखों रुपए की कमाई की जा रही हैं। गरीबों और किसानों की सरकार कोई सुनवाई नहीं करती है। कई बार शिकायत दर्ज कराई गई है फिर भी आजतक आधार केंद्र और सरकारी अस्पतालों में काम करने वालों में कोई बदलाव नहीं आया। वे सभी ग्राहक की मज़बूरी देखते है और उसी का फायदा उठाते हुए पैसों की मांग करते है। यहां तक कि कई बार इन सब घटनाओं की वीडियो बनाकर तहसीलदार को दिखाई गई है फिर भी आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरकारी काम करने वाले सभी व्यक्ति लगातार लोगों को लूट रहे है। उन्हें इस बात से जरा भी फर्क नहीं पड़ता कि किसकी क्या मज़बूरी है, पैसे है या नहीं, उन्हें बस पैसे ऐठने से मतलब है और कुछ नहीं।

### गाँव गुडियानी में श्याम शक्ति मंदिर में शनिदेव की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन

हरियाणा गुडियानी में शानिदेव न्याय के देवता एवं कर्मफल दाता है तथा कलयुग के अवतारी है। उक्त कथन कार्यक्रम के मुख्यातिथि युवा समाजसेवी विजय गुडियानी ने व्यक्त किये, वे शुक्रवार को गाँव गुडियानी में श्याम शक्ति मंदिर में शनिदेव की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में भक्तों को संबोधित कर रहे है। उन्होंने कहा कि यम, यमुना और शनि सूर्यदेव की तीन संतान हैं। समाजसेवी ने कहा कि शनिदेव मित्र भी हैं और शत्रु भी उन्हें मारक, अशुभ और दु:खकारक माना जाता है तो वे मोक्ष प्रदाता भी हैं। विजय ने कहा कि जो लोग अनुचित व्यवहार करते हैं शनिदेव उन्हें दंड देते हैं। युवा नेता ने कहा कि शनि का न्याय पूरे संसार में प्रसिद्ध है। राजा हरिश्चंद्र को अगर शनि का दंड भुगतना पड़ा तो उसके पीछे कारण हरिश्चंद्र का दान देने का गर्व था। उन्हें शनि के बुरे प्रभाव के कारण बाजार में बिकना पड़ा और श्मशान में चौकीदार तक बनना पड़ा राजा नल और दमयन्ती को भी शनि के प्रभाव के कारण ही अपने पापों के दंड स्वरूप जगह-जगह भटकना पड़ा था। विजय गुडियानी ने कहा कि शनिदेव की मूर्ति स्थापित करने से भक्तों में भक्ति भावना जाग्रत होती है तथा शनिदेव भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। समाज सेवी ने कहा कि भारत देवी-देवताओं का देश हैं तथा इसमें शनिदेव, भगवान राम, श्रीकृष्ण, बजरंग बली तथा, माँ शेरावाली का वास है। उन्होंने कहा कि गाँव गुडियानी के लोगों ने मंदिर में शानिदेव मूर्ति स्थापित करके एक धार्मिक कार्य किया है तथा न्याय प्रिय देवता का वास होने से गाँव में सुख-शांति रहती है। 101 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा : ग्राम गुडियानी में स्थित श्याम शक्ति मंदिर से लेकर पूरे गाँव में 101 महिलाओं ने डी.जे. साउंड की धुन पर कलश यात्रा निकाली। शनिदेव मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में पहले दिन शनिदेव की मूर्ति को दूध, दूसरे दिन फल, तीसरे दिन अनाज में रखकर प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। शनिवार को गाँव गुडियानी में श्याम शक्ति मंदिर के पुजारी बदलूराम की अगुवाई में मंदिर में भगवान शनिदेव की मूर्ति स्थापना की गई। पुजारी बदलूराम एवं पवन वशिष्ट ने विधिवत रूप से हवन पूजन किया। यजमान बल्ला यादव ने अपनी पत्नी सुधा के साथ हवन मे हिस्सा लिया। पुजारी ने कहा कि समाज सेवी विजय गुडियानी ने शनिदेव की मूर्ति मंदिर में भेटं करके एक धार्मिक कार्य किया है जिसके लिए वे बधाई के पात्र है।

# रथयात्रा में लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लिया

एनसीआर समाचार

1 जुलाई से प्रारम्भ हुए द्वादश दिवस की महापावन रथयात्रा के शुभ अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर स्वयं को धन्य महसूस किया और रथयात्रा को महिमा मंडित किया। रथयात्रा के पहले दिन गुंडिचा यात्रा है। इस दिन भगवान श्री जगन्नाथ अपने भाई और बहन को साथ में लेकर गुंडिचा मंदिर यात्रा करते हैं। पिछले साल रथयात्रा में कोरोना और लाकडाऊन की वजह से श्रद्धालुओं को पुरी आने पर पाबंदी लागू हुई थी।

स्थानीय निवासी भी रथयात्रा दर्शन करने से महरुम थे सब श्रद्धालुओं ने इस कारणवश दुखी थे। अबकी बार उनके दुःख दूर हुआ। भक्तों के दिल की ब्यथा को समझकर श्री जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम बहन सुभद्रा जी और आयुध श्री सुदर्शन समेत चतुर्धामुर्त्ती के रुप लेकर भक्तसमुदाय में अवतरित हुए हैं। श्रद्धालुओं ने इस कारणवश काफी उत्साहित हैं। आषाढ़




शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि में इस महोत्सव के दौरान विशाल रथों पर चतुर्धामुर्त्ति बिग्रहों के यात्रा पुर्ब निर्धारित समय पर हुआ है। मंदिर प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुबह 6 बजे मंगल आरती, 7 बजे से 7.30 तक अबकाश,8.00 से 9.00, तक बेश, 9.00 बजे गोपाल बल्लभ और सुबह के धुप,दिबा 9.15, पर रथ प्रतिष्ठा, 9.30 से 12.30, तक पहंडि बिजे 2.30 से 3.30 तक छेरापहंरा और अन्त में 4.00 बजे से रथटणा (श्रीमंदिर से गुंडिचा मंदिर की ओर रथों को खिंच कर लेना) सामिल था। सौभाग्य से सब कुछ ठीक तरह से संपन्न हुआ है। प्रायतः ऐसा होता है कि सभी रथों को गुंडिचा मंदिर तक पहुंचाया नहीं जा सकता है क्योंकि शास्त्रानुसार शाम होते ही रथ खिंचना बर्जित है। दुसरे दिन सुबह असंपुर्ण कार्य को संपुर्ण करके सभी रथों को गुंडिचा मंदिर में पहुंचाया जाता है, यह रीत है। भगवान जगन्नाथ के इच्छा से आज भी ऐसा हुआ है। श्री बलराम की तालध्वज, सुभद्रा जी के देवदलन और श्री जगन्नाथ की नन्दीघोष रथों के सुंदरता के साथ अपुर्ब साज-सज्जा समेत भक्तजनों के हरिवोल और संकीर्तन का ध्वनि से सम्पूर्ण पुरी आध्यात्म माहौल बनाया है। कहते हैं कि रथ पर बिराजमान श्री जगन्नाथ साक्षात भगवान बामन है। इन्हें दर्शन करने से मानव को पाप से मुक्ति मिलती है। इस बिश्वास को लेकर भक्तजन काफी तादाद में रथयात्रा देखने को आए हैं। रथयात्रा में कोई बिघ्न या बाधा न पहुंचे, राज्य सरकार इसलिए तत्पर है। खासकर कानून व्यवस्था को नजर में रखते हुए एक सौ अस्सी प्लाटुन पुलिस फोर्स समेत बहुत सारे पुलिस अधिकारी, एसपी, डिएसपी, ईनिसपेकटर, सव ईनिसपेक्टर, हाविलदार, कनेष्टवल और होमगार्डों को रथयात्रा में नियोजित किया गया है। साथ ही रापिड आक्सन फोर्स, गुइंदा विभाग और डगस्क्वाड आदि सजाग है।

## डीडी किसान चैनल के कृषि भवन स्थित स्टूडियो का केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया शुभारंभ

एनसीआर समाचार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के प्रयासों से कृषि भवन, नई दिल्ली में डीडी-किसान के स्टूडियो की स्थापना संपन्न हुई है। इसका शुभारंभ आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे व कैलाश चौधरी के साथ किया। इस अवसर पर तोमर ने कहा कि कृषि मंत्रालय का बहुत व्यापक क्षेत्र है और देश में किसानों की बड़ी संख्या है, जिन तक डीडी न्यूज व डीडी किसान चैनल के माध्म से अपनी बात आसानी से पहुंचाई जा सकती है, किसान टेक्नालाजी से जुड़ें, वर्तमान परिवेश को पहचानें, महंगी फसलों की ओर जाएं व मुनाफे की खेती करें, इस दृष्टि से सरकार व किसानों के बीच ये चैनल एक सेतु का काम करता है। वहीं तोमर ने कहा कि इस स्टूडियो की स्थापना से मंत्रालय की गतिविधियों, कार्यक्रमों व मिशन की अद्यतन जानकारी त्वरित गति से किसानों और अन्य हितधारकों तक पहुंचेगी। उन्होंने कृषि भवन में स्टूडियो खोलने के लिए दूरदर्शन व डीडी-किसान को धन्यवाद दिया। किसानों के समावेशी विकास के लिए एक नई पहल के रूप में प्रधानमंत्री मोदी ने 26 मई 2015 को किसानों के लिए डीडी किसान चैनल शुरू किया, जिसका उद्देश्य देश में कृषि और ग्रामीण समुदाय की सेवा करना तथा उन्हें शिक्षित कर समग्र विकास का वातावरण बनाने की दिशा में काम करना है। सरकार के प्रमुख ऐतिहासिक निर्णयों पर किसानों को सूचित करने और शिक्षित करने के लिए प्रासंगिक कार्यक्रम एवं पैनल चर्चा नियमित रूप से तैयार की गई है। पर्यावरण, कौशल विकास, क्षेत्र आधारित कार्यक्रमों के विषयों पर कुछ नए कार्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं।

## थाना हनुमानगंज पुलिस को मिली सफलता, वाहन चोर हुए गिरफ्तार 3 दो पहिया वाहन बरामद

एनसीआर समाचार




मध्य प्रदेश पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर संदेही जितेन्द्र माली उर्फ जीतू माली पिता संतोष माली उम्र- 28 साल, दीपक माली पिता भागचंद माली उम्र- 28 साल को संदिग्ध वाहन के पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ मे आरोपियो ने क्रमशः तीन दो पहिया वाहन चोरी करने की बात स्वीकारते हुए पुलिस चेकिंग के डर से एक वाहन लावारिस हालत मे फेकना तथा दो वाहन बेचने हेतु सुरक्षित रखना स्वीकार किया। आरोपियो की निशादेही मे दो मो.सा. एवं एक एक्टिवा वाहन कीमत 1,50,000 रूपये के वाहन बरामद किये गये है। आरोपी भीड भाड वाले क्षेत्रो मे जाकर खुले स्थान मे खडे वाहनो की सूक्ष्मता से निगरानी रखते हुए चोरी किये जाने हेतु चिन्हित वाहन मे बैठते थे एवं कुछ क्षण वाहन को लेने के लिए आने जाने वाले व्यक्ति को देखते थे उसके बाद वाहन मे बैठे-2 लाँक तोडकर वाहन चोरी कर लिया करते थे।

## कन्हैया लाल का बलिदान हिन्दू समाज को जेहाद मुक्त भारत निर्माण के लिए प्रेरित करेगा: हिन्दू महासभा

एनसीआर समाचार

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की जेहादियों द्वारा नृशंस हत्या की कड़ी निंदा की है । महासभा के शीर्ष नेता रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने इस हत्या को मानवता के नाम पर कलंक बताते हुए दोनों जेहादियों रियाज अख्तरी और गौस मोहम्मद को सरेआम चौराहे पर फांसी पर लटकाने की मांग की है। रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि जेहादियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या करने का वीडियो जारी कर देश को खुली चुनौती देने का दुस्साहस किया है। उन्होंने हत्यारे जेहादियों के तार भारत के शत्रु देशों से जुड़े होने की आशंका व्यक्त करते हुए भारत सरकार से जेहादियों के विरुद्ध कठोर कानून बनाने की मांग की है । रविन्द्र कुमार




द्विवेदी ने कहा कि जिस प्रकार चीन ने जेहादियों के खिलाफ कठोर नीति अपनाकर जेहादियों को उनके बिलों में दुबकने और त्राहिमाम करने पर विवश कर दिया है। उसी प्रकार भारत सरकार से चीन के समान कठोर नीति बनाकर भारत भूमि को जेहादियों से मुक्त करवाने पर विचार करना चाहिए । हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल ने राजस्थान में कांग्रेस शासन में कानून व्यवस्था की उड़ती धज्जियाँ पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस जेहादियों को संरक्षण देकर उनके हिन्दू विरोधी मंसूबों को परवान चढ़ा रही है। कांग्रेस शासन में राजस्थान हिन्दू विरोधी गतिविधियों का गढ़ बन चुका है। यदि इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कुछ वर्षों में ही राजस्थान भी कश्मीर के समान हिन्दू विहीन हो जाएगा । आज बयान में यह जानकारी देते हुए हिन्दू महासभा हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष नरेश सिंह ने राष्ट्रपति से राजस्थान सरकार को भंग कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उदयपुर की घटना को लेकर पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, ओडिसा सहित विभिन्न प्रदेश इकाइयों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुमित्र राय ने कहा कि राजस्थान में तालिबानी संस्कृति के बढ़ते प्रभुत्व और इस प्रभुत्व पर अंकुश लगाने में विफल राज्य सरकार के कारण हिंदुओं की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार तालिबानी संस्कृति को संरक्षण देकर राजस्थान को हिन्दू विहीन बनाने के षड्यंत्र में लिप्त है। विधानसभा चुनाव में हिन्दू मतदाता कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करके कन्हैया लाल की हत्या का बदला अवश्य लेगा। मुंबई ( महाराष्ट्र ) में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन उपाध्याय ने उदयपुर में कन्हैया लाल की नृशंस हत्या में विदेशी शक्तियों का हाथ होने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की धमकी को हल्के में लेना एक बड़ी भूल सिद्ध हो सकती है।

## डीआरडीओ द्वारा ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर की पहली सफल उड़ान का आयोजन

एजेंसी

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा ऑटोनॉमस फ्लाइंग विंग टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर की पहली उड़ान का आज वैमानिकी परीक्षण रेंज, चित्रदुर्ग, कर्नाटक से सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। पूरी तरह स्वायत्त मोड में संचालन करते हुए इस विमान ने एक आदर्श उड़ान का प्रदर्शन किया। जिसमें टेक-ऑफ, वे पॉइंट नेविगेशन और एक आसान टचडाउन शामिल रहे। यह उड़ान भविष्य के मानव रहित विमानों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को साबित करने के मामले में एक प्रमुख उपलब्धि है और यह सामरिक रक्षा



प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मानव रहित वायुयान को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है, जो डीआरडीओ की एक प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला है। यह एक छोटे टर्बोफैन इंजन द्वारा संचालित होता है। विमान के लिए उपयोग किए जाने वाले एयरफ्रेम, अंडर कैरिज और संपूर्ण उड़ान नियंत्रण और एवियोनिक्स सिस्टम स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को बधाई देते हुए कहा कि यह स्वायत्त विमानों की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है और इससे महत्वपूर्ण सैन्य प्रणालियों के रूप में 'आत्मनिर्भर भारत' का मार्ग भी प्रशस्त होगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी ने इस प्रणाली के डिजाइन, विकास और परीक्षण से जुड़ी टीमों के प्रयासों की सराहना की।

## अभिनेता मिनेक्राफ्ट स्टार्टर टेक्नोब्लेड को फैंस ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

अगले साल ही अगस्त में, लोकप्रिय मिनेक्राफ्ट सामग्री निर्माता और स्टार्टर टेक्नोब्लेड को कैंसर का पता चला था, फिर उसके बाद उन्होंने कुछ महीनों तक अपने चैनल पर वीडियो अपलोड करना बंद कर दिया था, फिर उन्होंने अगस्त में यह घोषणा की, कि उनके दाहिने कंधे पर ट्यूमर हो गया है और उसकी कीमोथेरेपी होने जा रही है। अभी हाल ही में 10 महीने तक इस बीमारी से लड़ने के बाद उनका 23 साल की छोटी उम्र में निधन हो गया। टेक्नोब्लैड के पिता ने ₹सो लॉन्ग नड्र्सर₹ नामक एक YouTube वीडियो अपलोड करके उनके निधन की घोषणा की है। इस वीडियो को आज रिलीज किया गया और अब तक इस वीडियो को लगभग सात मिलियन बार तक देखा जा चुका है। वीडियो में, टेक्नोब्लैड के पिता उसी ढंग से लिखते है। उस वीडियो में उन्होंने एक भावनात्मक पत्र को पढ़ते हुए कहा हैं कि, गेम की क्लिप पर वॉयस-ओवर के रूप में, ठीक वैसे ही जैसे YouTuber करता था। पत्र में, YouTuber ने इस बारे में बताया है कि वह अपने फैंस के साथ चैट करके यह बताना चाहता था की उनका असली नाम एलेक्स है, देव नहीं। टेक्नोब्लैड एक पत्र के जरिए अपने फैंस को संबोधित किया है। इसके अलावा, टेक्नोब्लैड ने अपने सभी ग्राहकों, चैनल के सदस्यों और उन लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है और उनके पिता ने बताया कि, कैसे टेक्नोब्लैड ने अपने फैंस से अपनी अंतिम वीडियो शूट करने की बात की है।

# कब है श्रावण मास की शिवरात्रि, क्या है पूजा का शुभ मुहूर्त

नमिता चौहान/ एनसीआर समाचार

शिव भक्तों के पावन और खास महीने की शुरुआत होने वाली है, इस सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों पर विशेष कृपा दृष्टि रखतें है।

**कब है सावन की शिवरात्रि ?**

सावन महीने की शिवरात्रि का शिव भक्तों में विशेष महत्व है। ये वो दिन है जब सभी शिव भक्त जो कांवड़ यात्रा में शामिल होते है शिव नाम और उनकी भक्ति में लीन रहते हैं उनके लिए बेहद खास होता है। इस शिवरात्रि का हिंदू धर्म में अधिक महत्व होता है। प्रति वर्ष सावन मास की शिवरात्रि कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को होती है, इस वर्ष सावन की शिवरात्रि 26 जुलाई को है। ये वो दिन है ये वो खास मुहूर्त है जब सभी कांवड़िया भगवान शिव का जलाभिषेक करते है और भगवान शिव के रूद्र अवतार की पूजा अर्चना करते है।

**सावन मास 2022 की शिवरात्रि पूजा का शुभ मुहूर्त**

इस वर्ष सावन मास की शिवरात्रि 26 जुलाई मंगलवार को है। वहीं पूजा का शुभ मुहूर्त मंगलवार शाम 6 बजकर 48 मिनट तक त्रयोदशी तिथि के खत्म होने के बाद का है, क्योंकि इस समय के बाद चतुर्दशी शुरू हो जाएगी और वो सबसे शुभ मुहूर्त होगा भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए यानि भगवान शिव की पूजा का सबसे उचित समय शाम 7:24 बजे से रात के 9:28 बजे तक रहेगा। इसके आलावा अगले दिन बुधवार को सूर्योदय से 2 घंटे 44 मिनट तक का समय पूजा के लिए




उचित बताया गया है।

**कब से कब तक है सावन के सोमवार**

श्रावण मास का पहला सोमवार जुलाई महीने के 18 तारीख को पड़ रहा है। उसके बाद दूसरा सोमवार 25 जुलाई, तीसरा सोमवार 1 अगस्त और चौथे सोमवार का व्रत 8 अगस्त को पड़ेगा। पूर्णिमा के अनुसरा सावन के सोमवार का व्रत रखने वाले भक्तों के लिए ये आखिरी सोमवार होगा। 11 अगस्त को सावन महीने का अंतिम दिन है, लेकिन संक्रांति के मुताबिक व्रत रखने वाले भक्तों के लिए सावन का अंतिम सोमवार 15 अगस्त को होगा।

**सावन की शिवरात्रि का क्या है महत्व**

हिन्दू धर्म में ऐसी मान्यता है कि सावन महीने में शिवरात्रि का व्रत रखने वाले सभी शिव भक्तों की मान्यता पूरी होती है। इस दिन व्रत रखने वालों का शिव कष्ट हर लेते हैं। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से दाम्पत्य जीवन भी सुखमय रहता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर सुहागन स्त्रियां इस दिन उपवास रखती है तोउनके पति की आयु लम्बी होती है और वहीं अगर कुवांरी लड़कियां इस दिन व्रत रखे तो उन्हें मन चाहा पति प्राप्त होता है।

**कैसे करें शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा**

सावन मास में भगवान शिव की पूजा करने का विशेष विधान है। वहीं अगर हम सावन मास की शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा आराधना की बात करें तो ऐसे खास अवसर पर भक्तों को भगवान शिव का जलाभिषेक गंगा जल से करना चाहिए साथ ही पूजा सामग्री में बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध, घी, शहद आदि से भगवान शिव और उनके रूद्र अवतार की पूजा करनी चाहिए इससे भगवान अधिक प्रसन्न होते है और मन चाहा फल देते है।

## संक्षिप्त समाचार

### सतनाली में नि:शुल्क वितरित होंगे कपड़े से बने बेग

हरियाणा में 1 जुलाई 2022 के आदेशानुसार प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग बैन होने के साथ ही एक छोटी सी पहल ग्रामीण सेवा ट्रस्ट सतनाली के सदस्यों ने भी इस मुहिम में योगदान देने के लिए प्रयास शुरू कर दिए है। ट्रस्ट से जुड़ी सतनाली निवासी सुमन टेलर ने संस्था से जुड़े विद्यार्थियों में कपड़े से बने बेग वितरण करने की इच्छा जाहिर की व कपड़े से बेग बनाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि माननीय जिला उपायुक्त सर श्री JK अभीर जी के मार्गदर्शन में हम पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने में पूरा सहयोग करेंगे।

### बिहार में हुई मौत पर CM नितीश कुमार ने की 4-4 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा

बिहार में लगातार हो रही बारिश के कारण वज्रपात से 5 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 3 नालंदा, 1 बांका और 1 मधुबनी का व्यक्ति बताया जा रहा है। बिहार में हुई इस घटना के बाद बिहार के मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार ने शोक जताया है और साथ ही मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा भी की है। बिहार सीएम ने ट्वीट कर कहा, "राज्य के 3 जिलों में पांच लोगों की मौत बेहद दुखदाई है, भगवान परिवार को हिम्मत और मरने वाले की आत्मा को शांति दे। सभी मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा। बिहार सीएम ने लोगों से अपील की, कि खराब मौसम में घरों से बाहर न निकले, सावधानी बरतें, मौसम विभाग द्वारा जारी की गई सूचनाओं पर ध्यान दें। आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों में बिहार राज्य में कई लोगों की जान जा चुकी है और उसकी एकमात्र वजह है वज्रपात। इस खराब मौसम और इसमें लगातार हो रहे वज्रपात से 16 लोगों की जान जा चुकी है। लगातार जो रही इन मौतों से सभी गहरे सदमें में है।

### अनूप शहर संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ

उत्तर प्रदेश के अनूप शहर संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। 25 शिकायतें आई 5 शिकायतें मौके पर निस्तारण हुइ तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का वीके गुप्ता उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजन हुआ सबसे अधिक शिकायतें विद्युत विभाग कि आई पुलिस विभाग नगर पालिका खंड विकास विभाग आदि विभागों की शिकायतें आई उधर ट्रीटमेंट प्लांट के कर्मचारियों ने 4 महीने से वेतन न मिलने की शिकायत उप जिलाधिकारी को अपना ज्ञापन देकर कराई उप जिलाधिकारी ने लेबर कोर्ट में शिकायत दर्ज कराने को कहा इस अवसर पर बाल इंदु भूषण तहसीलदार श्रीमती खुशबू सिंह नायब तहसीलदार संजय वर्मा अधिशासी अधिकारी मोकम सिंह खंड विकास अधिकारी एसडीओ विद्युत विभाग पूनम जादौन पुलिस सिटी इंचार्ज जहीराबाद आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### हरियाणा अटेली के गांव रामपुरा स्वर्गाश्रम में किया पौधारोपण

हरियाणा अटेली के गांव रामपुरा में गत दिवस पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी संस्था वाइब्रेंट रामपुरा फाउण्डेशन के संस्थापक सदस्य राजेश कुमार अभियंता बिजली बोर्ड ने अपने पिताजी स्वर्गीय रामनिवास क्षेत्र के प्रसिद्ध दर्जी व पूर्वजों की याद में गांव की शमशान भूमि में त्रिवेणी की स्थापना कर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। ज्ञातव्य रहे कि कुछ समय पूर्व ही गांव के युवाओं द्वारा वाइब्रेंट रामपुरा फाउण्डेशन नामक संस्था का गठन किया जो पर्यावरण, शिक्षा और युवाओं के लिए समर्पित है जिसके तहत युवा वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनरूप, राजेश कुमार, सुनील कुमार, मनीष कुमार, रिंकू आदि अन्य युवा और ग्रामीण मौजूद रहे।

### छिपी चेतावनी संकेत है कि लोग बूढ़ा होने के रूप में गलती करते हैं

उच्च कोलेस्ट्रॉल एक गुप्त शिकारी है क्योंकि यह उन्नत चेतावनी दिए बिना हमला करता है। एक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार उच्च कोलेस्ट्रॉल का एक स्पष्ट संकेत है कि लोग अक्सर बूढ़ा होने के लिए गलती करते हैं। कोलेस्ट्रॉल आंतरिक रूप से खराब नहीं है। इसके विपरीत आपके जिगर द्वारा निर्मित मोमी पदार्थ स्वस्थ कोशिका ऊतक के निर्माण खंडों में से एक बनाता है। हालांकि उच्च कोलेस्ट्रॉल का मतलब है कि आपके पास बहुत अधिक खराब प्रकार है और यह सभी प्रकार की जटिलताओं का कारण बन सकता है अधिकांश लोगों को उच्च कोलेस्ट्रॉल के लक्षणों का अनुभव नहीं होता है इसलिए शारीरिक शिकायतों और उच्च कोलेस्ट्रॉल के बीच बिंदुओं को जोड़ना आसान नहीं है। लगातार उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर धमनियों को बंद कर सकता है जो चरम पर रक्त की आपूर्ति करते हैं और यह लक्षण पैदा कर सकता है। परिधीय धमनी रोग (पीएडी) के रूप में जानी जाने वाली यह प्रक्रिया हल्के पैर दर्द का कारण बन सकती है जिसे "क्लॉडिकेशन" कहा जाता है।

### भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

राजस्थान के बूंदी जिला कलक्ट्रेट में 3 जून को मुस्लिम समुदाय ने नूपुर शर्मा के विवादित बयान देने के विरोध में जुलूस निकालकर आक्रोश व्यक्त किया था। तब मौलाना ने भड़काऊ भाषण दिया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। किशोरीलाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बूंदी जिला कलक्ट्रेट में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में भड़काऊ भाषण देने के आरोपी मौलाना मुफ्ती नदीम अख्तर और नूर मोहम्मद कादरी को कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर कर रहे प्रचार

हीमाचल प्रदेश के हमीरपुर में आम आदमी पार्टी का जन संवाद जोरों पर है। पंचायत में खुले आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर कर रहे हैं प्रचार। जनता बदलाव की ओर आम आदमी पार्टी का बढ़ रहा है। यह बात पार्टी के जिला अध्यक्ष धनी राम धीमान ने कही उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगी आम आदमी पार्टी हिमाचल में अपनी सरकार बनाएगी जिस से लोगों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# पटियाला हाउस कोर्ट ने जुबैर की जमानत याचिका की ख़ारिज

एनसीआर समाचार

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की जमानत याचिका खारिज कर दी और कथित आपत्तिजनक ट्वीट से जुड़े एक मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में दे दिया। जुबैर को चार दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद आज अदालत में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने उनकी न्यायिक हिरासत मांगी थी। अदालत में दलील पेश करते हुए मोहम्मद जुबैर की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा, ₹उल्लेखित ट्वीट हृषिकेश मुखर्जी की फिल्म 'किसी से ना कहना' का था, यह एक प्यारी कॉमेडी है और सेंसर बोर्ड द्वारा इसकी अनुमति दी गई थी ... उनका कहना है कि ट्वीट उत्तेजक और संवेदनशील है, लेकिन अभी भी इसे हटाने के लिए ट्विटर की तरफ से कोई निर्देश नहीं दिया गया है। ग्रोवर ने कहा, ₹मुझे प्राथमिकी के बारे में पता नहीं था और फोन को



समन नहीं किया गया था ... मेरे फोन को प्रारूपित करना अवैध नहीं है। यह हथियार और गोला-बारूद या दवा नहीं है ... मेरे फोन को प्रारूपित करना अवैध नहीं है ... मैं गंभीरता से लेता हूं कानूनी और संवैधानिक आपत्तियां।" दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाले अतुल श्रीवास्तव ने कहा, जमानत याचिका को खारिज करने की मांग की कि पाकिस्तान और सीरिया जैसे देशों से चंदा मिल रहा है और इसलिए मामला ₹सिर्फ एक साधारण ट्वीट का नहीं है। यह समय-बाधित का मामला नहीं है ... यह अभी भी एक निरंतर अपराध है, क्योंकि ट्वीट अभी भी है ... जब फिल्म रिलीज हुई थी, यह इंटरनेट का युग नहीं था। चंदा पाकिस्तान, सीरिया से है, इसलिए गंभीरता को देखते हुए, यह सिर्फ एक साधारण ट्वीट का मामला नहीं है...आरोपी है प्रावदा मीडिया निदेशक, उसने चालाकी से सब कुछ हटा दिया... ऐसी परिस्थितियों में, जमानत अर्जी खारिज कर दी जानी चाहिए... हटाना प्राथमिकी के बाद फोन से डेटा महत्वपूर्ण है।₹ एक कथित आपत्तिजनक ट्वीट से जुड़े एक मामले में शनिवार को 4 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद दिल्ली पुलिस ने ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की न्यायिक हिरासत की मांग की है। दिल्ली पुलिस ने मामले में आईपीसी की तीन नई धारा 201 (सबूत नष्ट करने के लिए - प्रारूपित फोन और हटाए गए ट्वीट), 120- (बी) (आपराधिक साजिश के लिए) और 35 विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 को जोड़ा है।

एक ट्विटर पोस्टिंग के आधार पर जुबैर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जुबैर को गिरफ्तार कर एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। जुबैर को गिरफ्तार कर लिया गया और एक ट्विटर पोस्टिंग के आधार पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया, जिसमें एक अन्य ट्विटर हैंडल ने कथित तौर पर हिंदू भावनाओं को आहत किया।

## दरगाह कमेटी का वर्ष 2022-23 का बजट हुआ पेश, स्वच्छता की रहेगी प्राथमिकता

एनसीआर समाचार



राजस्थान अजमेर महान सूफी संत हजरत ख्वाजा ग़रीब नवाज़ रह की प्रबन्धन समिति दरगाह कमेटी दरगाह ख्वाजा साहब अजमेर का वर्ष 2022-23 का बजट पेश किया गया। चेयरमैन सैयद शाहिद हुसैन रिज़्वी की अध्यक्षता में सम्पन्न बजट बैठक में आमदनी के साथ खर्च को समानान्तर रखते हुए जायरीन की सुविधाओं और स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई है। चेयरमैन रिज़्वी ने बजट को जायरीन एवं दरगाह कर्मचारीयों के हित का बजट बताया। वहीं नायब सदर मुनव्वर खान में कहा हमारा प्रयास रहेगा की अधूरें कार्यो को पूर्ण किया जाए। बैठक में सदस्य सपात खान, सैयद बाबर अशरफ, जावेद पारेख एवं नाज़मि शादान जैब खान मौजूद रहे। सदर शाहिद रिज़्वी ने कहा कि हमारा लक्ष्य रहेगा की अगले एक साल में दरगाह शरीफ़ के दरवाज़ों का जिर्णोद्धार करते हुए उनको चौड़ा किया जाए। इसके साथ ही जायरीन हर मुमकीन सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। सैयद शाहिद हुसैन रिज़्वी एवं मुनव्वर खान का किया स्वागत। नव निर्वाचित सदर सैयद शाहिद हुसैन रिज्वी एवं नायब सदर मुनव्वर खान का दरगाह कमेटी सदस्यों सहित नाज़मि शादान जैब खान और नाज़मि कार्यालय कर्मचारीयों ने गुलपोशी कर इस्तकबाल किया। ख्वाजा मॉडल स्कूल में किया वृक्षारोपण सदर शाहिद रिज़्वी ने ख्वाजा मॉडल स्कूल में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया। इस मौके पर नाज़मि शादां जैब खान, सहा नाज़मि डॉ आदिल, प्राचार्य राजीव अरोड़ा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## कांग्रेस की महिला प्रत्याशी बूंदी रहमान खान की चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

खरवेन्द्र शर्मा / एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील में शनिवार को नगरी निकाय निर्वाचन के अंतर्गत नगर परिषद विजयपुर के वार्ड क्रमांक 02 से कांग्रेस पार्टी की महिला प्रत्याशी श्रीमती बूंदी रहमान (मल्ली) खान के चुनावी कार्यालय का उद्धघाटन विजयपुर के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष रामनिवास रावत तथा पूर्व विधायक एवं मंत्री बाबूलाल मेवरा ने विजयपुर किला रोड पर कांग्रेश के चुनावी कार्यालय का उद्धघाटन किया गया, जिसमें नगर विजयपुर के गणमान्य लोग एवं वार्ड क्रमांक 2 के मतदाता गण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कांग्रेश प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष रामनिवास रावत एवं पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा ने



वार्ड क्रमांक 2 के मतदाताओं से अपील करते हुए बूंदी रहमान (मल्ली) खान को हाथ के पंजे पर मोहर लगाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए अपील की। तथा इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 2 से कांग्रेसी महिला प्रत्याशी बूंदी रहमान (मल्ली) खान ने भी सभी वार्ड वासियों से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए और ज्यादा से ज्यादा आशीर्वाद देने के लिए वार्ड क्रमांक 2 के मतदाताओं से अपील की।

# उदयपुर की दर्दनाक घटना के लिए सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा को ठहराया जिम्मेदार

एनसीआर समाचार

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा पहले ही जांच में शामिल हो चुकी हैं और उन्होंने कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में 18 जून को उनका बयान दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस का यह बयान सुप्रीम कोर्ट द्वारा विवादित टिप्पणियों के लिए उनकी आलोचना करने और देश भर में हो रही सांप्रदायिक घटनाओं के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने के कुछ घंटों बाद आया है। नूपुर शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद, दिल्ली पुलिस ने नूपुर शर्मा को धारा 41 ए सीआरपीसी के तहत जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा। वह पहले ही जांच में शामिल हो गई थी और दिल्ली पुलिस ने 18 जून, 2022 को नूपुर शर्मा का बयान दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस ने 8 जून को नूपुर शर्मा और नवीन कुमार जिंदल सहित कई लोगों के खिलाफ घृणास्पद संदेश फैलाने, समूहों को उकसाने और सार्वजनिक शांति करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा को यह कहते हुए फटकार लगाई कि उनका गुस्सा उदयपुर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए जिम्मेदार है। शीर्ष अदालत ने निलंबित भाजपा नेता को दोषी ठहराया और कहा कि, उन्होंने और ₹उनकी ढीली जीभ₹ ने पूरे देश में



आग लगा दी है और देश में जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए वह अकेले जिम्मेदार हैं और कहा कि, उन्हें ₹पूरे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने एक टीवी समाचार चैनल की बहस के दौरान दिए गए उनके बयान के लिए शर्मा को फटकार लगाई और उदयपुर में हुई दर्दनाक घटना के बारे में बात करते हुए कहा, ₹उसका गुस्सा एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए जिम्मेदार है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने शर्मा के उस अनुरोध को भी ठुकरा दिया, जिसमें उनके खिलाफ देश भर में दर्ज सभी प्राथमिकी को दिल्ली स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था। जांच के लिए सभी एफआईआर को दिल्ली स्थानांतरित करने के शर्मा के अनुरोध को खारिज करते हुए, पीठ ने उनके वकील मनिंदर सिंह से कहा, ₹नहीं, श्री सिंह। अदालत की अंतरात्मा संतुष्ट नहीं है। हम उसके अनुसार कानून नहीं बना सकते हैं₹। नूपुर शर्मा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने तब याचिका वापस ले ली।

# बिजली विभाग की शिकायत अब वाट्सएप पर, महावितरण ने जारी किया वाट्सएप नंबर

एनसीआर समाचार

महाराष्ट्र में बेमौसम बारीश तूफान के कारण बिजली गुल होने और सार्वजनिक स्थानो के साथ साथ घरेलु बिजली के उपकरण अथवा उपकरणो के संबंध मे जानकारी या अन्य शिकायतो के मामले मे चंद्रपुर सर्कल के उपभोक्ताओ के लिए 7875761195 और गडचिरोली सर्कल के उपभोक्ताओ के लिए 7875009338 पर संपर्क करने का आवाहन महावितरण ने किया है। बेमौसम बारीश, हवा तूफान या इसी तरह के कारणो से बिजली लाईन, बिजली के खंभे, सड़क किनारे लगे फिडर ट्रांसफार्मर की लोहे की बाड फ्यूज बाक्स, कृषि पंपो के स्विच बोर्ड आदि के अनदेखी के कारण दुर्घटना होने की आशंका रहती है ऐसे मे उपभोक्ताओ को ऐसी दुर्घटनाओ की जानकारी देने हेतु वाट्स एप नंबर जारी किए है। वाट्स अप संदेश मे घटनास्थल का फोटो व पते का जिक्र करना आवश्यक है। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र मे बिजली उपभोक्ताओ के लिए 24 घंटे कॉल सेंटर का टोल फ्री नंबर 1800-102-3435 या 1800-233-3435 उपलब्ध है इस टोल फ्री नंबर पर उपभोक्ता किसी भी कंपनी के लैंडलाइन या मोबाइल के जरिए शिकायत दर्ज करा सकेंगे। आंधी तूफान के साथ बिजली गुल होने बेमौसम बारीश से बिजली आपूर्ति मे तकनीकी व्यवधान की शिकायतो के कारण दुर्घटना होने की संभावना होती है ऐसी घटनाओ की जानकारी इन नंबरो पर दि जा सकती है। साथ ही MSEDCL के टोल फ्री काल सेंटर मे ग्राहको को अपना ग्राहक क्रमांक सिर्फ एक बार देना होगा। उपभोक्ता काल सेंटर मे पंजीकृत तिन व्यक्तिगत मोबाइल नंबरो मे से किसी से भी शिकायत करता है तो केवल शिकायत का विवरण देना होगा। महावितरण ने दिए गए नंबरों पर जानकारी देने या शिकायत दर्ज कराने की अपील की है। साथ ही यह सूचना भी दि है की तेज हवाओ से पेड़ो की बड़ी -बड़ी शाखाए टूटकर बिजली के तार पर गिर जाती है साथ ही बडे पेड गिरने से बिजली के खंभे झूक जाते है ऐसी टूटी लटकी हुई बिजली लाईनो से सावधान रहने क्योंकि उनमे बिजली प्रवाह चालू रहने की संभावना रहती है।

## 5 जुलाई से दौडेगी बल्लारशाह मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन

एनसीआर समाचार

महाराष्ट्र में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री हंसराज अहीर के प्रयासों से मुंबई बल्लारशाह मुंबई ट्रेन नं 01127/01128 साप्ताहिक सुपरफास्ट ट्रेन 5 जुलाई से शुरू होने जा रही है। इससे जिले के यात्रीयो को मुंबई जाने के लिए सुविधा होगी। कोरोना काल से मुंबई जाने के लिए प्रत्यक्ष रेल गाडी अब तक शुरू नही होने से जिले के जिले के यात्रीयो को नागपूर अथवा वर्धा जाकर मुंबई के लिए सफर करना पडता था । नए से शुरू होने जा रही ट्रेन से जिले के यात्रीयो को सुविधा मिलेगी। सप्ताह मे एक दिन चलेगी ट्रेन साप्ताहिक ट्रेन 5 जुलाई मंगलवार को लोकमान्य टर्मिनस से रात 9 बजे निकलेगी वह बल्लारशाह स्टेशन पर 6 जुलाई को दोपहर 12:10 को पहुँचेगी। यह ट्रेन 6 जुलाई को 1:40 बजे बल्लारशाह से मुंबई के लिए रवाना होगी ट्रेन ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक, भूसावल, मलकापूर, अकोला, बडनेरा, धामणगाव, पुलगाव, वर्धा, हिंगणघाट, वरोरा, चंद्रपूर व बल्लारशाह स्टेशन पर रूकेगी जिले के रेल यात्रीयो को इस ट्रेन का लाभ लेने की अपील पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने की है। व्यापारीक दृष्टि से महत्वपूर्ण समझे जाने वाले जलगाव व शिर्डी संस्थान समीप मनमाड रेल्वे स्थानक पर मंजूर कराने के लिए अहिर ने मुख्य महाप्रबंधक मध्य रेल्वे मुंबई को पत्र दिया है।

# राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कन्हैयालाल के परिवार से मुलाकात की, परिजनों की मांग आरोपियों को मिले फांसी की सजा

एनसीआर समाचार

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल के परिवार से उनके घर पर मुलाकात की उन्होंने परिवार को मुआवजे के तौर पर 51 लाख रुपये का चैक सौंपा कन्हैयालाल की बीते मंगलवार को उनकी दुकान में ही हत्या कर दी गई थी पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए अशोक गहलोत ने कहा कि वह गृह मंत्री अमित शाह से भी बात करेंगे और अनुरोध करेंगे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) एक महीने के भीतर हत्या की जांच पूरी करे। पीड़ित के बेटे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने परिवार को आश्वासन दिया है कि उन्हें राज्य की तरफ से सुरक्षा दी जाएगी। उन्होंने मांग की है कि हत्यारों को फांसी दी जाए, उन्होंने कहा, आरोपी को फांसी पर लटका देना चाहिए, इससे कम कुछ भी हमें मंजूर नहीं है। कन्हैया लाल की हत्या दो लोगों ने धारदार हथियार से की थी उन्होंने इस भयानक



हादसे को फिल्माया और बाद में एक वीडियो में इसके बारे में बताया कन्हैयालाल शहर के व्यस्त धन मंडी बाजार में अपनी दुकान पर थे, तभी हमलावर गौस मोहम्मद और रियाज अख्तरी ग्राहक बनकर दुकान में आए और उन पर हमला कर दिया, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि 46 वर्षीय दर्जी के शरीर पर चाकू से 26 घाव किए गए थे। एक पूर्व आईपीएस अधिकारी ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पीड़ित को दरअसल आईएस किस्म की सजा दी गई। पुलिस सूत्रों ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि सभी चोटें क्लीवर से लगी हैं या नहीं। उनमें से एक ने उस पर क्लीवर से वार कर दिया जबकि दूसरे व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन पर हत्या का वीडियो बनाने लगा पुलिस ने कहा कि हत्यारों ने उसका सिर काटने की कोशिश की लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके, गर्दन कटी हुई थी लेकिन सिर नहीं कटा था। अशोक गहलोत ने राजस्थान के लोगों से राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने की अपील की है।

उन्होंने धार्मिक नेताओं, लोगों के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से लोगों से समाज में शांति सुनिश्चित करने की अपील करने का भी आग्रह किया है। इस विभत्स हत्या ने राष्ट्रीय सुर्खियां बटोरीं और राजस्थान के उदयपुर में इसकी वजह से तनाव भी हो गया था जांच के बाद हत्यारों के पाकिस्तान स्थित एक आतंकी समूह से जुड़े होने का खुलासा हुआ था इसके बाद केन्द्र द्वारा एनआईए जांच के आदेश दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहम्मद जुबैर की गिरफ़्तारी पर बोले राहुल गाँधी, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दिया करारा जबाब

दिल्ली पुलिस द्वारा पत्रकार और प्रमुख फैक्ट-चेकिंग प्लेटफॉर्म ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को सोमवार शाम को गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद उनकी तस्वीर को सोशल मीडिया पर अपलोड करा था। उसके बाद इस तस्वीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हंगामा मच दिया। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस बारे में कहा कि जो कोई भी भाजपा की "घृणा कट्टरता और झूठ" को उजागर करता है, वह उनके लिए खतरा है। भाजपा की नफरत, कट्टरता और झूठ को उजागर करने वाले हर व्यक्ति यह एक खतरा है। एक सत्य व्यक्ति की एक आवाज को गिरफ्तार करने से केवल यही होगा की एक हजार सत्य व्यक्ति और पैदा हो जाएगा। इस बात को ध्यान रखना की सत्य हमेशा अत्याचार पर भारी पड़ता है, ”गांधी ने ट्विटर पर एक समाचार रिपोर्ट साझा करते हुए लिखा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जो सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों में से थे। उन्होंने ने कहा है की भारत की कुछ तथ्य-जांच सेवाएं है। विशेष रूप से ऑल्ट न्यूज, हमारे सत्य-पश्चात राजनीतिक वातावरण में एक महत्वपूर्ण सेवा करती हैं, जो गलत सूचनाओं से भरी हुई है। वे झूठ का पर्दाफाश करते हैं, जो कोई भी अन्य अपराध करता है। मोहम्मद जुबैर को गिरफ्तार करने का मतलब है की सच्चाई पर हमला करना उन्हें तुरंत रिहा कर देना चाहिए।

### अनूप शहर में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, आस-पास के इलाको में सनसनी फैली

उत्तर प्रदेश अनूप शहर में एक दलित युवक का शव पेड़ से लटका मिला जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैली यह खबर कोतवाली क्षेत्र के गांव पागोना में सोनू पुत्र राजा उम्र 30 वर्ष निवासी गढ़मुक्तेश्वर थाना गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुर शव अपने रिश्तेदार के यहां जंगल में एक पेड़ पर लटका मिला सुबह राहगीरों ने मृतक के रिश्तेदार के यहां खबर दी सूचना पाकर यज्ञदत्त शर्मा पुलिस प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस लेकर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद फॉरेंसिंग टीम ने युवक का निरीक्षण कर शव पेड़ से उतारा मृतक दिल्ली कंपनी मैं सफाई कर्मचारी था मृतक के रिया 8 वर्ष राहिल छः वर्ष का है। वहीं परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस आगे की जांच में जुट गई है पुलिस उपाधीक्षक अनविता उपाध्याय ने बताया कि मामला संदिग्ध है पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक अपने रिश्तेदार के यहां गांव प गोना कोतवाली अनूप शहर क्षेत्र में आता जाता रहता था सुसाइड क्यों किया है इस बात का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। वंही पुलिस आगे की छानबीन करने में जुटी है।

### दर्जी कन्हैयालाल की हत्या करने का मकसद आतंक फैलाना, दोनों आरोपियों पर यूएपीए के तहत हुआ मामला दर्ज

**नई दिल्ली:** उदयपुर हत्याकांड में एक बड़ी बात सामने आई है, जिसमे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि उदयपुर में एक दर्जी कन्हैयालाल की हत्या आतंक फैलाने के लिए की गई थी, साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि दोनों हत्यारों के विदेश में संबंध थे। कन्हैयालाल की मंगलवार को दो लोगों ने हत्या कर दी थी, जिन्होंने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया था जिसमें कहा गया था कि वे इस्लाम के अपमान का बदला ले रहे थे। उनकी नृशंस हत्या के एक दिन बाद, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद आज कन्हैयालाल के शव को उनके घर वापस लाया गया। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके आवास के बाहर भारी सुरक्षा तैनात की गई थी, जहां बुधवार सुबह 100 से अधिक लोग जमा हुए थे और धीरे धीरे भीड़ की कतार बढ़ती जा रही है।

### गोवंश की हालत बेहाल गोवंश को छोड़ने का सिलसिला जारी

उत्तर प्रदेश के अनूप शहर में आज के युग में गोवंश की हालत बेहाल है गोवंश को छोड़ने का सिलसिला लगातार चल रहा है। यहाँ तक की गोवंशओ को भ्रष्टाचार से मुक्ति नहीं मिल रही है शासन से मिल रहे गोवंशओं के लिये पैसे को डकारा जा रहा है प्रशासन पूरी तरह मेहरबान हुआ है। बता दे कि यह मामला विकासखंड बीबी नगर में ग्राम पंचायत सैदपुर का है जहाँ गौशाला मे भूसा की जगह सरसों की घोसी खिलाई जा रही है। डॉक्टरों की लापरवाही से गोवंश जख्मी ओर बीमार हो रहे हैं ना छाया का प्रबंध नहीं है ना उनकी रखरखाव का बेसहारा धूप में ही भूखे प्यासे समय काट रहे हैं। ग्राम प्रधान का ध्यान कहां है नहीं ग्राम सचिव व उच्च अधिकारियों का गोवंश ओं की तरफ ध्यान दें रहे है जी भरकर लापरवाही बरती जा रही है जिससे गोवंशओ को परेशानी हो रही है।

### भगवान जगन्नाथ हुए स्वस्थ, श्वेत वस्त्रों में दिया भक्तों को दर्शन, काढ़ा लेने के लिए उमड़े भक्त



उत्तर प्रदेश वाराणसी में ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन अत्याधिक स्नान से बीमार पड़े भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा ने एक पखवारे तक स्वास्थ्य लाभ के बाद अस्सी स्थित मंदिर में बुधवार को भक्तों को दर्शन दिया। मंगला आरती के बाद पट खोल दिया गया। भक्त दोपहर पूर्व तक और शाम तीन बजे से देर रात्रि 7 तक दर्शन करेंगे। आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को गर्मी से आकुल प्रभु को राहत देने के लिए भक्तों ने प्रतीक स्वरूप देव विग्रहों को देर रात तक स्नान कराया, जिससे भगवान जगन्नाथ बीमार हो गए व पखवारे भर के विश्राम पर चले गए थे। मंदिर के पुजारी ने बताया आषाढ़ कृष्ण अमावस्या यानि बुधवार के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र को सफेद परिधान पहनाया गया। सफेद फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 30 जून को मंदिर में दोपहर 12 तक दर्शन-पूजन होगा। दोपहर तीन बजे मंदिर खुलने के बाद विग्रहों की भव्य आरती होगी और शाम चार बजे से डोली यात्रा बाजे-गाजे के साथ जगन्नाथ मंदिर से आरंभ होकर रथयात्रा स्थित बेनीराम बाग शापुरी निवास पहुंचेगी। उसी दिन रथयात्रा चौराहा पर विद्यमान रथ की शाम को आरती होगी। इसके बाद रथ को बिना विग्रहों के भक्त खींचकर निराला निवेश तक ले जाएंगे। एक जुलाई को तीनों विग्रहों को भोर तीन बजे रथ पर विराजमान कराया जाएगा।

# डॉ जितेंद्र सिंह और नॉर्वे के जलवायु और पर्यावरण मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई

एनसीआर समाचार

भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन लिस्बन, पुर्तगाल की तर्ज पर नॉर्वे के जलवायु और पर्यावरण मंत्री एस्पेन बार्थ ईद के साथ द्विपक्षीय बैठक की और पारस्परिक हित के कई मुद्दों पर चर्चा की।



यह बैठक पिछले हफ्ते नई दिल्ली में भारत में नार्वे के राजदूत, हैंस जैकब फ्राइडेनलंड और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ एम रविचंद्रन के बीच ब्लू इकोनॉमी पर 5वीं भारत-नॉर्वे टास्क फोर्स की बैठक के बाद हुई। टास्क फोर्स की बैठक में दोनों पक्षों के समुद्री उद्योगों को जोड़ने के लिए नई परियोजनाओं और रोडमैप पर सहमति बनी। दोनों देश ग्रीन मैरीटाइम, सस्टेनेबल ओशन मैनेजमेंट, डीप ओशन टेक्नोलॉजी और ऑफशोर विंड पर अधिक सहयोग तलाशने पर सहमत हुए। डॉ जितेंद्र सिंह और एस्पेन बार्थ ईद ने 5वीं भारत-नॉर्वे टास्क फोर्स बैठक में अब तक हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। दोनों पक्षों ने एकीकृत महासागर प्रबंधन, समुद्री प्रदूषण, हरित नौवहन, महासागर आधारित नवीकरणीय ऊर्जा आदि जैसे मुद्दों पर बातचीत और प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच चल रहे घनिष्ठ सहयोग की सराहना की और आशा व्यक्त की कि भविष्य में यह साझेदारी और मजबूत होगी। डॉ जितेंद्र सिंह ने पिछले महीने दूसरे भारत नॉर्डिक शिखर सम्मेलन की तर्ज पर कोपेनहेगन में अपने नॉर्वेजियन समकक्ष जोनास गहर स्टोर के साथ प्रधान मंत्री की बैठक का उल्लेख किया, जहां मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि नॉर्वे के कौशल और भारत के दायरे ने प्राकृतिक पूरकता प्रदान की है। कोपेनहेगन बैठक में डॉ जितेंद्र सिंह ने ब्लू इकोनॉमी, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, सौर और पवन परियोजनाओं, हरित शिपिंग, मत्स्य पालन, जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, अंतरिक्ष सहयोग, लंबे समय तक जैसे क्षेत्रों में जुड़ाव को गहरा करने की क्षमता को रेखांकित किया। टर्म इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश, स्वास्थ्य और संस्कृति। डॉ जितेंद्र सिंह ने नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एनटीएनयू) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खड़गपुर (आईआईटी केजीपी) के बीच एक पायलट प्रोजेक्ट का भी उल्लेख किया, जो इस साल जनवरी में अंतःविषय कौशल, डिजिटल साक्षरता और स्नातक छात्रों की महत्वपूर्ण सोच में सुधार के लिए

सहमत हुए थे। भारतीय मंत्री ने

# गर्ल स्कूल बिलासपुर की सुनाक्षी ने कला संकाय में अब तक का रिकार्ड तोड़कर प्रथम स्थान हासिल की

एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर की छात्रा सुनाक्षी ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के 12वीं कक्षा की परीक्षा परिणाम में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

गर्ल स्कूल बिलासपुर की कला संकाय की छात्रा सुनाक्षी ने 94 .20 प्रतिशत अंक लेकर अब तक का रिकॉर्ड तोड़कर स्कूल में टॉप किया है। प्रिंसिपल ने बधाई देते हुए कहा कि सुनाक्षी ने अपनी मेहनत के दम पर इस मुकाम को हासिल किया है। सुनाक्षी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय स्कूल के प्रिंसिपल अध्यापकों व माता पिता को दिया। सुनाक्षी एक साधारण परिवार से सम्बन्ध रखती है और उसने बताया कि मेरा सपना



प्रशासनिक सेवाओं में कार्य करना है। इनके पिता कश्मीर सिंह खेती वाड़ी करते है जबकि माता कमला देवी गृहणी है। स्कूल में उत्सव का माहौल और माता -पिता ने अनुभवी शिक्षकों को इस कामयाबी का श्रेय दिया। उपायुक्त बिलासपुर पंकज राय ने जिला के सभी उत्कृष्ट बच्चों को अपने स्कूल, माता-पिता तथा जिला का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी। उन्होंने सुनाक्षी और उनके अभिभावकों को भी बधाई दी तथा अधिक लड़कियों द्वारा मेरिट सूची में स्थान बनाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# भाजपा प्रवक्ता ने उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या को बताया आतंकी हमला

एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जांच (एनआईए) को एक दर्जी कन्हैयालाल तेली की उदयपुर हत्या मामले को संभालने का निर्देश देने के कुछ घंटों बाद, सत्तारूढ़ भाजपा ने बुधवार को सिर काटने को ₹आतंकवादी हमला₹ करार दिया और इसके लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। घटना कह रही है कि इसकी ₹तुष्टिकरण और भेदभावपूर्ण नीतियां₹ ऐसी घटनाओं को जन्म दे रही हैं। वहीं दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, भाजपा प्रवक्ता राज्यवर्धन राठौर ने कहा कि कन्हैयालाल तेली के हत्यारों ने घटना को फिल्माया और वीडियो को समाज को आतंकित करने के प्रयास में वायरल कर दिया। “राजस्थान के मुख्यमंत्री इस घटना को एक हत्या



कहते हैं। जब कोई हत्या का वीडियो बनाकर वायरल कर देता है तो यह कोई सामान्य घटना नहीं है। यह हत्या नहीं, आतंकवादी हमला है। दो लोगों ने मंगलवार को उदयपुर में कन्हैया लाल तेली की दुकान के अंदर उनकी हत्या कर दी, और घटना का एक वीडियो ऑनलाइन पोस्ट करते हुए दावा किया कि यह पीड़िता द्वारा पैगंबर पर भाजपा की नुपुर शर्मा द्वारा की गई टिप्पणी को साझा करने के प्रतिशोध में था और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नुपुर शर्मा को जान से मरने की धमकी दी।

# प्रेम प्रकाश आश्रम के सामने रेम्प पर लाखों रुपए की सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवाने से लोगों में जबरदस्त आक्रोश

एनसीआर समाचार

राजस्थान के तीर्थ नगरी पुष्कर में जहां एक तरफ आम जनता टूटी-फूटी सड़कों से परेशान हो रखी है पुष्कर में चारों तरफ सड़के टूटी होने कारण आम जनों का जीना दुश्वार हो रखा है तो वहीं नगर पालिका ने लाखों रुपए की ऐसी सड़क का टेंडर पास कर दिया जो बिल्कुल सही है यही नहीं उस पर ब्लॉक लगे हुए हैं प्रेम प्रकाश आश्रम के सामने सड़क से 10 फुट ऊपर बना रेम्प बिल्कुल सही होने के बावजूद भी नगरपालिका ने एक व्यक्ति विशेष को फायदा पहुचाने के लिए लाखों रुपए के टेंडर जारी कर दिए सड़क निर्माण के जबकि रेम्प पर ब्लॉक लगे हुए ओर कोई आवाजाही भी नही है और सड़क की कोई जरूरत नहीं है उसके बावजूद भी नगरपालिका ने पुष्कर के लोगों की अनदेखी कर ऐसी सड़क का निर्माण



कार्य शुरू कर दिया है। जिसकी कोई आवश्यकता ही नहीं है इस मामले में पार्षद रवि बाबा ने गहरी नाराजगी प्रकट की उन्होंने कहा कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फेल रखा है और पुष्कर के लोग परेशान हो रखे हैं सड़के चारों तरफ से टूटी फूटी है लेकिन ऐसी सड़क का निर्माण कर रहे हैं जिसकी कोई औचित्य नहीं है। इस पर लोगों ने भी गहरी नाराजगी प्रकट की उन्होंने कहा कि नगर पालिका पुष्कर के अंदर भेदभाव पूर्ण नीति और व्यवस्था पूर्वक कार्रवाई कर रही है उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भी जमकर भेदभाव किया जा रहा है। पुष्कर की गली मोहल्ले की सड़कें टूटी होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं श्रद्धालु आमजन परेशान हैं लेकिन उन सड़कों की सुध नहीं ले कर ऐसे सड़क पर लाखों रुपए का टेंडर जारी कर दिया जिसकी कोई आवश्यकता ही नहीं है तथा पूर्व से बिल्कुल सही है ब्लॉक लगे हैं तथा उस सड़क पर न तो कोई आवाजाही है ना कोई वहां पर रुकता है और सड़क से 10 फुट ऊपर रेम्प बना हुआ है।

# उदयपुर में एक दर्जी कन्हैयालाल की दिनदहाड़े हत्या, हत्यारों ने अपनी पहचान बताते हुए वीडियो किया वायरल

एजेंसी

**नई दिल्ली:** राजस्थान के उदयपुर में मंगलवार को दो लोगों द्वारा एक दर्जी कन्हैयालाल की हत्या में इस हत्या की निंदा करते हुए, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को कहा कि यह एक ₹अत्याचार था जिसने मानव विवेक को हिला दिया।

बता दे कि एक फ़ेसबुक पोस्ट में, विजयन ने कहा कि यह घटना एक अनुस्मारक थी कि ₹सांप्रदायिकता इंसानों से सद्गुणों के अंतिम धब्बे को मिटा देगी₹। उन्होंने कहा कि यह हत्या एक गंभीर चेतावनी है कि देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती सांप्रदायिक उग्रवाद का बढ़ना है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि कैसे इस्लामी कट्टरवाद हिंदुत्व उग्रवाद को प्रेरित कर सकता है। उन दो लोगों ने एक दर्जी कन्हैया लाल की उसकी दुकान के अंदर हत्या कर दी और इस घटना का एक वीडियो ऑनलाइन पोस्ट करते हुए दावा किया है कि यह पीड़िता द्वारा पैगंबर पर भाजपा की नुपुर शर्मा द्वारा की गई टिप्पणी को साझा करने के प्रतिशोध में था। विजयन ने अपने पोस्ट में लोगों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि किसी भी धर्म के नाम पर सांप्रदायिकता की अनुमति नहीं दी जाएगी। “सभी धर्मों के लोगों को एकजुट होना चाहिए, इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि एक सांप्रदायिकता का जवाब दूसरी सांप्रदायिकता नहीं है, बल्कि धर्मनिरपेक्षता है। धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले सभी धार्मिक संगठनों को इस हत्या पर खेद प्रकट करना चाहिए और सांप्रदायिकता के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। विजयन ने पहले ट्वीट किया था: “उदयपुर में बर्बर हत्या की कड़ी निंदा करता हूं। अधिकारियों से अनुरोध है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इस तरह के जघन्य कृत्य केवल हमारे सौहार्दपूर्ण जीवन को अस्त-व्यस्त करने का काम करेंगे। सभी से शांति और शांति बनाए रखने की अपील करते हैं और कानून को अपना काम करने दें।”इस बीच, कांग्रेस के विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने एक ट्वीट में कहा कि उदयपुर की हत्या ₹जघन्य₹ और ₹नृशंस₹ थी। “सभी से शांति बनाए रखने का अनुरोध करें। ये हमले सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए हैं।

### युकोन पर्माफ्रॉस्ट में एक हाथी के ऊनी मैमथ बछड़े को खोजा गया



**नई दिल्ली:** बेबी मैमथ 21 जून, 2022 को यूरेका क्रीक पर काम कर रहे थे। खनिकों द्वारा ट्रॉन्डिक ह्वाचिन ट्रेडिशनल टेरिटरी, युकोन, कनाडा के क्लोंडाइक सोने के क्षेत्रों पर मिला था। उन्होंने तर ओंडेक हवेच इन एल्डर्स ने बछड़ा का काम नूनचो रखा है। नून नाम का अर्थ हान भाषा में 'एक बड़े जानवर का बड़ा बच्चा होता है। उत्तरी अमेरिका कि यह तलाश पहले निकट पूर्ण है। उसके बाद वह सबसे अच्छी तरह से संरक्षित ममीकृत ऊनी मैमथ को चिह्नित करती है। एफी नाम का यह एक हाथी का बछड़ा एक आंशिक विशाल में मिला था जो 1948 में आंतरिक अलास्का में एक सोने की खदान के अंदर मिला था। इस पर युकोन जीवाश्म विज्ञानी डॉ ग्रांट जाजुला ने कहा कि यह हाथी जो मिला है। वो ननचो का सुंदर है आज तक दुनिया में जितने जानवरों को खोजा गया है। यह अब तक खोजे गए सबसे अविश्वसनीय ममीकृत हिमयुग जानवरों में से एक है।

# प्रयागराज में खुलेआम R.T.O ओफिस में रिकॉर्डिंग के द्वारा घूस मांगते पाये गए

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एनसीआर समाचार की टीम की रिपोर्टिंग के दौरान R.T.O ओफिस प्रयागराज उत्तर प्रदेश में एक बाबू का नाम का व्यक्ति नसर हाशमी है जोकि कार्यरथ कौशांबी मे है A.R.T.O की मिली भगत से प्रयागराज आरटीओ में यह ड्यूटी कर रहा है रिकॉर्डिंग के द्वारा घूस मांगते पाया गया। दूसरे नंबर की आवाज है बाबू की एक बाबू और है जिसका नाम है दिनेश पांडे अदर रीजन अदर स्टेट कमर्शियल गाड़ी में 7000 और 10000 घूस मागते हैं इसी तरह सभी बाबू का हाल है। इसी तरह R.I संजय कुमार गुप्ता और प्रतीक मिश्रा दोनों R.I इन्होंने ग्रुप बनाया है प्रयागराज से लेकर नैनी तक इन्हीं के लोग हैं फिटनेस में छोटी गाड़ी 1100 बड़ी गाड़ी के लिए 2100 की घूस मागते हैं। बता दे कि R.I लोगों ने



लोकल गुंडे पाल रखे हैं। यादव सपा लोगों के हैं R.T.O ऑफिस के बाहर 100 या 150 लोग काम कर रहे हैं। एजेंट लोगों से पेपर लेकर धन उगाई काम करते हैं मुलायम यादव, अंशु पटेल, दोनों लोग फिटनेस की गाड़ियो को फोटो खींचना अरविंद पाल कंप्यूटर देखना राजेश यादव फिटनेस के रुपए वसूली करना साथ ही संजय यादव राजेश गुप्ता ऑफिस के अंदर कैलाश, मनोज जायसवाल, अरविंद पटेल, राम लखन, उदय, सहजाद, अशोक यादव, ऐसे लोग बहुत से है इन सभी लोगों के साथ उचित से उचित कारवाई की जाए।

# श्री अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ

एनसीआर समाचार

श्री अमरनाथ यात्रियों के पहले जत्थे को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्री निवास भवन जम्मू से झंडी दिखाकर रवाना किया। आधार शिविर भगवती नगर से आज तड़के बम-बम भोले के जयघोष के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहला जत्था रवाना बाबा विश्वनाथ के दर्शनों के लिए रवाना हो गया। जम्मू में तैनात होंगे 5000 सुरक्षाकर्मी एलजी अमरनाथ यात्रा आगामी 30 जून से दो मार्गों से शुरू होगा पहला 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक मार्ग जो कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम से शुरू होता है। दूसरा 14 किलोमीटर लंबा मार्ग मध्य कश्मीर के बालटाल से शुरू होता है। गौरतलब है कि 2019 में यात्रा को अनुच्छेद 370 के कारण बीच में रोक दिया गया था और फिर दो साल कोविड महामारी के कारण यात्रा नहीं



हो सकी और अब यात्रा के लिए अब तक लगभग तीन लाख तीर्थयात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा के लिए जम्मू शहर में कम से कम पांच हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। 11 अगस्त तक चलेगी श्री अमरनाथ यात्रा श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) तीर्थयात्रा करने के इच्छुक श्रद्धालुओं के वास्ते सारे इंतजाम किया जा रहा है। साथ ही उसने उन लोगों के लिए ऑनलाइन दर्शन की भी व्यवस्था की है जो यात्रा नहीं कर सकते बोर्ड ने यात्रा के इच्छुक लोगों से आधार कार्ड या अन्य बायोमेट्रिक सत्यापित दस्तावेज लेकर आने को कहा है। यह यात्रा 30 जून को शुरू होगी और इसका समापन रक्षाबंधन के दिन 11 अगस्त को होगा.उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया आधार शिविर का दौरा दक्षिण भारत के रहने वाले कार्तिकेश्वर राम ने कहा कि हम पिछले 15 वर्षों से नियमित रूप से गुफा मंदिर में प्रार्थन करते आए हैं। इस साल भी मैं मानव जाति की शांति और समृद्धि के लिए जा रहा हूं। सोमवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यहां आधार शिविर का दौरा कर अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कहा कि तीर्थयात्रा सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बल सतर्क हैं। सिन्हा ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोग आने वाले तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। बता दे कि इस साल लगभग तीन लाख तीर्थयात्रियों ने कराया पंजीकरण अधिकारियों ने बताया कि सालाना अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक करीब तीन लाख तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। सरकार ने इस साल तीर्थयात्रियों के लिए एक रेडियो आवृत्ति सत्यापन (आरएफआईडी) प्रणाली शुरू की है, ताकि उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए रास्ते में उनकी आवाजाही पर नजर रखी जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### रे बैन चश्मे कम्पनी के मालिक का निधन

जमीर हुसैन / एन सी आर समाचार

चश्में को फैशन बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इटली के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति लियोनार्डो डेल वेकियो अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनका 87 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। डेल वेकियो ने अपने जीवन में एक ऑप्टिकल साम्राज्य का निर्माण किया है। उन्होंने चश्में के रे-बैन पर्सोल (Persol) और ओकले जैसे दिग्गज ब्रैंड्स को खरीदा था। डेल वेकियो इटली के सबसे सफल उद्योगपतियों में से एक हैं। उन्होंने जीरो से शुरु कर एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी का निर्माण किया, जिसने चश्में को एक लग्जरी और फैशन आइटम बना दिया। फोर्ब्स की 2022 वर्ल्ड बिलेनियर्स लिस्ट के अनुसार, वेकियो की संपत्ति 27.3 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

### आम आदमी पार्टी से प्रत्यासी मीरा पनिका कल रात स्कूटी और गाय के बीच आने से हुई घायल

अमृतराज मृत्यूंजय / एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश धनपुरी नगर पालिका वार्ड क्रमांक 9 की आम आदमी पार्टी से प्रत्यासी मीरा पनिका का कल रात स्कूटी और गाय के बीच चवाई मेडियाराम HP पेट्रोल पंप के समीप भिड़ंत के कारण सर और पैर में काफी चोट आई है, जिसकी कारण वे वार्ड के जनताओ के बीच जनसंपर्क में नहीं पहुँच पा रही है। इसी बीच मीरा पनिका ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से जल्द ठीक होकर आपके बीच जनसंपर्क में आऊंगी।

### अरबपति परोपकारी पल्लोनजी मिस्त्री का हुआ निधन

परोपकारी पल्लोनजी मिस्त्री के परिवार लबे समय से ज्यादा वह एक विशाल निर्माण व्यवसाय कर रहे है उनके परिवार में शापूरजी पल्लोनजी समूह और टाटा संस में 18.4 प्रतिशत हिस्सेदारी, उनके बेटे शापूर और साइरस और एक बेटी, आलू भी है। समूह के अधिकारियों ने बताया कि मिस्त्री लंबे समय से बीमार हो रखे थे। मिस्त्री हमेशा से ही कम प्रोफ़ाइल रखते थे और टाटा समूह के मामलों पर उनको अप्रत्यक्ष प्रभाव के लिए उन्हें अक्सर 'बॉम्बे हाउस के प्रेत' के रूप में जाना जाता था। बॉम्बे हाउस टाटा समूह का मुख्यालय है। पलोनजी मिस्त्री की बेटी आलू की शादी रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा के साथ हुई थी। परोपकारी पलोंजी मिस्त्री 1990 में टाटा समूह की तत्कालीन कंपनी में एसीसी के अध्यक्ष बने हुए थे उसके बाद उन्हें टाटा समूह के कारोबार से बाहर होने के बाद उन्हें तुरंत ही उन्होंने अपना बाद को छोड़ना पड़ा था। मिस्त्री 2004 में टाटा संस के बोर्ड में एक निदेशक के रूप में थे।

### गौशाला भूमि का पटवारी शशिबाला मीणा द्वारा सीमाज्ञान करवाया

राजस्थान कोटपुतली के ग्राम बाछडी स्थित गौशाला भूमि का पटवारी शशिबाला मीणा द्वारा सीमाज्ञान करवाया गया। वर्ष 2008 के रिकॉर्ड में हेराफेरी कर जमाबंदी के आधार पर विक्रय हुई बाछडी स्थित इस गौशाला भूमि पर राजस्व अधिकारियों ने क़ब्ज़ा किया तत्कालीन गौशाला अध्यक्ष बनवारी लाल यादव को सम्भला दिया था। इस मामले की जांच तत्कालीन अतिरिक्त जिला कलेक्टर अबरार अहमद ने की थी। आज गौशाला भूमि का सीमाज्ञान करवा कर सीमाचिन्ह लगाए गए। इस दौरान प्रहलाद बंसल, दिलीप सोनी, राजू पायला, बजरंग शर्मा, जुगल शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### नहीं थम रही नगर पालिका की मनमानी

अमृतराज मृत्युन्जय / एन सीआर समाचार

आने वाले 13 जुलाई को नगर पालिका का चुनाव होना है तो इसमें भी बहुत बड़ी लापरवाही करती नजर आ रही नगर पालिका बात धनपुरी, धनपुरी वार्ड नंबर 21 की है वहां पर रह रहे लोगों को जाना पड़ रहा वार्ड नंबर 20 में वोट डालने आखिर स्थानीय लोगों को कब मिलेगा। उनका अधिकार वहीं पर देखा जाए तो वार्ड क्रमांक 21 में धनपुरी नगरपालिका के द्वारा स्थानीय लोगों से टैक्स पूरा लिया जा रहा आखिर धनपुरी नगरपालिका क्यों नहीं जोड़ रही 18 साल से ऊपर होने वालों की मतदाता सूची में नाम वहीं पर मतदाता सूची में देखा गया कि एक व्यक्ति के नाम से दो-दो बार मतदाता सूची में उसका नाम आया है। अब देखना यह है कि क्या वह आदमी दो-दो बार वोट डाल सकता है। वार्ड नंबर 21 में रहने वाले लोगों को जाना पड़ रहा है वार्ड नंबर 20 में वोट डालने आखिर कब तक मिलेगा उनको उनका अधिकार।

### जम्मू कश्मीर में हुई चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

जम्मू कश्मीर में एक चोरी की वारदात सामने आई है। चोर की चोरी किसिस्टिवि कमरे में कैद हो गयी। जैसा इस वीडियो में देख सकते है कि कैसे एक व्यक्ति ने सफ़ेद रंग की बनयान और सिर पर टोपी लगायी हुई है। और वो कैसे वारदात को अंजाम देता हुआ नज़र आया है। पहले युवक कैमरा में कैद होता है फिर उसे लोहे की रोड से कैमरा को तोडा फर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कुछ देर बाद ही चोर का साथी आया उसने भी दूसरी चोरी को अंजाम दिया सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है यह पूरी घटना। यह पहली घटना नहीं थी इससे पहले भी कईचोरी की घटना सामने आयी है। इससे पहले भी 27 जून को मंजीत बार का टाला तोड़कर एक लाख नगद और महंगी शराब की बोतल लूट ले गए थे। फिलहाल पॉलिसीस मामले की जांच कर रही है।

### आज होगी आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई

विभय कुमार शिना / एनसीआर समाचार:

झारखण्ड मनरेगा घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में किया था ईडी ने किया था अरेस्ट सीबीआई ने अभी तक नही दाखिल की चार्जसीट मनरेगा घोटाले मामले में निलम्बित आईएएस अधिकारी जमानत की अर्जी की सुनवाई आज होगी। राजधानी के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद सिंघल की जमानत की अर्जी की सुनवाई ईडी की विशेष न्यायिक के अदालत में होनी है। उनको मनी लांड्रिंग और मनरेगा घोटाले के आरोप के तहत 11 मई को गिरफ्तार किया गया था मामले में पूछताछ के लिये ईडी ने उन तीन बार रिमांड पर भी लिया है। हलाकि सीबीआई ने अभी तक सिंघल के खिलाफ चार्ज सीट दाखिल नही की है उसके बाद 25 मई को पूजा सिंघल को जेल भेज दिया गया था इसी दौरान 8 जून और 22 जून को उनकी हिरासत अवधि बढा दी गयी।

# हटवास जनसंवाद में आरएस बाली ने नगरोटा बगवां के विधायक को लपेटा

एनसीआर समाचार

आज जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव आरएस बाली में नगरोटा के मौजूदा विधायक की कारगुजारी पर खूब तंज कसे। उन्होंने कहा कि नगरोटा के विकास के लिहाज से यह पांच साल सबसे नकारा रहे हैं। नगरोटा विधान सभा क्षेत्र इतना उपेक्षित कभी नहीं रहा जितना कि मौजूदा विधायक के कार्यकाल में है। विधायक लाइटें ऑन नहीं करवा पाए, चिप्स फैक्टरी क्या लगवाएंगे। आर बाली ने विधायक की परफॉर्मेंस पर सवाल लगाते हुए कहा कि जो विधायक साढ़े चार साल में नगरोटा बगवां में स्ट्रीट लाइटें ऑन नहीं करवा पाया, वह चिप्स फैक्टरी क्या लगवाएगा। आरएस बाली नगरोटा बगवां के निकट हटवास में जनसंवाद कार्यक्रम में विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस राष्ट्रीय



सचिव रघुबीर सिंह बाली ने कहा कि उनके पिता श्री जीएस बाली ने नगरोटा बगवां से लेकर टांडा तक स्ट्रीट लाइट्स लगाई थीं लेकिन मौजूदा विधायक ने सब बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां हलका किसान बहुल है। पलम से लेकर चंगर तक यहां के किसानों ने अपनी खून पसीने की मेहनत से माटी को सोना बनाया है। नगरोटा बगवां आलू, गेहूं, धान व सब्जियों के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं,लेकिन मौजूदा विधायक ने जमीन से जुड़े मुद्दों पर कुछ नहीं किया। यह नगरोटा बगवां के लिए सबसे खराब बात है। आरएस बाली ने इस दौरान नगरोटा बगवा के हटवास में कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने अपने पिता स्व जीएस बाली को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय नगरोटा बगवां की आम जनता व कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित है।

**संजय दत्त ने याद किया जीएस बाली का योगदान**

नगरोटा बगवां में इस कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि दिवंगत पूर्व मंत्री जीएस बाली ने नगरोटा बगवां को पूरे देश में माडल बनाया था। नगरोटा बगवां की चर्चा देश की संसद तक होती थी। उन्होंने कहा कि अब आरएस बाली भी उन्हीं के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा की 15 सीटें कांग्रेस उम्मीदवार जीतकर प्रदेश में बनने वाली कांग्रेस सरकार में अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधान अजय महाजन ने भी संबोधित किया।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश के सह प्रभारी 29 जून को सागर में चुनावी तैयारियों की करेंगे समीक्षा

एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश सागर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव तथा मध्यप्रदेश के सह प्रभारी श्री संजय कपूर बुधवार 29 जून की रात सागर आयेंगे। वे गुरुवार 30 जून को नगर निगम चुनाव में महापौर प्रत्याशी श्रीमती निधि सुनील जैन तथा सभी 48 वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों की चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वे बूथ कमेटियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर आवश्यक मार्गदर्शन व दिशा निर्देश प्रदान करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तथा पीसीसी की ओर से निगम चुनाव के मीडिया प्रभारी डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री संजय कपूर राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर यहां पहुँच रहे हैं। वे बुधवार 29 जून की शाम भोपाल से रवाना होकर रात्रि 8 बजे सागर पहुंचेंगे। यहां आकर वे जिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा चौधरी, व जिला ग्रामीण अध्यक्ष स्वदेश जैन, महापौर प्रत्याशी श्रीमती निधि जैन, पूर्व विधायक सुनील जैन, चुनाव प्रभारी सुरेंद्र सुहाने, व संचालक राम कुमार पचौरी, समेत विभिन्न वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर रात्रि विश्राम के पश्चात अगले दिन गुरुवार 30 जून को महापौर तथा वार्ड पार्षदों की चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। इस दौरान वे यहां आयोजित बूथ कमेटियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। संजय कपूर के सागर आगमन पर उनकी गरिमामय स्वागत करने तथा चुनाव के संबंध में मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश प्राप्त करने की अपील की।

## विपक्ष ने ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी करने की निंदा की

एनसीआर समाचार

दिल्ली पुलिस द्वारा पत्रकार और प्रमुख फैक्ट-चेकिंग प्लेटफॉर्म ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को सोमवार शाम को गिरफ्तार करा गया था। उनकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद उनकी तस्वीर को सोशल मीडिया पर अपलोड करा था। उसके बाद इस तस्वीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हंगामा मच दिया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस बारे में कहा कि जो कोई भी भाजपा की ?घृणा कट्टरता और झूठ? को उजागर करता है, वह उनके लिए खतरा है। भाजपा की नफरत, कट्टरता और झूठ को उजागर करने वाले हर व्यक्ति यह एक खतरा है। एक सत्य व्यक्ति की एक आवाज को गिरफ्तार करने से केवल यही होगा की एक हजार सत्य व्यक्ति और पैदा हो जाएगा। इस बात को ध्यान रखना कि सत्य हमेशा अत्याचार पर भारी पड़ता है, "गांधी ने ट्विटर पर एक समाचार रिपोर्ट साझा करते हुए लिखा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जो सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों में से थे। उन्होंने ने कहा है की भारत की कुछ तथ्य-जांच सेवाएं है। विशेष रूप से ऑल्ट न्यूज, हमारे सत्य-पश्चात राजनीतिक वातावरण में एक महत्वपूर्ण सेवा करती हैं, जो गलत सूचनाओं से भरी हुई है। वे झूठ का पर्दाफाश करते हैं, जो कोई भी अन्य अपराध करता है। मोहम्मद जुबैर को गिरफ्तार करने का मतलब है की सच्चाई पर हमला करना उन्हें तुरंत रिहा कर देना चाहिए।

# मुंबई के कुर्ला में इमारत गिरने से कई लोगों की मौत

एजेंसी

मुंबई के कुर्ला में एक 'खराब' इमारत गिरने के बाद मलबे से दो और शव बरामद किए गए हैं। बीएमसी अधिकारियों ने पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या अब तीन हो गई है। इस बचाव अभियान में कुल 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। महाराष्ट्र मिनिस्टर सुभाष देसाई ने कहा है कि, मृतक के परिवार को पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे जबकि घायलों का मुफ्त इलाज किया जाएगा, साथ ही मृतकों और घायलों के परिजनों को 5 लाख रुपये दिए जाएंगे। कमिश्नर अश्विनी भिड़े ने मंगलवार को कहा, 'नाइक नगर सोसाइटी की डी विंग बीती रात ढह गई। 12 लोगों को बचा लिया गया और एक को मृत घोषित कर दिया गया। कुछ लोग अभी भी फंसे हुए हैं। भिड़े के मुताबिक, ढह गई इमारत जर्जर हो गई थी, 2013 से पहले इसकी मरम्मत के लिए और फिर इसे गिराने के लिए



नोटिस दिए गए थे। मुंबई के कुर्ला में सोमवार देर रात चार मंजिला इमारत ढह गई। घटना नाइक नगर इलाके की है। मंत्री आदित्य ठाकरे ने सोमवार रात कुर्ला का दौरा किया जहां इमारत गिर गई और कहा कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के नोटिस पर ऐसी संपत्ति खाली कर दी जानी चाहिए। ठाकरे ने कहा, ?जब भी बीएमसी नोटिस जारी करे, (इमारतें) खुद ही खाली कर दी जाएं..अन्यथा, ऐसी घटनाएं होती हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अब इस पर कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा था, ?करीब पांच से सात लोगों को बचाया गया था। सभी 4 इमारतों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन लोग वहां रहना जारी रखते हैं। हमारी प्राथमिकता सभी को बचाने की है। सुबह हम इन इमारतों को खाली कराने और गिराने का काम देखेंगे। ताकि आसपास के लोगों को परेशानी न हो।

# एएसपी योगिता मीणा और सीओ के निर्देशन में थाना प्रभारी व उनकी टीम को मिली सफलता

एनसीआर समाचार

राजस्थान के जी.आर.पी थाना प्रभारी एसआई मनोज कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस संजय अग्रवाल, महानिरीक्षक पुलिस आलोक वशिष्ठ व उप महानिरीक्षक राजेश सिंह द्वारा ट्रेनों में रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जी.आर.पी श्रीमती राशि डोगरा डूडी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीआरपी श्रीमती योगिता मीणा के आदेश अनुसार वृत अधिकारी जीआरपी नरेंद्र प्रताप सिंह के



निर्देशानुसार थाना प्रभारी मनोज कुमार और उनकी टीम ने लूट की वारदात का पर्दाफाश करते हुए जी.आर.पी थाने पर दर्ज प्रकरण संख्या 69/ 2022 में पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे 24 अप्रैल 2022 को दिल्ली सराय रोला इंदौर से जयपुर जयपुर से इंदौर के लिए डी-1 कोच में यात्रा कर रही महिला यात्री श्रीमती कविता जाट से लूटा गया मंगलसूत्र बरामद करने के लिए पूछताछ की गई थी जिसमें उसने वारदात में शामिल 2 अन्य आरोपियों के नाम बताये थे। लूट के इस आरोपी से मिली इत्तला के बाद थाना प्रभारी मनोज कुमार अपनी टीम के साथ रवाना हुए और दिल्ली से दूसरे आरोपी जावेद उर्फ अली उर्फ सोनू पुत्र बदरुद्दीन निवासी फरीदाबाद मूलनिवासी फैजाबाद को गिरफ्तार कर अजमेर लाया गया। जिसे फ़िलहाल बापर्द रखा गया है। कल इसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। साथ ही वारदात में शामिल तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास भी किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व में पकड़ा गया आरोपी बल्लभगढ़ हरियाणा निवासी मनीष कुमार उर्फ विक्की है जिसका एक हाथ कटा हुआ है।

## तटरक्षक बल ने गुजरात में निगरानी बढ़ाने के लिए एएलएच स्क्वाड्रन को शामिल किया

एजेंसी

भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को पोरबंदर में अपने एयर एन्क्लेव में स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) एमके थ्री के एक स्क्वाड्रन को गुजरात तट पर निगरानी बढ़ाने के लिए कमीशन किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस स्क्वाड्रन के चालू होने से खोज और बचाव (एसएआर) और समुद्री निगरानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित एएलएच एमके थ्री हेलीकॉप्टरों में उन्नत रडार सहित अत्याधुनिक उपकरण, साथ ही इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर, शक्ति इंजन, पूर्ण ग्लास कॉकपिट, उच्च-तीव्रता वाले सर्चलाइट, उन्नत संचार सिस्टम, स्वचालित पहचान प्रणाली के साथ-साथ एसएआर होमर्स शामिल हैं। विशेषताएं उन्हें समुद्री टोही करने के साथ-साथ दिन और रात दोनों के दौरान जहाजों से संचालन करते हुए विस्तारित रेंज पर एसएआर को अंजाम देने में सक्षम बनाती हैं। गंभीर रूप से बीमार रोगियों के स्थानांतरण की सुविधा के लिए हेलीकॉप्टर में भारी मशीन गन के साथ एक आक्रामक मंच से एक सौम्य चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई में भूमिकाओं को बदलने की क्षमता है। अब तक 13 एएलएच एमके-थ्री को चरणबद्ध तरीके से भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया है और इनमें से चार पोरबंदर में तैनात हैं।

## थाना छपिया क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम तांबेपुर में भोलू सिंह की हत्या में संलिप्त अपराधी गिरफ्तार

एनसीआर समाचार

26 जून को थाना छपिया क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम ताबेपुर निवासी प्रधान प्रतिनिधि दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू सिंह की आयोजित भण्डारे के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना छपिया में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा, क्षेत्राधिकारी मनकापुर व प्रभारी निरीक्षक छपिया को घटना का सफल अनावरण कर दोषी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के कड़े निर्देश दिए थे तथा स्वाट / सर्विलांस टीम को भी घटना के खुलासे के लिए लगाया था। पुलिस अधीक्षक के दिए गए निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक छपिया द्वारा हत्याकाण्ड में संलिप्त 02 आरोपी अभियुक्तों 01सत्यराम वर्मा पुत्र तेजराम वर्मा, 02. श्रीमती सुभावती पटेल पत्नी बलजीत कुमार पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही प्रचलित है। BrijBhushan Sharan Singh MP ने ट्वीट करते हुए कहा है कि मैं छपिया ब्लॉक, तॅबेपुर प्रधान-पुत्र (प्रधान प्रतिनिधि) प्रेमकुमार सिंह उर्फ भोलू सिंह के हत्या की निंदा करता हूँ। गोंडा आते ही 1 जुलाई को 11 बजे भोलू सिंह को श्रद्धांजलि देने और न्याय के लिए हजारों समर्थकों के साथ उनके घर जाऊँगाये हत्या उ० प्र० पुलिस की नाकामी का प्रतिमान है।

# मंत्र उच्चारण पूजा अर्चना कर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा में चुनाव कार्यालयों का किया उद्घाटन

एनसीआर समाचार

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा में नगर पालिका चुनाव के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन पित्र पुरुषों नागाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक कमलेश जाटव राजकुमार व्यास साहिब सिंह तोमर नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता कमलेश सुमन पूर्व विधायक महाराज सिंह तोमर मोहर सिंह तोमर राकेश उपाध्याय विश्वनाथ सिंह तोमर दिनेश शर्मा खेम सिंह भदोरिया प्रदीप शर्मा हांडा आदि के द्वारा उद्घाटन किया गया। विधायक कमलेश जाटव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी यदि हम सब कार्यकर्ता मिलकर ठान लें और पूरी



ताकत से नगर पालिका के चुनाव में जुट जाएं तो निश्चित ही पोरसा नगर के 15 वार्डों में हमारी जीत निश्चित होगी भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा दलितों गरीबों एवं किसानो एवं बुजुर्ग माता पिता के लिए सोचा है। हर किसी वर्ग के लिए योजना के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया गया है जैसे आवास योजना, उज्जवला योजना ,गरीब किसान कल्याण योजना ,अन्न योजना, नल जल योजना, लाडली लक्ष्मी योजना ,तीर्थ दर्शन योजना , किसान बीमा योजना,जैसी कई योजनाएं शामिल है। चुनाव कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर अरविंद्र तोमर संदीप उपाध्याय संतोष उपाध्याय अशोक सिंह तोमर धीरज पचोरी राघवेंद्र कटारे आशीष तोमर सौरभ तोमर शालीन तोमर योगेश शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा से टिकट ना मिलने सरोज लवकुश तिवारी कर रहे अजीब हरकत

**पुष्पेंद्र / एनसीआर समाचार**

धनपुरी पुलिस एक बार फिर सो रही चैन की नींद नगर पालिका धनपुरी का चुनाव 13 जुलाई को होना है। यही भाजपा की टिकट के दावेदारी करने वाले सरोज लवकुश तिवारी को भाजपा से टिकट ना मिलने पर कर रहे अजीब हरकत " सरकारी जगह पर पोस्टर बैनर लगाने कि अनुमति नहीं होती। उसके बाद भी सरकारी जगह पर बेखोफ पोस्टर व बैनर लगाते हुए नजर आये तथा उनसे पूछा गया तब उनका बेटा जो कि आशिष तिवारी है। वो खुद चुनाव आयोग में शिकायत करने की धमकी दे रहा है ऐसे मे हो चुका नगर कि विकास बेखोफ उडाते है। प्रशासन के नियम कि धज्जियां बात तब आयी सामने जब चुनाव के बैनर व पोस्टर सरकारी जगह पर लगाये जा रहे थे। बिते दिन पहले जहाँ पे लवकुश तिवारी के द्वारा खुद ठेका का काम लिया गया था। वो उस पर अपना हक जमा रहे है।

### स्मार्ट सिटी कार्यालय गोविन्दपुरा में लगातार मॉनीटरिंग जारी, मीडिया मॉनीटरिंग सेल 24 x 7 कार्य शुरू

मध्य प्रदेश भोपाल के नगर पालिका तथा नगर निगम आम चुनाव 2022 में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय एम.सी.एम.सी का गठन किया जा चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश लवानिया के निर्देशन में गठित जिला स्तरीय एम.सी.एम.सी कार्य कर रही है। कमेटी विज्ञापन और मीडिया में जारी प्रचार सामग्री को प्रमाणित करने का कार्य करेंगी। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट सिटी कार्यालय गोविन्दपुरा में इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। 50 से ज्यादा स्क्रीन पर तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगाकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को देखा जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं अनुवीक्षण समिति को प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट भेजी जा रही है। इस बार आयोग द्वारा महापौर और पार्षदों के लिए व्यय सीमा निर्धारित की गई है। विज्ञापनों की दरों के आधार पर भी व्यय खाते में भी राशि जोड़ी जाएगी। स्मार्ट सिटी कार्यालय में लगातार एम.सी.एम.सी द्वारा मीडिया मॉनीटरिंग जारी है। इसके साथ ही प्रिंट मीडिया, सोशल प्लेटफार्म और एम.एम. रेडियो पर चुनाव संबंधी समाचारों पर भी निगरानी रखी जा रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी समाचार जो न्यूज पेपर और इलेक्ट्रानिक मीडिया में चल रहा है जो पेड न्यूज की श्रेणी में तो नहीं आ रहा है। यदि जिला स्तरीय एम.सी.एम.सी कमेटी का लगता है कि यह समाचार पेड न्यूज है तो उसे संबंधित प्रत्याशी के व्यय खाते में उसकी राशि जोड़ी जाएगी।

### शाहजहांपुर में अवैध मदिरा के निर्माण विक्रय परिवहन संग्रहण की रोकथाम

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण विक्रय परिवहन संग्रहण की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर दिनेश जैन के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दिक्षित के मार्गदर्शन में विगत दिनों शुजालपुर क्षेत्र में दबिश दी गई। जहां विभिन्न तलाशी लेने पर 14 पाव देसी मदिरा जब कार मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालय प्रकरण पंजीबद्ध किया गया उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक खत्री आबकारी उप निरीक्षक सुरेश पटेल आबकारी आरक्षक लखन सिंह सिसोदिया के महत्वपूर्ण भूमिका रही इस प्रकार के कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### पंजाब के डेरा में पुलिस और युवक के बीच हुई हाथापाई, युवक के जांघ पर लगी गोली

पंजाब के डेरा में सोमवार शाम को उनके बीच हाथापाई के बाद एक पुलिस सब इंस्पेक्टर ने जांघ में एक युवक को गोली मार दी
मोहाली के एसएसपी विवेक शील सोनी ने कहा, अभी तक हमें घटना के बारे में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन फिर भी, हमने एसआई को निलंबित कर दिया है और शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। हम हेबतपुर रोड पर खड़े थे जब एक पुलिस दल आया और हमारे साथ दुर्व्यवहार किया। वे मेरी पत्नी के बैग की जांच करना चाहते थे। पीड़ित के भाई ने दावा किया कि, 'वे नशे में थे और उन्होंने मेरे भाई पर गोलियां चला दीं।' घटना स्थल पर मौजूद एक पुलिसकर्मी ने बताया कि, युवक ने उनके साथ मारपीट की और उसकी वर्दी फाड़ने की भी कोशिश की। एक पुलिसकर्मी ने कहा, "हम गश्त कर रहे थे कि हमने सड़क के पास एक दंपति को खड़ा देखा। हमने उनसे पूछा कि वे कहां से आए हैं। उन्होंने हमारे साथ लड़ाई शुरू कर दी और एक सब इंस्पेक्टर ने उन पर गोलियां चला दीं। उन्होंने मेरी वर्दी फाड़ने की भी कोशिश की। घायल युवक को पहले डेराबस्सी सिविल अस्पताल ले जाया गया और बाद में उसे चंडीगढ़ सेक्टर 32 के सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### सड़क पर खड़े दर्जनों ट्रेलर की कतारें बनी हादसे का कारण बांदनवाड़ा

**मनीष कुमार चिप्पाल / एनसीआर समाचार**

खड़े ट्रेलर से टकराई रोडवेज दुर्घटना में एक दर्जन यात्री हुए घायल। गंभीर घायलों को उपचार हेतु जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर किया रैफर। कस्बे के अजमेर रोड पर कुमावत पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर खड़े दर्जनों ट्रेलर्स मे से एक से प्रातः 8.00बजे भीलवाड़ा से अजमेर जा रही एक रोडवेज टकरा गई। दुर्घटना में तकरीबन दर्जन यात्री घायल हो गए। टक्कर की तेज आवाज से दुर्घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई जिनकी मदद से 108तथा एनएचएआई की एंबुलेंस में घायलों को चिकित्सा हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मौके पर स्थानीय पुलिस चौकी से पहुंचे पुलिस कर्मियों राजेश कुमार तथा महेश ने यातायात सुचारू करवाया।

यात्रियों मे से एक ने बताया कि बस बांदनवाड़ा स्टेंड से सवारियां लेकर कुमावत पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंची ही थी कि बस सड़क पर खड़े एक ट्रेलर से टकरा गई जिससे बस मे सवार तकरीबन एक दर्जन यात्री घायल हो गए ट्रेलर से टकराने कि वजह से बस के आगे के दोनों शीशे टूट गए जिसके चलते सवार यात्री चोटिल हो गए। दुर्घटनास्थल पर थोड़ी ही देर मे भीड़ जमा हो गई तथा सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने भीड़ को हटा कर यातायात सुचारू करवाया तथा उपस्थित लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उपस्थित चिकित्साकर्मियों ने घायलों प्राथमिक उपचार किया तथा गंभीर घायलों को जेएलएन चिकित्सालय अजमेर रैफर किया गया।

# गृह मंत्री मिश्रा ने की आपदा प्रबंधन विभाग की तैयारियों की समीक्षा

**एनसीआर समाचार**

मध्य प्रदेश भोपाल में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में कहा कि मानसून में जोखिम और हानि को न्यूनतम करने के लिये आपदा प्रबंधन विभाग को हाईटेक किया गया है। मंत्री डॉ. मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों को हर परिस्थिति में लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिये टेक्नालॉजी का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिये। अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, महानिदेशक होमगार्ड पवन जैन, एडीजी अशोक अवस्थी एवं अधिकारी मौजूद थे। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में मानसून का आगमन हो चुका है। विगत वर्षों के अनुभव को देखते हुए आपदा प्रबंधन के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करें। उन्होंने




बेहतर आपदा प्रबंधन के लिये विभाग द्वारा तैयार की गई आपदा चेतावनी एवं प्रतिक्रिया प्रणाली (डीडब्ल्यूआरएस पोर्टल) का बेहतर उपयोग करने और प्राप्त जानकारियों से आपदा संभावित क्षेत्रों से लोगों को समय रहते उपयुक्त स्थानों तक पहुँचाने का बंदोबस्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि भोपाल के राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन कंट्रोल सेंटर से जिलों में आपदा प्रबंधन के लिये बनाये गये इंटीग्रेटेड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से सतत निगरानी रखें। जिला स्तरीय सेंटर्स से नियमित रूप से जानकारी प्राप्त कर आवश्यकता अनुसार मार्गदर्शन के साथ सहायता तत्परता से उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन के लिये 96 क्विक रिस्पांस टीम भी गठित की गई हैं। अतिवृष्टि और बाढ़ में राहत बचाव कार्य के लिये 160 नई बोट भी खरीदी गई हैं। इस प्रकार प्रदेश में बेहतर आपदा प्रबंधन के लिये अब 276 बोट उपलब्ध हैं। इसके अलावा प्रबंधन को और अधिक बेहतर बनाने के लिये 17 ड्रोन भी खरीदे गये हैं। मंत्री डॉ. मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार संवेदनशीलता से होमगार्ड जवानों के हित में शीघ्र ही निर्णय लेने जा रही है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड जवानों का अब 3 साल में मात्र एक बार ही कॉल ऑफ होगा। होमगार्ड कैडर को डाइंग कैडर नहीं माना जायेगा। शीघ्र ही केबिनेट में अनुमोदन के लिये प्रस्ताव रखा जायेगा।

# मोहम्मद जुबैर को कोर्ट ने दी दिल्ली पुलिस की कस्टंडी, साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने का आरोप

**एजेंसी**

ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर पर साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने का आरोप लगाया गया है, जिसकी वजह से बीते सोमवार को दिल्ली पुलिस ने जुबैर को हिरासत में लिया है। जुबैर के खिलाफ आईपीसी की धारा 153ए और 295ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आपको बता दें कि पत्रकार जुबैर बीजेपी की नूपुर शर्मा और साधुओं को 'नफरत फैलाने वाले' जैसी टिप्पणी के बाद ही चर्चा में आए थे और अब उन्हें सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक अशांति फैलाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी कि बीते दिन ही ट्विटर के माध्यम से उन्हें ये शिकायत मिली थी कि जुबैर हिंसा फैलाने की कोशिश कर रहे है। इस जानकारी के तुरंत बाद दिल्ली पुलिस ने जुबैर को पूछताछ के लिए बुलाया और फिर दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की IFSO यूनिट ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जुबैर को कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद पुलिस ने उसकी कस्टडी की मांग की है। DCP केपीएस मल्होत्रा ने बताया, "पत्रकार जुबैर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता IPC धारा 153-ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) और 295-ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है।" कांग्रेस पार्टी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व अन्य विपक्षी नेताओं ने जुबैर की गिरफ्तारी को लेकर सीधे केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है।

# डेंगू मलेरिया से बचाव करना सबकी जिम्मेदारी, घर-घर सर्वे जारी

**एनसीआर समाचार**

मध्य प्रदेश भोपाल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी निर्देशन एवं जिला मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में डेंगू एवं मलेरिया जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, नगर निगम और एम्बेड टीम ने संयुक्त रूप से लार्वा सर्वे व लार्वा विनिष्टिकरण की कार्यवाही की जा रही है। टीम द्वारा जोन नम्बर- 3, वार्ड नम्बर -9, बागमुंशी हुसैन खां नूर, महल रोड़ में मलेरिया और नगर निगम की टीम ने क्षेत्र में लार्वा विनिष्टिकरण किया। टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को समझाया नागरिकों से पानी नहीं जमा होने दे, गमले का पानी एवं फिश पॉट का पानी नियमित बदलने के लिए अपील की तिवारी ने कहा कि डेंगू और मलेरिया से बचाव हम सबकी जिम्मेदारी है इसमें किसी भी प्रकार से



लापरवाही नहीं होना चाहिए। बच्चों को फुल अस्तीन / फुल पेंट पहनाने के रखना चाहिए। डेंगू का मच्छश्र दिन के समय ज्यादा सक्रिय रहता है और तीन फिट की उचाई तक उड़ता है इसके लिए जरूरी है कि पैरो को ढककर रखा जाए। जिससे मच्छर से बचाव किया जा सके, इसके साथ ही घरों के आस-पास निगाह रखी जाए और कहीं भी पानी का जमाव नहीं होने दें घरों में कूलर, टायर, बर्तनों में एक सप्ताह से अधिक समय तक पानी का जमाव नहीं हो।

# मंदसौर पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**एनसीआर समाचार**

मध्य प्रदेश मंदसौर पुलिस ने 03 प्रकरणों में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपित पर 5 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित गया था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मार्च को इंदर सिंह द्वारा अपने साथियो के साथ मिलकर ग्राम उचेड थाना मनासा जिला नीमच से गोरीलाल पिता मांगीलाल का अपहरण कर लाया जा रहा जो इंदर सिँह व इसके साथियो के विरूद्ध थाना मनासा जिला नीमच पर अपराध क्र0 151/21.03.22 धारा 365,323,34 भादवि का पंजीबद्ध किया गया था। उक्त आरोपीयो को पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा लेने पर पर इंदर सिंह द्वारा अपने साथियो के साथ मिलकर पुलिस वाहन पर पथराव किया व शासकीय



कार्य में बाधा उत्पन्न की जिस कारण से थाना गरोठ पर अपराध क्र0 133/21.03.22 धारा 147,149,353,332,427,294,506 भादवि व 3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहा था। शासन द्वारा चलाए जा रहे शासकीय भुमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मुहिम में राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा टीम गठित कर थाना गरोठ के आपराधिक प्रवृति (आदतन आरोपी ) बदमाश इंदर सिंह पिता गोरीलाल बंजारा निवासी खडावदा की अवैध चल दृ अचल संपत्ति की जानकारी प्राप्त की गई जो कुल 6000 स्कवेयर फीट कीमती करीबन एक करोड की शासकीय भुमि पर अवैध कब्जा होना पाया गया। 31 मार्च को पुलिस व राजस्व विभाग की संयूक्त टीम द्वारा कार्यवाही कर इंदर सिंह द्वारा शासकीय भुमि पर किये गए अवैध मकान निर्माण को तोडकर ध्वस्त किया गया। आरोपी इंदर के विरूद्ध अवेध कब्जे के विरूद्ध अप0 क्र0 149/22 धारा 447 भादवि का पंजीबद्ध किया । आरोपी इंदर के विरूद्ध थाना गरोठ पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बाउण्ड ओव्हर किया गया था । जो इंदर द्वारा बाउण्ड ओव्हर का उंलघ्घन कर पुनरू अपराध किया गया जिस पर थाना गरोठ पुलिस द्वारा धारा 122 जा0फो0 का इस्तगासा तैयार कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी गरोठ पेश किया गया था । जो आरोपी इंदर की तलाश के हरसंभव प्रयास करने पर भी आरोपी नही मिल रहा था आरोपी चतुर एवं चालाक होकर कई दिनो से फरार चल रहा था जो प्रकरण में आरोपी की पतारसी कर गिरफ्तारी हेतु दिनांक 30/03/2022 को पुलिस अधीक्षक मन्दसौर के द्वारा 5000/- रूपए की ईनामी उद्घोषणा जारी की गई।

# अतरौली में पत्नी को प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है

**ज़मीर हुसैन/ एन सी आर समाचार**

पत्नी को गृह लक्ष्मी जैसी कहावतों से नवाजने वालों में कुछ पति देवता ऐसे भी हैं जो पत्नियों को प्रताड़ित करने से आज भी बाज नहीं आते। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। सम्पूर्ण जानकारी अनुसार जनपद सीतापुर के कोतवाली खैराबाद अंतर्गत दहेलिया गांव निवासी नगीना पुत्री छन्नी लाल ने बीते सोमवार को थाना अतरौली में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए कहा मेरी शादी लवकुश उर्फ अंगद शुक्ला पुत्र लाल जी शुक्ला निवासी ग्राम शिवपुरी थाना अतरौली जनपद हरदोई के साथ करीब पांच वर्ष पूर्व में हुई थी। सादी के दो वर्ष बीतने के पश्चात मेरे पति, ससुर लाल जी शुक्ला वा देवर वीरू शुक्ला एक मत होकर तरह तरह से मारने पीटने और प्रताड़ित करने लगे। वा जान माल की धमकी देकर अवैध संबंध होने का आरोप लगाकर आए दिन परेशान कर रहे हैं। दिनांक 19 जून की दोपहर समय करीब 03 बजे मेरे पति ने शराब पीकर मुझे लात घूसों से बुरी तरह मारा पीटा वा जान माल की धमकी दी। जिससे मुझे चोटें भी आईं। मामले की जानकारी मेरे भाई को हुई तो वह मुझे लेकर मायके आ गया। मेरे पति मेरा उत्पीड़न कर मुझे रखना नहीं चाहते। मेरे ससुर आए



दिन दूसरी बहू लाने की धमकी देते हैं। मुझे ससुराल में सही तरीके से रखने को लेकर मेरे भाई वह रिश्तेदार द्वारा जब मेरे पति से कहा जाता है तो वह सभी को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए बेज्जत करते हैं। नगीना ने बताया मेरी दो छोटी बेटियां है जिन्हें लेकर हम कहां जाएं मुझे शेष जीवन काटना दुश्वार हो गया है शादी के बाद से मायके और ससुराल के चक्कर काटते-काटते मैं परेशान हो चुकी हूं मुझे न्याय चाहिए। मामले पर संज्ञान लेते हुए थाने के एसएसआई द्वारा प्रकरण की निष्पक्ष जांच एवं निस्तारण की जिम्मेदारी कांस्टेबल सैलेंद्र सिंह को सौंपी गई है। देखना होगा कि आंखों में आंसू गोद में नन्हीं सी बच्ची लिए दर दर भटकती पीड़िता को अतरौली पुलिस न्याय दिलाने में कामयाब साबित होती है या नहीं।

# ग्रेटर नोएडा में पिता पर 5 साल की बेटी के साथ डिजिटल रेप का आरोप

**एनसीआर समाचार**

ग्रेनो वेस्ट की एक सोसाइटी में पांच साल की बच्ची से डिजिटल रेप का मामला सामने आया है। पूछताछ करने पर बच्ची ने पिता पर डिजिटल रेप का आरोप लगाया। बच्ची ने पीड़ा होने पर मां को जानकारी दी। इसके बाद महिला ने पति के खिलाफ बिसरख पुलिस में शिकायत करवाई। महिला का आरोप है कि 18 जून की रात पति ने पांच साल की बेटी से डिजिटल रेप किया। बच्ची ने निजी अंगों में दर्द होने पर मां को घटना की जानकारी दी। दंपती में विवाद की बात सामने आ रही है। फ्लैट भी संयुक्त रूप से दंपती के नाम हैं, लेकिन दोनों अलग-अलग कमरे में रहते हैं। एक सप्ताह पहले पति ने कमरे के बाहर कैमरा लगाया था। इसके बाद भी दोनों में विवाद हुआ था। पुलिस का कहना है कि बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराकर केस दर्ज कर लिया गया है। अब सोमवार को बच्ची के बयान दर्ज कराए जाएंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। डिजिटल रेप शब्द हाल ही में चर्चाओं में आया है। इसका अर्थ है उंगली, जो अश्लील हरकत उंगली या अंगूठे से की जाती है। उसे डिजिटल रेप कहा जाता है। पिछले माह नोएडा की सेक्टर-39 थाना पुलिस ने 80 साल के बुजुर्ग को डिजिटल रेप के आरोप में गिरफ्तार किया था। बुजुर्ग पर आरोप था कि वह अपनी नाबालिग घरेलू सहायिका से सात साल से डिजिटल रेप कर रहा है।

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किए बांके बिहारी के दर्शन

**बबलू /एनसीआर समाचार**

मथुरा में देश के महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी ने कृष्णा कुटीर में विधवा व निराश्रित महिलाओं से मुलाकात करने के पश्चात व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि वेदों की रचना करने वाली लोपमुद्रा, आपला और भोसा जैसी अखियों वाले समाज में महिलाओं के तिरस्कार जैसी स्थितियां बनती हैं यह भी एक कड़वा सच है। हमे बाल विवाह, सतिप्रथा और दहेजप्रथा की तरह विधवा जीवन की कुरीति को भी समाज से दूर करना होगा। इसके लिए समाज का नजरिया बदलने की आवश्यकता है। समाज को जाग्रत होना होगा और अनेक संतो और समाज सुधारकों को तिरस्कृत माता और बहनों के जीवन को सुधारने के लिए राजाराम मोहन राय, ईश्वरचंद विद्यासागर और स्वामी दयानंद जैसे प्रयासों को करना होगा। महामहिम जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी माता और बहनों के जीवन को सुगम और सरल बनाने के लिए प्रतिबद्धता निभाई जा सकती है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वृंदावन में कृष्णा कुटीर का निर्माण किया गया। अब कृष्णा कुटीर को उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने हाथो में लेकर श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भरपूर सहयोग दिया जाता है। वृंदावन की माता एवं बहनों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मासिक पेंशन की भी व्यवस्था की गई है और माताओं को देखभाल केंद्र व राज्य सरकार मिलकर रही है। केंद्र व राज्य सरकार के किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री एवं महामहिम राज्यपाल जी ने महिलाओं के दुख दर्द सुनने और उनकी पीड़ाओं को कम करने के लिए उनसे मिलने का कार्यक्रम बनाया। श्री कोविंद जी ने कहा कि मेरा विचार है



कि समाज में इस प्रकार के आश्रम ग्रहों, की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए, हम एक ऐसा माहौल बनाए, जिसमे समाज में जागरूकता उत्पन्न हो और महिलाओं के पुनर्विवाह, आर्थिक स्वावलम्बन, पारिवारिक संपत्ति में हिस्सेदारी, सामाजिक अधिकारों की रक्षा जैसे उपाय किए जाएं और उन्हें आत्मसम्मान तथा आत्मविश्वास से भरपूर जीवन जीने अवसर दिया जाए।माताओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाए और उनका संपर्क बढ़ाया जाए तथा तीज त्यौहार में भी उनको शामिल किया जाए। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुराने प्रचलन में विधवाएं सफेद साड़ी पहन कर रहती थी, लेकिन आज रंगीन कपड़े पहनकर बैठी है। यह एक क्रांतिकारी परिवर्तन है।बदलते भारत की तस्वीर हमारी माताएं भी देखना चाहती है मा0 मुख्यमंत्री उ0 प्र0 सुलभ इंटरनेशनल संस्था के संस्थापक बिंदेश्वरी पाठक एवं समाज संस्थाओ से आग्रह करता हु कि इन माताओं को देश व प्रदेश के दर्शन कराये जाए। प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ब्रज की भूमि को पवित्र बताते हुए कहा कि यह राधा और कृष्ण की लीलाओं की स्थली है, जहा अनेकों प्रसिद्ध मंदिर जैसे बिहारी जी, गोविंद जी, राधाबल्लभ, निधिवन, वैष्णो देवी आदि विद्यमान है। उन्होंने कहा कि वृंदावन की प्राकृतिक छटा देखते योग्य है यह नगर हिंदू समाज की आस्थाओं से जुड़ा है। यही कारण है कि अनेको विधवा महिलाओं को वृद्धाआश्रम में जीवन यापन के लिए छोड़ दिया जाता है यहां प्रदेश ही नहीं अनेकों देश व प्रदेशों से महिलाए आती है। वर्तमान में कृष्णा कुटीर में 157 महिलाए जीवन यापन कर रही है। उन्होंने कहा कि कृष्ण कुटीर में एक हजार महिलाओं के रहने की व्यवस्था है, जिसका प्रबंध केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कर रही हैं। कार्यक्रम से पूर्व महामहिम राष्ट्रपति जी प्रातः10 बजे कृष्णा कुटीर पर बनाए गए हेलीपेड पर अपने परिवार के साथ उतरे। जहां उनके स्वागत के लिए पूर्व में आयि हुई महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी तथा प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश के मा0 गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष श्री शेल्जाकांत मिश्र, मा0 महापौर डॉ मुकेश अर्यबंधु, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह,मंडलायुक्त अमित गुप्ता, एडीजे राजीव कृष्ण, आईजी नचिकेता झा, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त अनुनय झा, आदि ने महामहिम का स्वागत किया।

## संपादकीय

### बार-बार रणनीतिक चूक का शिकार होते जा रहे हैं अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के नेतृत्व में लगातार चुनाव पर चुनाव हारती जा रही है, बल्कि कड़वी सच्चाई यह है कि अब राजनीति के गलियारों में यह चर्चा आम हो गई है कि अखिलेश में सियासी समझदारी कम और अकड़बाजी ज्यादा है। अपने इर्दगिर्द की चौकड़ी के बीच घिरे रहते हैं। सोशल मीडिया से निकलकर जमीन पर उतरते नहीं हैं, इसलिए जमीनी हकीकत से भी अंजान हैं। विरोध के नाम पर सरकार के सभी फैसलों का विरोध अखिलेश की सियासत का शगल बन गया है। राजनीति में शिष्टाचार जरूरी है, यह मूल मंत्र भी अखिलेश भूल गए हैं, गत दिनों विधानसभा के अंदर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने जिस तरह से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के पिताजी को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया वह इसलिए तो दुखद था ही क्योंकि मौर्या के पिता का कभी भी राजनीति से कोई लेना-देना नहीं रहा है, इससे भी बड़ी बात यह है कि उनकी मृत्यु भी काफी पहले हो चुकी है। अखिलेश के विरोधी तो यहां तक कहने लगे हैं कि बड़ों का अपमान करना अखिलेश के संस्कार बन गए हैं, वह डिप्टी सीएम मौर्या के पिता ही नहीं अपने पिता और चाचा को भी सार्वजनिक रूप से अपमानित कर चुके हैं, जिन बसपा सुप्रीमों मायावती को वह (अखिलेश) बुआ कहकर बुलाते थे, उनके साथ भी 2019 के लोकसभा चुनाव के समय किया गया गठबंधन टूटने के बाद सपा प्रमुख का व्यवहार काफी खराब रहा था। 2019 में बसपा-सपा साथ-साथ चुनाव लड़े तब अखिलेश को मायावती में कोई बुराई नहीं लगती थी और अब गठबंधन टूटने के बाद इसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में वह राजनैतिक फायदा लेने के लिए बसपा सुपीमो के खिलाफ अनाप-शनाप बयान देने के साथ ही बसपा को भाजपा की बी टीम बताने लगे। यह और बात है कि इतना सब होने के बाद भी अखिलेश अपनी पार्टी का भला नहीं कर पा रहे हैं। पहले तो वह सपा की दुर्दशा के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर तोहमत लगा दिया करते थे, लेकिन अब जबकि इसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी की कमान पूरी तरह से अखिलेश के हाथ में थी, तब भी समाजवादी पार्टी का कोई खास भला नहीं हुआ। यूपी चुनाव 2022 के समय समाजवादी पार्टी की तरफ से सरकार बनाने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे थे। अखिलेश ने अपनी चुनावी रणनीति के अनुसार तमाम उन छोटे दलों को साथ लिया जो किसी न किसी स्थिति में वोट काटने की क्षमता रखते थे। इसके बाद भी सपा सरकार बनाने के आंकड़े के आधा सीटों पर ही जीत दर्ज करने में कामयाब हुई। सवाल खड़े होने लगे तो अखिलेश ने दिल्ली की सियासत छोड़ यूपी पर फोकस करने का मन बनाया। आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा देकर यूपी की राजनीति में कूद पड़े, लेकिन लोकसभा उप चुनाव के परिणाम उनके लिए परेशानी का सबब बन गए। वह अपनी सीट पर अपने ही भाई को नहीं जिता पाए। आजमगढ़ और रामपुर में हुए लोकसभा उप चुनाव में मिली हार ने समाजवादी पार्टी के भविष्य पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। खैर, राजनैतिक पंडितों की बात की जाए तो उनको लगता है कि इसका कारण पार्टी के भीतर जारी खेमेबाजी है। चुनाव से ऐन पहले अखिलेश यादव ने खेमेबाजी को कम करने की गरज से ही दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में पार्टी के नाराज चल रहे वरिष्ठ नेता आजम खान से मुलाकात कर सब कुछ ठीक हो जाने का मैसेज देने की कोशिश की थी, वह भी परवान नहीं चढ़ सकी, जो हालात बने हुए हैं उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है कि अखिलेश यादव के सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी के खिसकते जनाधार को बचाने की है। वह अपने पिता की तरह यादव-मुस्लिम गठजोड़ को बनाए रखने में लगातार नाकामयाब होते जा रहे हैं। सपा का यादव बेल्ट तक में जनाधार खिसकता दिख रहा है। लोकसभा उप-चुनाव में बसपा ने जिस तरह से सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की वह 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा के लिए संजीवनी तो सपा के परेशानी का सबब बन सकता है। इससे भी बड़ी चिंता अखिलेश के सामने अपने गठबंधन को बचाए रखने की है। समाजवादी पार्टी के सहयोगी दलों में दूरी बढ़ती दिखने लगी है। लोकसभा उप चुनाव के बाद से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का जो बयान सामने आया है, वह अखिलेश की मुश्किलें बढ़ाने वाला है। वे अखिलेश यादव को ए0सी0 कमरों से बाहर निकल कर जनता के बीच जाने की बात करते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा है कि 2024 में अगर जीतना है तो ए0सी0 कमरों से निकलना होगा। आजम खान की नाराजगी तो चुनाव परिणाम के दिन ही देखने को मिल गई थी। महान दल पहले ही साथ छोड़ गया है। स्वामी प्रसाद मौर्य को अखिलेश ने विधान परिषद में भेजकर उनकी थोड़ी नाराजगी जरूर कम कर दी है, लेकिन यदि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने स्वामी की बेटी को बदायूं से टिकट नहीं दिया तो उनको सपा में बनाए रखना आसान नहीं होगा। ऐसे में अखिलेश को गठबंधन बचाए रखने से लेकर पार्टी के भीतर की खींचतान से भी निपटने की चुनौती है। राजनीति के जानकार कह रहे हैं कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सियासी चूक समीकरणों को समझने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने में हुई। अखिलेश यादव 2019 के लोकसभा चुनाव के आधार पर लोकसभा उप-चुनाव में अपनी रणनीति को तैयार कर रहे थे, लेकिन, यहां वे भूल गए कि 2019 में उन्हें आजमगढ़ और रामपुर सीट बहुजन समाज पार्टी के गठबंधन के कारण मिली थी। 2014 के चुनाव में जब सपा और बसपा अलग-अलग चुनावी मैदान में उतरे थे तो रामपुर का रण सपा हारी थी। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव आजमगढ़ से बड़ी मुश्किल से जीते थे। ऐसे में उनकी रणनीति दोनों ही सीटों पर उम्मीदवारों को उतारने को लेकर सटीक नहीं बैठी और पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा उप-चुनाव में अखिलेश यादव ने जमीनी हकीकत नहीं देखी, वह अति आत्मविश्वपास में डूबे रहे। इसीलिए आजगगढ़ में वह बसपा की रणनीति को समझने की बजाए पिता मुलायम सिंह की तरह अपने परिवार को सेट करने में लगे रहे। सपा के अंदरूनी सूत्रों की मानें तो धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ से उतरने को मानसिक रूप से तैयार नहीं थे। वे बदायूं में ही काम करना चाहते थे, लेकिन अखिलेश यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य के चलते धर्मेंद्र को बदायूं से दूर करने की रणनीति पर काम कर रहे थे, क्योंकि यहां की लोकसभा सीट से स्वामी मौर्य अपनी बेटी संघमित्रा मौर्य को मैदान में उतारना चाहते हैं, जो इस समय बीजेपी की सांसद हैं और 2024 में बीजेपी से उनको टिकट मिलने की संभावना नहीं के बराबर है। वैसे भी पिता के भाजपा छोड़कर सपा में जाने के बाद संघमित्रा ने बीजेपी को जो तेवर दिखाए हैं, उससे साफ है कि लोकसभा चुनाव 2024 में वह पाला बदल सकती हैं।

# योगी के आगे सारे विपक्षी नेता पस्त

संजय सक्सेना

**उप-चुनाव में दो सीटों पर हार के साथ ही समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में अब तीन सीटों पर सिमट गई है, जिसमें मैनपुरी लोकसभा सीट से मुलायम सिंह यादव, संभल से शफीकुर्रहमान बर्क और मुरादाबाद से एस.टी. हसन ही अब सांसद रह गए हैं।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक-एक कर कई राजनैतिक रिकॉर्ड अपने नाम करते जा रहे हैं। हाल यह है कि योगी यूपी ही नहीं, कई राज्यों तक में जीत का हिट फार्मूला साबित होने लगे हैं। राज्य में लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले योगी प्रदेश के पहले ऐसे नेता बन गए हैं जो लगातार दो बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने में सफल रहे हैं। योगी का यूपी में जबर्दस्त जलवा कायम है, जिसके बल पर उन्होंने आजमगढ़ और रामपुर की दो लोकसभा सीटें जीत कर दिल्ली की झोली में डाल दीं। यह वह सीटें थीं जिन पर 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी तक का जादू नहीं चल पाया था, जबकि आम चुनाव में सपा के इस अभेद्य दुर्ग को ध्वस्त करने के लिए बीजेपी ने इन पूरी ताकत झोंक दी थी। लेकिन सपा के यह गढ़ मोदी ध्वस्त नहीं कर पाए थे। इसके उलट 2019 के लोकसभा चुनावों में पूरे यूपी में बीजेपी का प्रदर्शन शानदार रहा था। मोदी का जादू चला था। उप-चुनाव में दो सीटों पर हार के साथ ही समाजवादी पार्टी यूपी में अब तीन सीटों पर सिमट गई है, जिसमें मैनपुरी लोकसभा सीट से मुलायम सिंह यादव, संभल से शफीकुर्रहमान बर्क और मुरादाबाद से एस.टी. हसन ही अब सांसद रह गए हैं। काफी लम्बे समय के बाद ऐसा हो रहा है जब मुलायम के अलावा उनके कुनबे का कोई और सदस्य लोकसभा में नहीं दिखाई देगा। लोकसभा में समाजवादी पार्टी तीन सीटों पर सिमट गई है तो बसपा के दस सांसद क्रमशः अंबेडकर नगर, अमरोहा, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, लालगंज, नगीना, सहारनपुर, बिजनौर और श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से मौजूद हैं। वहीं कांग्रेस के पास रायबरेली की एक मात्र लोकसभा सीट बची है। वहीं भारतीय जनता पार्टी गठबंधन का आंकड़ा उप-चुनाव के नतीजे आने के बाद 76 पर पहुंच गया है। बहरहाल, उप-चुनाव में सपा के गढ़ में बीजेपी



को मिली इस जीत ने योगी की सियासी ताकत काफी बढ़ा दी है। इसके साथ ही इन नतीजों को उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों पर मुहर के तौर पर भी देखा जा रहा है। दोनों ही सीटों पर योगी ने आक्रामक प्रचार किया था। राजनैतिक पंडितों को लग रहा था कि आजम खान पर लगे 90 मुकदमे रामपुर में भाजपा की जीत की राह में दीवार की तरह खड़े हो सकते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सियासी तरकश से निकले तीरों ने उस दीवार को ढहा दिया। आजमगढ़ में भी योगी की चुनावी रणनीति काम कर गई। योगी ने दोनों ही जगह प्रचार करके अखिलेश की सोच की जबर्दस्त 'घेराबंदी' की थी। 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद यह दूसरा मौका है जब जनता ने योगी सरकार पर विश्वास जताया है। विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आएंगे तो योगी ही' का नारा लगाया था, तो पार्टी के भीतर और बाहर भी लोग चौंके थे। लेकिन, नतीजों से टूटे 37 साल के इतिहास ने नारों के निहितार्थ बता दिए थे। तीन महीने बाद ही हुए उप-चुनाव के नतीजों ने इस निहितार्थ का और विस्तार किया है। योगी के नेतृत्व में मिली जीत की बड़ी वजह यह रही कि योगी ने कभी भी किसी दबाव में आकर अपनी सरकार के कामकाज की शैली नहीं बदली थी, जबकि उनके ऊपर लगातार आरोप लगते रहे कि योगी मुसलमानों को डरा रहे हैं। आरोप लगे कि मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। दरअसल, विपक्ष ने भी योगी सरकार बनने के बाद माफियाओं से लेकर दंगे के आरोपियों तक की संपत्तियों पर चले बुलडोजर को चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाया था, लेकिन यह मुद्दा विपक्ष को फायदा तो नहीं दिला पाया, उसके उलट योगी इसका फायदा उठा ले गए। बुलडोजर को दूसरे भाजपा शासित राज्य भी अपना रहे हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि इसी साल होने वाले दूसरे राज्यों के विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक के तौर पर योगी के 'बुलडोजर बाबा' की यह इमेज अहम साबित होगी। योगी के संसदीय क्षेत्र गोरखपुर जिले से सटे आजमगढ़ लोकसभा की जीत योगी के लिए सियासी उपलब्धि से इतर व्यक्तिगत तौर पर खास है क्योंकि 2008 में मऊ की एक सभा में जाते हुए आजमगढ़ में ही योगी के काफिले पर हमला हुआ था। उस समय योगी सांसद थे और प्रदेश में बसपा की सरकार थी। ऐसे में वहां मिली जीत और महत्वपूर्ण हो जाती है। अहम यह भी है कि रामपुर और आजमगढ़ दोनों ही जगह वोटों के समीकरण योगी के राजनीतिक स्टाइल के हिसाब से मुफीद नहीं हैं। बावजूद इसके सीएम ने वहां जनसभाओं में खुलकर अपना दांव खेला। रामपुर में उन्होंने रामपुरी चाकू सज्जन हाथों में देने की अपील के साथ ही सिखों, दलितों और गरीबों मुस्लिमों को सुरक्षा और जीविका का भरोसा दिया। आजमगढ़ को 'आर्यगढ़' बताकर उन्होंने अपने कोर वोटरों के ध्रुवीकरण से भी परहेज नहीं किया। इन प्रयोगों के बाद उप-चुनावों में बीजेपी के पक्ष में आए नतीजे ना केवल योगी के आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे बल्कि भाजपा के लिए रणनीति के नए विकल्प भी खोलेंगे।

## विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक में भारत ने लंबी छलांग लगा ली...पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

प्रह्लाद सबनानी

**शासकीय कुशलता में सुधार को केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय संसाधनों के बहुत ही कुशल तरीके से किये जा रहे प्रबंधन के रूप में वर्णित किया गया है। कोरोना महामारी के बीच भी वित्तीय संतुलन बनाए रखा जा सका है एवं वित्तीय घाटे को भी काबू में रखा जा सका है।**



अभी हाल ही में, 15 जून 2022 को, स्विटजरलैंड स्थित प्रबंधन विकास संस्थान (इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट) द्वारा विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक जारी किया गया है। इस सूचकांक में भारत ने, एशिया के सभी देशों के बीच, सबसे लम्बी छलांग लगाते हुए पिछले वर्ष के 43वें स्थान से इस वर्ष 37वां स्थान प्राप्त किया है। उक्त सूचकांक में भारत की यह लम्बी छलांग विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में किए जा रहे कई महत्वपूर्ण सुधार कार्यक्रमों के चलते सम्भव हो सकी है। वर्ष 1989 से ही प्रबंधन विकास संस्थान, स्विट्जरलैंड अपने वार्षिक प्रतिवेदन में विश्व के कई देशों की प्रतिस्पर्धात्मकता की स्थिति को दर्शाता आ रहा है। इस सूची में शामिल देश, लम्बी अवधि के लिए अपनी उपयोगिता के निर्माण हेतु, किस प्रकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने आप को प्रतिस्पर्धी बनाने में सक्षम रहते हैं, इसका आकलन इस प्रतिवेदन में दर्शाया जाता है और यह आकलन मुख्य रूप से निम्नलिखित चार तत्वों पर आधारित रहता है- 1. देश में आर्थिक विकास की स्थिति, 2. देश में शासकीय कुशलता की स्थिति, 3. देश में व्यवसायिक कुशलता की स्थिति एवं 4. देश में अधोसंरचना के विकास की स्थिति। उक्त चार तत्वों के अंतर्गत कई उपकारक भी शामिल किए जाते हैं एवं इन उपकारकों की कसौटी पर भी प्रत्येक देश की स्थिति का आकलन किया जाता है।

वर्ष 2022 में प्रबंधन विकास संस्थान, स्विट्जरलैंड द्वारा विश्व के कुल 63 देशों का आकलन, उक्त वर्णित 4 तत्वों के आधार पर, विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक के लिए किया गया है। वैश्विक स्तर पर डेनमार्क ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए वर्ष 2021 में प्राप्त किए गए तीसरे स्थान से वर्ष 2022 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान पर स्विट्जरलैंड एवं तृतीय स्थान पर सिंगापुर रहा है। एशियाई देशों में से जो देश इस सूची में अपना स्थान प्राप्त कर सके हैं वे हैं, सिंगापुर (3), हांगकांग (5), ताईवान (7), चीन (17) एवं आस्ट्रेलिया (19)। उक्त वर्णित चार तत्वों के आधार पर भारत के निष्पादन में वर्ष 2022 में सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। आर्थिक विकास के क्षेत्र में भारत ने अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए वर्ष 2021 में 37वें स्थान से वर्ष 2022 में 28वां स्थान प्राप्त किया है। भारत ने शासकीय कुशलता की स्थिति में भी सुधार करते हुए वर्ष 2021 में 46वें स्थान से वर्ष 2022 में 45वां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार भारत ने व्यवसायिक कुशलता की स्थिति में भी सुधार करते हुए वर्ष 2021 में 32वें स्थान से वर्ष 2022 में 23वां स्थान प्राप्त किया है। श्रम बाजार व्यावसायिक दक्षता पैरामीटर और व्यावसायिक कुशलता में एक प्रमुख उप-कारक है और भारत श्रम बाजार के क्षेत्र में वर्ष 2021 में 15वें स्थान से वर्ष 2022 में 6वें स्थान पर पहुंच गया है। हालांकि, उक्त सूचकांक प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2022 में अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में भारत की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है अतः भारत का स्थान वर्ष 2021 एवं वर्ष 2022 में 49वें स्थान पर कायम रहा है। विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक में वर्ष 2022 में भारत की स्थिति में सुधार मुख्य रूप से भारत सरकार द्वारा आर्थिक सुधार कार्यक्रमों के अंतर्गत लिए गए कई निर्णयों के कारण ही सम्भव हो सका है। जैसे वर्ष 2021 में पूर्व प्रभावी टैक्स (रेट्रॉस्पेक्टिव टैक्स) के क्षेत्र में किए गए सुधार कार्यक्रम लागू करते हुए, ड्रोन, स्पेस एवं भू-स्थानिक मानचित्रण और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में भारत के पुनः विनियमन ने भी विश्व प्रतिस्पर्धात्मक सूचकांक में भारत के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। वैश्विक स्तर पर फैली कोरोना महामारी के बाद भारत ने व्यापारिक समुदाय का विश्वास बहाल किया है। साथ ही, भारत जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए वैश्विक आंदोलन में आज एक प्रेरक शक्ति भी बन गया है और भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में किए जा कार्यों के चलते एवं सीओपी26 शिखर सम्मेलन में वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन गैसों के उत्सर्जन सम्बंधी दिए गए वचन को पूरा करने हेतु विभिन्न स्तरों पर प्रारम्भ किए गए कार्यों के कारण भी भारत को विश्व प्रतिस्पर्धात्मक सूचकांक में छलांग लगाने में सफलता मिली है। भारत में आर्थिक विकास की कहानी कुछ इस प्रकार वर्णित की जा सकती है कि मोबाइल टेलीफोन की लागत भारत में आज लगभग न्यूनतम है, भारत आज सूचना प्रौद्योगिकी का पूरे विश्व को निर्यात करने के मामले में अग्रणी देश बन गया है। विदेशी व्यापार, विशेष रूप से निर्यात के क्षेत्र में हो रहे विकास, सेवा क्षेत्र में उच्च पारिश्रमिक की दरें एवं टेलिकॉम उद्योग में पर्याप्त निवेश होना, आदि को भारत की मजबूती के कारकों में शामिल किया जा सकता है। शासकीय कुशलता में सुधार को केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय संसाधनों के बहुत ही कुशल तरीके से किये जा रहे प्रबंधन के रूप में वर्णित किया गया है। कोरोना महामारी के बीच भी वित्तीय संतुलन बनाए रखा जा सका है एवं वित्तीय घाटे को भी काबू में रखा जा सका है। हालांकि, कोरोना महामारी के दौर में केंद्र सरकार ने गरीब वर्ग की भरपूर मदद भी की है। भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यापार के लिए के कुछ आकर्षक कारक भी गिनाए जा सकते हैं। जैसे- कुशल कार्यबल, अर्थव्यवस्था की गतिशीलता, लागत प्रतिस्पर्धा, सकारात्मक दृष्टिकोण और उच्च शैक्षिक स्तर। इसी प्रकार कुछ ऐसे क्षेत्र भी चिन्हित किए जा सकते हैं, जिनमें भारत को अभी और अधिक सुधार करने की आवश्यकता है। जैसे- भारत को ऊर्जा सुरक्षा के प्रबंधन में अभी कसावट लाना होगी क्योंकि भारत में हो रहे तेज आर्थिक विकास के चलते ऊर्जा की मांग भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। देश के युवाओं में कौशल विकास करना एवं उनके लिए रोजगार के उचित अवसर निर्मित करना।

## बड़ा रोचक है सामान्य ऑटो चालक से मुख्यमंत्री पद तक पहुँचने का एकनाथ शिंदे का सफर

**चार बार के विधायक रहे शिंदे, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे नीत महाराष्ट्र की महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में शहरी विकास और पीडब्ल्यूडी मंत्री थे। वह राज्य की राजनीति में अपनी सफलता का श्रेय अक्सर पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे को देते रहे हैं।**

महाराष्ट्र के 20वें मुख्यमंत्री एकनाथ संभाजी शिंदे शिवसेना के एक मजबूत नेता के रूप में उभर कर शीर्ष पद को हासिल कर चुके हैं लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने अपने जीवन में बहुत कड़ी मेहनत की है। जमीन से जुड़े शिंदे अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत से पूर्व रोजी रोटी कमाने के लिए आटो रिक्शा चलाते थे। शिंदे ने शिवसेना में एक कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक पारी की शुरुआत की और वह अपने संगठनात्मक कौशल तथा जनसमर्थन के बल पर शिवसेना के शीर्ष नेताओं में शुमार हो गए। कभी मुंबई से सटे ठाणे शहर में ऑटो चालक के रूप में काम करने वाले 58 वर्षीय शिंदे ने राजनीति में कदम रखने के बाद बेहद कम समय में ठाणे-पालघर क्षेत्र में शिवसेना के प्रमुख नेता के तौर पर अपनी पहचान बनायी। उन्हें जनता से जुड़े मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाने के लिए पहचाना जाता है। चार बार के विधायक रहे शिंदे, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे नीत महाराष्ट्र की महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में शहरी विकास और पीडब्ल्यूडी मंत्री थे। वह राज्य की राजनीति में अपनी सफलता का श्रेय अक्सर पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे को देते रहे हैं। नौ फरवरी 1964 को जन्मे शिंदे ने स्नातक की शिक्षा पूरी होने से पहले ही पढ़ाई छोड़ दी और राज्य में उभर रही शिवसेना में शामिल हो गए। मूल रूप से पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले से ताल्लुक रखने वाले शिंदे ने ठाणे जिले को अपना कार्यक्षेत्र बनाया। पार्टी की हिंदुत्ववादी विचारधारा और बाल ठाकरे के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर शिंदे ने शिवसेना का दामन थाम लिया। वह कहते हैं कि महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी तरक्की के लिए वह शिवसेना और इसके संस्थापक, दिवंगत बाल ठाकरे के ऋणी हैं। शिवसेना में शामिल होने के बाद उन्हें पार्टी के मजबूत नेता आनंद दिघे का मार्गदर्शक मिला। 2001 में दीघे की आकस्मिक मृत्यु के बाद उन्होंने ठाणे-पालघर क्षेत्र में पार्टी को मजबूत किया। ठाणे शहर की कोपरी-पचपखाड़ी सीट से विधायक शिंदे सड़कों पर उतरकर राजनीति करने के लिए पहचाने जाते हैं और उन पर हथियारों से जानबूझकर चोट पहुंचाने और दंगा करने समेत विभिन्न आरोपों में दर्जनों मामले दर्ज हैं। शिंदे 1997 में ठाणे नगर निगम में पार्षद चुने गए थे और इसके बाद वह 2004 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर पहली बार विधायक बने। 2005 में उन्हें शिवसेना का ठाणे जिला प्रमुख बनाया गया। शिंदे के कद का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि उन्हें पार्टी में दूसरे सबसे प्रमुख नेता के रूप में देखा जाता है। शिंदे के बेटे डॉ. श्रीकांत शिंदे कल्याण सीट से लोकसभा सदस्य हैं। शिंदे को 2014 में संक्षिप्त अवधि के लिए महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी नियुक्त किया गया था। बाद में शिवसेना, भाजपा नीत सरकार में शामिल हो गई थी। कोविड-19 महामारी के दौरान, राकांपा के पास स्वास्थ्य मंत्रालय होने के बावजूद, शिंदे-नियंत्रित महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने कोरोना वायरस के रोगियों के इलाज के लिए मुंबई और उसके उपनगरों में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए। शिंदे को नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले (ठाणे के साथ) का संरक्षक मंत्री बनाया गया था। माना गया कि उन्हें नीचा दिखाने के लिए ऐसा किया गया। शिंदे, हालांकि, एक प्रमुख शिवसेना नेता बने रहे, क्योंकि उन्होंने अपना खुद का एक मजबूत समर्थन आधार विकसित किया था। वह पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहने के लिए जाने जाते हैं और अक्सर पार्टी के साधारण कार्यकर्ताओं के घरों में जाते हैं। शिवसेना के अधिकांश विधायकों को अपने साथ ले जाने और मुख्यमंत्री बनने के बाद, शिंदे की अगली चुनौती उद्धव ठाकरे और उनके वफादारों से पार्टी संगठन की कमान अपने हाथों में लेने की होगी। एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के ऐसे चौथे मुख्यमंत्री बन गए जो राज्य के सतारा जिले के रहने वाले हैं। हालांकि शिंदे ने मुंबई के निकट ठाणे में शिवसेना के नेता के तौर पर अनुभव प्राप्त किया, जबकि वह सतारा शहर से 60 किमी दूर दरे तांब गांव के रहने वाले हैं। उनसे पहले, राज्य के तीन मुख्यमंत्री इसी जिले (सतारा) से रहे हैं। उनमें यशवंतराव चव्हाण (राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री), बाबासाहेब भोसले और पृथ्वीराज चव्हाण शामिल हैं। राज्य के एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार मुख्य रूप से पुणे जिले के बारामती से हैं। एकनाथ शिंदे की बगावत और इसके परिणाम स्वरूप उद्धव ठाकरे के इस्तीफे के बाद शिवसेना अब राजनीतिक दोराहे पर है। शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे के 2012 में निधन के बाद पार्टी के समक्ष यह पहली बड़ी चुनौती है। पार्टी से बगावत करने वाले नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के तौर पर शिव सैनिक पसंद कर सकते हैं, जिससे मुख्य पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

### आवश्यक सूचना

**एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें**

# पंजाब अपने किसानों को एमएसपी से कम कीमत पर मूंग बेचने के लिए मुआवजा देगा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मूंग की खेती करने वाले किसानों को राहत देते हुए शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर मूंग बेचने वाले किसानों को मुआवजा के बतौर 1,000 रुपये प्रति क्विंटल तक का भुगतान करेगी। यह घोषणा इन खबरों के बाद हुई कि मूंग (हरा चना) न्यूनतम समर्थन मूल्य 7,275 रुपये प्रति क्विंटल से कम दर पर बेचा जा रहा है। मान ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में वित्त विभाग को निर्देश दे दिए हैं। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''पिछले कुछ दिनों में मूंग की फसल की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं।''मान ने कहा कि अगर किसी किसान ने फसल को 7,000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेचा तो राज्य सरकार उसे 275 रुपये देगी और फसल 6,500 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेची गई, 775 रुपये के अंतर का भुगतान सरकार करेगी। मान ने कहा कि अगर किसी किसान ने फसल को 6,000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेचा तो उसे 1,000 रुपये प्रति क्विंटल दिया जाएगा। मंत्री ने आगे कहा कि वह पहले ही क्षतिग्रस्त मूंग फसल की खरीद के लिए मौजूदा विनिर्देशों में छूट को मंजूरी दे चुके हैं।



मान ने बाद में एक बयान में कहा कि वर्ष 2021-22 में मंडियों में कुल 2.98 लाख क्विंटल मूंग की आवक हुई और इस साल इस फसल की आवक चार लाख क्विंटल होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल 1.25 लाख एकड़ जमीन में मूंग बोई गई है। इस बीच, शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने आप सरकार से कहा कि वह राज्य की मंडियों में आने वाली पूरी मूंग की फसल को एमएसपी पर खरीद ले और किसानों को 10 जुलाई तक निजी कंपनियों को कम दाम पर बेचने में हुए नुकसान की भरपाई करे। बादल ने मुख्यमंत्री पर एमएसपी पर पूरी मूंग की फसल खरीदने के अपने वादे से मुकरकर किसान समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। शिअद प्रमुख ने कहा, ''राज्य सरकार ने मंडियों में आने वाली पूरी फसल का 10 प्रतिशत से भी कम खरीदा है, जबकि मालवा क्षेत्र की मंडियों में मूंग की आवक जारी है।

## ई-वाणिज्य कंपनियों, फूड डिलिवरी मंचों को साथ लेगी दिल्ली सरकार

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक (एसयूपी) के सामान पर पाबंदी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जोमेटो, स्विगी, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसीई-वाणिज्य कंपनियों और फूड डिलीवरी मंचों को साथ लेगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन कंपनियों का दिल्ली में बड़ा कारोबार है, जो कोविड महामारी के बाद बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सफल रहे यह सुनिश्चित करने के लिए इन कंपनियों को साथ लाना आवश्यक है। सरकार इन ई-वाणिज्य कंपनियों के अलावा बाजार संघों, स्वयं सहायता समूहों और औद्योगिक संघों जैसे अन्य हितधारकों के साथ गोलमेज सम्मेलन करेगी जिससे कि एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक के विकल्पों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि सरकार त्यागराज स्टेडियम में 'प्लास्टिक विकल्प मेला' का आयोजन कर रही है, जिसका समापन तीन जुलाई को होगा और उसके बाद सम्मेलन होगा। कुछ ऑनलाइन मंचों ने 'प्लास्टिक न्यूट्रल डिलिवरी' पहले ही शुरू कर दी हैं।

## किसानों की आय दोगुनी करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताः पीयूष गोयल

एजेंसी

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि किसानों के लिए अन्य कल्याणकारी उपायों की शुरुआत करने के साथ-साथ किसानों की आय दोगुनी करना सरकार के लिए 'शीर्ष प्राथमिकता' है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री गोयल ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) और नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''किसान, किसान कल्याण और उनकी आय को दोगुनी करना इस सरकार की शीर्ष प्राथमिकता रही है।'' सरकार ने वर्ष 2017 में ही यह आश्वासन दिया था कि वह वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने में मदद करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग ने वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक इस वादे को पूरा करने की रूपरेखा के साथ एक रिपोर्ट पेश की थी। विशेषज्ञों के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर साल किसानों की आय में 10.41 प्रतिशत की वृद्धि करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की मदद से सरकार द्वारा चलाई जा रही ओएनडीसी पहल से पड़ोस के किराना या शॉपिंग स्टोर को मदद मिलेगी जो अमेज़ॅन जैसी बड़ी तकनीकी फर्मों से खतरा महसूस करते हैं। गोयल ने कहा, ''पड़ोस की किराना दुकानें आधुनिक, हाई प्रोफाइल दुकानों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगी और न केवल जीवित रह सकेंगी, बल्कि आगे चलकर अपनी आय भी बढ़ा सकेंगी।



## वित्तीय सेवाएं देने वाली बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों से वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिमः RBI

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वित्तीय सेवाएं देने वाली बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा करती हैं। इसका कारण वित्तीय संस्थानों के साथ उनके जटिल आपसी संबंध हैं जो आर्थिक संकट पैदा कर सकते हैं और इसका परिणाम प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रभाव के रूप में भी सामने आ सकता है। केंद्रीय बैंक ने अपनी 25वीं वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा कि फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) के आने से बैंकिंग प्रणाली को नए जोखिमों का पता चला है, जो डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण, प्रतिस्पर्धा और धन शोधन रोधी नीतियों के अनुपालन से संबंधित अन्य सार्वजनिक नीति उद्देश्यों से टकराते हैं। फिनटेक ऐसी वित्तीय कंपनियों को कहते हैं, जो प्रौद्योगिकी पर काफी अधिक आश्रित होती हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां तेजी से बढ़ सकती हैं और वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकती हैं, जो मौजूदा संस्थानों के बढ़ते विघटन से पैदा हो सकती है। बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां और वित्तीय संस्थानों के बीच जटिल संबंधों के कारण प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रभाव देखने को मिल सकता है। नियामकों को नवाचार को बढ़ावा देने और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों का प्रबंधन करने के बीच एक चुनौतीपूर्ण संतुलन बनाना पड़ता है। रिपोर्ट में नियामकों, फिनटेक उद्योग और शिक्षाविदों जैसे हितधारकों के बीच अधिक विमर्श की जरूरत पर जोर देते हुए कहा गया कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रवेश से जोखिमों और लाभों के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है।




## व्हाट्सऐप ने मई में 19 लाख से अधिक भारतीय खातों को बंद किया

**नयी दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सऐप ने मई में उपयोगकर्ताओं से प्राप्त शिकायतों के आधार पर 19 लाख से अधिक भारतीय खातों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मैसेजिंग मंच के प्रकाशित नवीनतम मासिक रिपोर्ट से यह सूचना मिली है। व्हाट्सऐप ने शिकायत मिलने यह कदम उठाया है। पिछले साल लागू हुए नए आईटी नियम के तहत, बड़े डिजिटल मंच (50 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं वाले) को हर महीने अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करना, प्राप्त शिकायतों और की गई कार्रवाई के विवरण का उल्लेख करना अनिवार्य है। व्हाट्सऐप के एक प्रवक्ता ने कहा, .... व्हाट्सएप ने मई माह में 19 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगाया है।

## प्लास्टिक पाबंदी के बाद रोजमर्रा के सामान बनाने वाली इकाइयों, सिगरेट कंपनियों ने दिखाई तेजी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्लास्टिक से बने स्ट्रॉ पर शुक्रवार से प्रतिबंध लागू होने के साथ ही रोजमर्रा के सामान बनाने वाली बड़ी कंपनियों (एफएमसीजी) एवं कृषि-खाद्य इकाइयों ने फलों के जूस एवं डेयरी उत्पादों के पैक के साथ कागज से बने स्ट्रॉ की पेशकश की तरफ कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। पार्ले एग्रो, डाबर, अमूल और मदर डेयरी जैसी प्रमुख कंपनियों ने टेट्रा पैक के साथ अब प्लास्टिक स्ट्रॉ की जगह कागज से बने स्ट्रॉ एवं अन्य वैकल्पिक समाधानों की पेशकश करनी शुरू कर दी है। उद्योग निकाय एक्शन अलायंस फॉर रिसाइक्लिंग बीवरेज कार्टंस (एएआरसी) ने कहा कि एफएमसीजी कंपनियों को प्लास्टिक स्ट्रॉ के कारगर विकल्प तलाशने में दिक्कत हो रही है। ऐसी स्थिति में जल्द ही कारगर विकल्प नहीं मिलने पर इन उत्पादों की आपूर्ति बाधित हो सकती है। एकल उपयोग वाले प्लास्टिक (एसयूपी) पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा पिछले साल की गई थी और यह प्रतिबंध एक जुलाई से अमल में आ गया है। इस बीच सिगरेट विनिर्माता कंपनियों ने भी सिगरेट के पैक पर लगने वाली पतली प्लास्टिक परत के विकल्प के तौर पर प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाने वाली (बायोडिग्रेडेबल) परत का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। सिगरेट उद्योग की संस्था टोबैको इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने इस कदम की प्रशंसा की है। आईटीसी, गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया, वीएसटी इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियां इसकी सदस्य हैं।




## कच्चे तेल, डीजल, विमान ईंधन पर लगे कर की समीक्षा हर पखवाड़ेः सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि सरकार कच्चा तेल, डीजल-पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगाए गए नए करों की समीक्षा अंतरराष्ट्रीय कीमतों को ध्यान में रखते हुए हर पखवाड़े करेगी। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह एक मुश्किल वक्त है और वैश्विक स्तर पर तेल कीमतें बेलगाम हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, ''हम निर्यात को हतोत्साहित नहीं करना चाहते लेकिन घरेलू स्तर पर उसकी उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर तेल उपलब्ध नहीं होगा और निर्यात अप्रत्याशित लाभ के साथ होता रहेगा तो उसमें से कम-से-कम कुछ हिस्सा अपने नागरिकों के लिये भी रखने की जरूरत होगी। सरकार ने शुक्रवार को ही पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर कर लगाने की घोषणा की। पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर छह रुपये प्रति लीटर और डीजल के निर्यात पर 13 रुपये प्रति लीटर की दर से कर लगाया गया है। यह एक जुलाई से प्रभाव में आ गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन की तरह स्थानीय स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर भी कर लगाने की घोषणा की गई। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर 23,250 रुपये प्रति टन का कर लगाया गया है। राजस्व सचिव तरूण बजाज ने कहा कि नया कर सेज इकाइयों पर भी लागू होगा लेकिन उनके निर्यात को लेकर पाबंदी नहीं होगी। रुपये के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। सरकार आयात पर रुपये के मूल्य के असर को लेकर पूरी तरह सचेत है।



## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 400 अंक टूटा, निफ्टी में 130 अंक की गिरावट

एजेंसी

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में करीब 400 अंक टूट गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 399.69 अंक गिरकर 52,619.25 पर कारोबार कर रहा था, जबकि एनएसई निफ्टी 130.25 अंक गिरकर 15,650 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज, टाइटन, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, आईटीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा और पॉवर ग्रिड हरे निशान में थे। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, शंघाई और सियोल के बाजार मध्य सत्र सौदों में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार भी बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बृहस्पतिवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 8.03 अंक यानी 0.02 प्रतिशत फिसलकर के 53,018.94 अंक पर बंद हुआ था। वहीं दूसरी तरफ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत के गिरावट लेकर 15,780.25 अंक पर बंद हुआ था। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.25 फीसदी की गिरावट के साथ 114.81 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 1,138.05 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।




## भारत बड़े मूल्य वाली डिजिटल भुगतान प्रणाली में नेतृत्व की ओर बढ़ा: आरबीआई रिपोर्ट

एजेंसी

**मुंबई।** भारत ने बड़े मूल्य वाली डिजिटल भुगतान प्रणालियों में नेतृत्व की भूमिका में पहुंचने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हालांकि, देश अभी भी एटीएम और कार्ड भुगतान से संबंधित कुछ मानकों में कमजोर है। आरबीआई की एक रिपोर्ट में शुक्रवार यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत को 40 संकेतकों में से 25 (पिछली कवायद में 21) में 'नेतृत्व' या 'मजबूत' के रूप में वर्गीकृत किया गया और आठ (पिछली कवायद में 12) संकेतकों के संबंध में 'कमजोर' माना गया। 'बेंचमार्किंग इंडियाज पेमेंट सिस्टम' शीर्षक वाली रिपोर्ट अन्य प्रमुख देशों के मुकाबले भारत में भुगतान परिवेश की तुलनात्मक स्थिति के बारे में बताती है। यह रिपोर्ट पहली बार 2019 में 2017 की स्थिति के बारे में तैयार की गई थी। आरबीआई ने कहा कि ताजा रिपोर्ट पिछले मापदंडों के आधार पर 2020 की स्थिति के संबंध में तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है और देश बड़े मूल्य वाली भुगतान प्रणालियों तथा तेजी से भुगतान प्रणालियों में नेतृत्व की स्थिति में पहुंच गया है। इस वजह से डिजिटल भुगतान में तेजी से वृद्धि हुई है।




### नए टायरों के लिए अक्टूबर से सख्त मानकों का पालन जरूरी

यात्री कारों, ट्रकों एवं बसों के लिए बनने वाले नए टायरों को अक्टूबर से रास्ते पर पकड़ और फिसलन से बचने की क्षमता जैसे निर्धारित मानकों पर खरा उतरना होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की तरफ से जारी एक अधिसूचना में टायरों के संबंध में नए मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। नए मानक अक्टूबर से प्रभावी हो जाएंगे। टायरों की गुणवत्ता सुनिश्चित कर इन वाहनों के सफर को अधिक सुरक्षित बनाने का मकसद है। सड़क पर टायरों की मजबूत पकड़ और घूमते समय घर्षण से आने वाली आवाज जैसे बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए नए मानक तय किए गए हैं।

# यूक्रेन में भीड़ वाले शॉपिंग मॉल में रूस ने गिराई मिसाइलें

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन में चल रहे युद्ध की भयावहता को बढ़ाते हुए रूस ने इस सप्ताह क्रेमेनचुक शहर में भीड़ वाले एक शॉपिंग मॉल और राजधानी कीव में रिहायशी इमारतों पर मिसाइलें गिरायीं। ये मिसाइल हमले ऐसे वक्त में किए गए है जब पश्चिमी देशों के नेता यूरोप में शिखर सम्मेलनों के लिए एकजुट हुए हैं। क्या यह हमले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से एक संदेश हैं? क्योंकि पश्चिम देश यूक्रेन के प्रतिरोध की क्षमता बढ़ाने के लिए उसे अधिक प्रभावी हथियार देने की योजना बना रहे हैं और साथ ही यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल करने की कवायद में लगे हुए हैं। कीव के महापौर विताली क्लित्शको ने कहा कि 26 जून को मिसाइलें तब गिरायी गयीं जब तीन दिन पहले यूरोपीय संघ के नेता यूक्रेन को सदस्यता के लिए एक उम्मीदवार बनाने पर सर्वसम्मति से राजी हो गए। उन्होंने कहा कि यह "एक सांकेतिक हमला हो सकता है" क्योंकि सात देशों के समूह के नेता और नाटो नेता बैठक करने तथा मॉस्को पर और दबाव बनाने के लिए तैयार हैं। कीव में हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी। यूरोप में अमेरिकी सैन्य बलों के पूर्व कमांडिंग जनरल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल बेन होज्स ने हमले और बैठकों के तार जोड़ते हुए कहा, "रूसी पश्चिमी देशों के नेताओं का अपमान कर रहे हैं।" जी-7 के नेताओं के अपने वार्षिक सम्मेलन के दौरान यूक्रेन को और समर्थन देने पर चर्चा के लिए जर्मनी में मुलाकात करने पर, कीव पर हमले के एक दिन बाद रूस ने यूक्रेन के मध्य शहर क्रेमेनचुक में भीड़ वाले एक शॉपिंग मॉल में मिसाइल हमले किए, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी। यह पहली बार नहीं है जब हिंसा को मॉस्को की नाखुशी के संकेत के तौर पर देखा गया। अप्रैल में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के युद्धग्रस्त देश में आए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ एक संवाददाता सम्मेलन करने के महज एक घंटे बाद रूस ने कीव पर मिसाइलें दागी थीं। रूसी राष्ट्रपति ने हाल में चेतावनी दी थी कि अगर पश्चिमी देश यूक्रेन को रूस तक मार करने में सक्षम हथियारों की आपूर्ति करते हैं तो वह उन जगहों पर भी हमले करेगा जिन्हें अभी तक उसने बख्शा हुआ था।




## यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अर्जेंटीना और चिली के राष्ट्रपतियों से की बातचीत

**ब्यूनस आयर्स।** रूसी युद्ध का सामना कर रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने लातिन अमेरिका से समर्थन हासिल करने के अपने अभियान पर जोर देते हुए अर्जेंटीना और चिली के नेताओं से शुक्रवार को फोन पर बातचीत की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर लिखा, "मैं एक महत्वपूर्ण क्षेत्र - लातिन अमेरिका के साथ संबंध निरंतर बनाए रखना चाहता हूं।"



अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज और चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के साथ जेलेंस्की की बातचीत इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो और ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति एलेजांद्रो जियामाटेई के साथ वार्ता के करीब दो सप्ताह बाद हुई है। उस वक्त, जेलेंस्की ने अपने संबोधन में कहा था कि लासो और जियामाटेई के साथ बातचीत ने "लातिन अमेरिका के साथ संबंधों को बहाल करने की हमारी नयी नीति की शुरुआत" को चिह्नित किया है। अर्जेंटीना की सरकार ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि फर्नांडीज ने यूक्रेन के नेता के साथ 35 मिनट बात की, जिसमें उन्होंने रूस के साथ होने वाली किसी भी बातचीत में मदद की पेशकश की। विज्ञप्ति के अनुसार, लातिन अमेरिकी और कैरिबियाई राष्ट्रों के समुदाय के वर्तमान प्रमुख के रूप में, फर्नांडीज ने जेलेंस्की से कहा, "लातिन अमेरिका शांतिप्रिय महाद्वीप है जो बलप्रयोग को खारिज करता है और संघर्षों को हल करने के लिए बातचीत पर जोर देता है।" युद्ध से पहले, फर्नांडीज रूस के साथ संबंध सुधारने की दिशा में अग्रसर थे। फरवरी की शुरुआत में मास्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में फर्नांडीज ने कहा था कि अर्जेंटीना को रूस के लिए "लातिन अमेरिका का प्रवेश द्वार" बनना चाहिए। फर्नांडीज ने बाद में रूस के आक्रमण की निंदा की।

बोरिक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जेलेंस्की के साथ बातचीत में उन्होंने "अपनी एकजुटता और आक्रमण की अंतरराष्ट्रीय संगठनों में निंदा का समर्थन करने की इच्छा व्यक्त की।" बोरिक ने कहा, "दक्षिण अमेरिका में यूक्रेन का एक मित्र है।" जेलेंस्की ने लिखा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में समर्थन के लिए बोरिक को धन्यवाद दिया।

## अफगानिस्तान में महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से बाहर करने की कोशिशें बढ़ रही हैं: भारत

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा।** भारत ने अफगानिस्तान में सार्वजनिक जीवन से महिलाओं को बाहर किये जाने की बढ़ती कोशिशों को लेकर शुक्रवार को चिंता व्यक्त की। उसने महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। जिनेवा में भारत के स्थायी मिशन में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पुनीत अग्रवाल ने कहा, "एक निकटवर्ती पड़ोसी और अफगानिस्तान के लंबे समय से साझेदार के रूप में, देश में शांति और स्थिरता की वापसी सुनिश्चित करने की भारत की कोशिश है।" मानवाधिकार परिषद के 50वें सत्र में "अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों की स्थिति" विषय पर हुई चर्चा में उन्होंने कहा, "हम अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम के बारे में बहुत चिंतित हैं, जो अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों की भलाई को सीधे प्रभावित करता है। अफगानिस्तान में महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से बाहर करने की कोशिशें बढ़ रही हैं।"

अग्रवाल ने कहा, "शिक्षा के अधिकार सहित महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।" उन्होंने पीड़ितों तथा उनके परिवारों और अफगानिस्तान में विनाशकारी भूकंप से प्रभावित लोगों के प्रति भारत की ओर से गहरी संवेदना भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान के लोगों के दुख को साझा करता है और "अफगानिस्तान के सच्चे दोस्त के रूप में" अफगानिस्तान के लोगों के लिए दो उड़ानों के जरिये 27 टन आपातकालीन राहत सहायता भेजी है।

# प्रौद्योगिकी साझा करना चाहते हैं लेकिन आईपी से जुड़ी शिकायतें हैं: इजराइल

एजेंसी



**यरूशलम।** भारत और इजराइल के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। इसके बीच भारत में इजराइल के राजदूत ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रौद्योगिकी साझा करने की इच्छा जताई है।

हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने बौद्धिक संपदा नियमों के उल्लंघन को लेकर चिंता भी व्यक्त की है। इजराइल के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलन ने बुधवार को कहा कि 'मेक इन इंडिया' में हम सभी की दिलचस्पी है और भारत के साथ सहयोग की अनंत संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। हालांकि, भारत में इजराइल की कंपनियों की ओर से उन्हें आईपी समस्या से जुड़ी तीन गंभीर शिकायतें मिली हैं। गिलन ने कहा, "दो-तीन हफ्ते पहले हमारे रक्षा मंत्री भारत दौरे पर गए थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात हुई थी तब 'मेक इन इंडिया' के बारे में बात हुई थी। हम सभी की इसमें रुचि है और भारत के साथ सहयोग करने की अपार संभावनाएं हैं।" उन्होंने कहा, "इजराइल की प्रौद्योगिकी और भारत की प्रौद्योगिकी का मेल, आपकी विनिर्माण क्षमता, दुनियाभर में कई और देशों में बिक्री करने की क्षमता, विशेषकर मुस्लिम देशों में आपके व्यापक राजनयिक संपर्कों की वजह से अपार संभावनाएं हैं। और इजराइल को 'मेक इन इंडिया' में बहुत दिलचस्पी है।" गिलन ने कहा, "हम प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए तैयार है लेकिन मैं यह भी बिलकुल स्पष्ट कहना चाहता हूं कि आईपी से संबंधित समस्या है।

## भूंकप के झटकों से हिला दक्षिणी ईरान, 5 लोगों की हुई मौत, 44 घायल

एजेंसी

**तेहरान।** दक्षिणी ईरान में शनिवार को 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कारण पांच लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य लोग घायल हो गए। सरकारी टेलीविजन चैनल ने बताया कि भूकंप का केंद्र राजधानी से करीब 1,000 किलोमीटर दक्षिण में स्थित सायेह खोश गांव में था। गांव के पास बचाव दल तैनात किए गए हैं। होरमोजगान प्रांत के इस गांव में करीब 300 लोग रहते हैं। इलाके में तड़के भी भूकंप बाद के झटके महसूस किए गए, जिससे कई इमारतें और बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए। चैनल ने बताया कि भूकंप कई पड़ोसी देशों में भी महसूस किया गया। इस इलाके में हालिया सप्ताह में भूकंप के कई मामूली झटके आ चुके हैं। इससे पहले नवंबर में 6.4 और 6.3 तीव्रता के भूकंप के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। ईरान में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। ऐतिहासिक शहर बाम में 2003 में 6.6 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 26,000 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 2017 में पश्चिमी ईरान में आए 7 तीव्रता के भूकंप में 600 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और 9,000 से अधिक घायल हो गए थे।



# खुल गई चीन की पोल, उइगर मुस्लिमों को बताया शत्रु वर्ग, लीक हुए दस्तावेज

एजेंसी

चीन में उइगर मुस्लिमों के साथ काफी शोषण हो रहा है। खबरों के मुताबिक, चीन के नजरबंदी शिविरों से एक दस्तावेज लीक हो गया है जिसमें खुलासा हुआ है कि चीन की सरकार उइगर मुस्लिमों के खिलाफ नरसंहार और अपराध जैसी योजना बनाती है। यह दस्तावेज शिनजियांग उइगर बहुसंख्यक क्षेत्र के शिविरों से मिले है। पुलिस फाइल के दस्तावेज लीक होने के बाद चीन की पोल खुल चुकी है। वहीं रेडियो फ्री एशिया ने भी लगभग 20 हजार से ज्यादा उइगर मुस्लिमों को हिरासत में लेने की जानकारी दी है। इन लीक दस्तावेजों में न केवल उइगर मुस्लिमों के प्रताड़ित करने की जानाकरी मिली है बल्कि शिनजियांग उइगर क्षेत्र में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सचिव चेन क्वांगुओ का एक भाषण भी मिला है। जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि कैसे चीन सरकार की उइगर मुस्लिमों की आबादी को खत्म करने की योजना थी। चीन सरकार शिनजियांग में अपराधियों पर नकेल कसने का काम जोरो-शोरों से कर रही है। पूर्व सचिव चेन क्वांगुओ ने अपने भाषण में उइगर मुस्लिमों को शत्रु वर्ग बताया है और उन्होंने शिनजियांग पर शासन करने की राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रणनीति का भी जिक्र किया। पुलिस फाइलों के लीक दस्तावेजों के मुताबिक, चीनी सरकार भी उइगर मुस्लिमों को आतंकवाद, हिंसा और इस्लामी गतिविधियों के अतिवाद से ग्रस्त मानती है।



## अमेरिका के उच्चतम न्यायालय में पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश बनीं जैक्सन

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में केतनजी ब्राउन जैक्सन ने उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही वह देश की शीर्ष अदालत में पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश भी बन गईं। 51 वर्षीय जैक्सन अदालत की 116वीं न्यायधीश हैं और उन्होंने बृहस्पतिवार को उस न्यायाधीश की जगह ली, जिसके लिए उन्होंने कभी काम किया था। न्यायमूर्ति स्टीफन ब्रेयर आज सेवानिवृत्त हुए। कुछ देर बाद जैक्सन ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए आवश्यक दो शपथ लीं, एक ब्रेयर द्वारा दिलाई गई जबकि दूसरी मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा दिलाई गई। अदालत द्वारा जारी एक बयान में जैक्सन ने कहा, "पूरे दिल से, मैं अमेरिका के संविधान का समर्थन करने और रक्षा करने तथा बिना किसी डर या पक्षपात के न्याय करने की गंभीर जिम्मेदारी स्वीकार करती हूं, इसलिए ईश्वर मेरी मदद करें। मैं अपने सभी नए सहयोगियों को उनके गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए तहे दिल से धन्यवाद देती हूं।" रॉबर्ट्स ने जैक्सन का "अदालत में का स्वागत किया।" समारोह का अदालत की वेबसाइट पर सीधा प्रसारण किया गया। जैक्सन, 2013 से एक संघीय न्यायाधीश थीं।




# गर्भपात पर न्यायालय का फैसला "अस्थिर" करने वाला: बाइडन

एजेंसी

**मैड्रिड।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गर्भपात के संवैधानिक अधिकार को समाप्त करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले को "अस्थिर" करने वाला करार दिया। उन्होंने साथ ही कहा कि यह विश्व मंच पर अमेरिका की स्थिति को प्रभावित नहीं करता। मैड्रिड में नाटो सहयोगियों और बवेरियन आल्प्स में सात बड़ी लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाओं के समूह के नेताओं के साथ चर्चा से जुड़ी पांच दिवसीय विदेश यात्रा के समापन पर बाइडन पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार को आए उच्चतम न्यायालय के आदेश का जिक्र किया जिसमें महिलाओं के लिए गर्भपात को संवैधानिक अधिकार बनाने वाले 50 साल पुराने 'रो बनाम वेड' फैसले को पलट दिया गया था। बाइडन ने कहा, अमेरिका दुनिया का नेतृत्व करने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है। लेकिन एक चीज जो अस्थिर कर रही है, वह है अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय का अपमानजनक व्यवहार, जिसने न केवल रो बनाम वेड फैसले को खारिज किया बल्कि अनिवार्य रूप से निजता के अधिकार को भी चुनौती दी। उन्होंने कहा, मैं समझ सकता हूं कि उच्चतम न्यायालय ने जो किया उससे अमेरिकी लोग निराश क्यों हैं। बाइडन ने कहा कि वह सीनेट के बाधाकारी नियमों को बदलने का समर्थन करेंगे, जिसमें अधिकतर कानूनों को पारित करने के लिए 60 वोट की आवश्यकता होती है, ताकि देशव्यापी गर्भपात सुरक्षा को साधारण बहुमत से पारित करने के लिए एक विधेयक लाया जा सके। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में बाइडन प्रशासन ने यूरोप में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को स्थायी रूप से मजबूत करने की योजना की घोषणा की। उन्होंने रूस और चीन से नए खतरे के मद्देनजर ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन को आधुनिक बनाने का श्रेय भी लिया।



## अफगानिस्तान में छूटे अमेरिका के खतरनाक हथियार कहां गए? इस देश में हो रही स्मगलिंग

एजेंसी

तालिबान जिसे यह हथियार बेच रहा है वो देश और कोई नहीं बल्कि खुद पाकिस्तान है। सूत्रों के मुताबिक, अफगानिस्तान के जाबुल प्रांत की खुली मार्केट में अमेरिका के बड़े-बड़े हथियार बहुत ही आसानी से बिकते हुए नजर आ रहे है। इन हथियारों को स्मगलिंग के जरिए पाकिस्तान पहुंचाया जा रहा हैं।

बड़े हथियार वहीं रह गए थे। अब सवाल यह है कि छुटे हुए हथियार वहीं है या लापता हो गए हैं? इसको लेकर अब बहुत बड़ा खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान की सत्ता पर बैठे तालिबानी अब अमेरिका के बचे हथियारों को बेचने में लगा हुआ है। आपको जानकर बड़ी हैरानी होगी लेकिन तालिबान जिसे यह हथियार बेच रहा है वो देश और कोई नहीं बल्कि खुद पाकिस्तान है। सूत्रों के मुताबिक, अफगानिस्तान के जाबुल प्रांत की खुली मार्केट में अमेरिका के बड़े-बड़े हथियार बहुत ही आसानी से बिकते हुए नजर आ रहे है। इन हथियारों को स्मगलिंग के जरिए पाकिस्तान पहुंचाया जा रहा हैं। अफगानिस्तान में कार्यरत पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक, तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद सरकारी सेना हजारों असॉल्ट राइफलें, बुलेट प्रूफ जैकेट, हेलमेट, मशीनगन और दूसरे हथियारों पर कब्जा कर लिया था। इन हथियारों को अब तालिबान के कमांडर जाबुल प्रांत की खुली मार्केट में बेच रहे हैं। इन हथियारों को खरीदकर पाकिस्तान पहुंचा दिया जाता है। इस बीच दक्षिण कंधार प्रांत में के लड़ाकों ने कई बड़े हथियार पकड़े हैं। इन हथियारों को स्मगलिंग करके पाकिस्तान पहुंचाया जा रहा है। इन हथियारों में एके-47 राइफलें, हजारों गोलियां और 19 रॉकेट लॉन्चर शामिल हैं।

इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं मुल्ला अब्दुल गनी ने इस बात से इनकार कर दिया कि पाकिस्तान को हथियार पहुंचाने के मामले में तालिबान कमांडरों का कोई हाथ है। उन्होंने कहा कि ये हथियार अफगानिस्तान की संपत्ति हैं और इन्हें किसी भी सूरत में देश से बाहर नहीं ले जाने दिया जाएगा।

# शी चिनफिंग ने हांगकांग के लिए "एक देश, दो प्रणाली" नीति का किया बचाव, अमेरिका पर दिया बयान FATF को दिखाने के लिए

एजेंसी

**हांगकांग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हांगकांग के लिए अपनी "एक देश, दो प्रणाली" नीति का शुक्रवार को बचाव करते हुए अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों के उन आरोपों का खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया है कि चीन ने इस नीति के जरिए 50 वर्ष के लिए हांगकांग को स्वतंत्रता एवं स्वायत्तता देने के वादे को कमजोर किया है। हांगकांग को चीनी शासन को सौंपने की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर चिनफिंग बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे। ब्रिटेन ने एक जुलाई, 1997 को हांगकांग चीन को लौटा दिया था। कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण करीब ढाई साल बाद शी हांगकांग की यात्रा पर आए हैं। इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शी ने कहा, " एक देश, दो प्रणाली" की नीति ने सार्वभौमिक रूप से सफलता प्राप्त की है। यह नीति हांगकांग को उसके स्वयं के कानून और अपनी सरकार बनाने का अधिकार देती है। शी ने कहा, " इस तरह की सफल व्यवस्था को बदलने के लिए कोई वजह मौजूद नहीं है, बल्कि इसे लंबे समय तक कायम रखना चाहिए।" उनका यह बयान हांगकांग के लोगों को आश्वस्त करने का एक प्रयास प्रतीत होता है कि 50 वर्ष के बाद भी हांगकांग की स्वतंत्रता कायम रहेगी। उन्होंने आगाह किया कि हांगकांग के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप या देशद्रोहियों के प्रति कोई सहिष्णुता नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि " राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास के हितों की रक्षा करना" सर्वोच्च प्राथमिकता है। शी ने कहा, " दुनिया को कोई भी देश या क्षेत्र विदेशी या देशद्रोही ताकतों को सत्ता पर कब्जा करने की अनुमति नहीं देगा।" शी आखिरी बार इस खास दिन का जश्न मनाने एक जुलाई 2017 को हांगकांग आए थे। चिनफिंग के नेतृत्व में, चीन ने विरोध प्रदर्शनों पर नकेल कसने और असंतोष को शांत करने के लिए सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करने, स्कूलों में 'देशभक्ति' संबंधी पाठ्यक्रम शुरू करने और चुनाव कानूनों में बदलाव करने समेत हांगकांग में कई बदलाव किए हैं। इससे पहले, शी ने इस खास मौके पर जॉन ली को हांगकांग के नए नेता के रूप में शुक्रवार को शपथ दिलाई। ली, एक पूर्व सुरक्षा अधिकारी हैं। शहर में 2019 के लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों के बाद से असंतोष जताने वाली घटनाओं पर कार्रवाई उनकी निगरानी में ही की गई। ली ने शपथ ग्रहण करते हुए शहर के लघु-संविधान, मूल कानून को बनाए रखने और हांगकांग के प्रति निष्ठा रखने का संकल्प किया। उन्होंने चीन सरकार के प्रति जवाबदेह रहने का भी संकल्प किया। ली ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले सुबह हांगकांग को चीनी शासन को सौंपने की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह में भी हिस्सा लिया था।



# जडेजा के शतक के बाद बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के दम पर भारत ने बनाया दबदबा

एजेंसी

**बर्मिंघम।** दिग्गज हरफनमौला रविन्द्र जडेजा (104) की शतकीय पारी के बाद भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह के बल्ले और गेंद से कमाल के दम पर भारत ने पांचवें क्रिकेट टेस्ट के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन शनिवार को यहां पहली पारी में इंग्लैंड के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बुमराह ने नाबाद 31 रन की पारी के दौरान बल्ले से एक ओवर में 29 रन बनाने का रिकॉर्ड कायम किया और फिर इंग्लैंड के शुरूआती तीनों विकेट झटके, जिससे मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 27 ओवर में 84 रन पर पांच विकेट गंवा दिये। स्टंप्स के समय जॉनी बेयरस्टो (12) के साथ कप्तान बेन स्टोक्स




(शून्य) क्रीज पर मौजूद थे।भारत ने पहली पारी में 416 रन बनाये जिससे इंग्लैंड की टीम अब भी 332 रन पीछे है। बुमराह ने दिन के शुरुआती सत्र में एलेक्स लीस (छह रन) को बोल्ड करने के बाद दूसरे सत्र में जैक क्रॉली (नौ) और ओली पोप (10) को अपने तीसरे और छठे ओवर की 'सातवीं' गेंद पर स्लिप में कैच कराया। क्रॉली का कैच शुभमन गिल जबकि पोप का कैच श्रेयस अय्यर ने लपका। आखिरी सत्र में दिन का सबसे अहम विकेट मोहम्मद सिराज ने लिया। उन्होंने शानदार लय में चल रहे पूर्व कप्तान जो रूट की 67 गेंद में 31 रन की पारी को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। इसके बाद मोहम्मद शमी को एक छोर से लगातार अच्छी गेंदबाजी करने का फल रात्रिप्रहरी जैक लीच के विकेट के रूप में मिला। शमी की गेंद पर विराट कोहली ने स्लिप में लीच का कैच टपका दिया लेकिन अगले ओवर इस गेंदबाज ने उन्हें खाता खोले बगैर पंत के हाथों लपकवाया। बुमराह ने 16 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी खेली और उनके बल्ले से निकले आतिश को एजबेस्टन के दर्शक बरसों तक याद रखेंगे। उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में बल्ले से रिकॉर्ड 29 रन निकाले जबकि छह अतिरिक्त समेत उस ओवर में 35 रन बने। बतौर कप्तान अपने पहले मैच में बुमराह ने टेस्ट मैच के एक ओवर में सर्वाधिक 28 रन बनाने का ब्रायन लारा का 18 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने तलवार की तरह बल्ले का इस्तेमाल किया और ब्रॉड को चार चौके और दो छक्के लगाये। भारत के नौवें, दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाजों ने 93 रन का योगदान दिया। यह बुमराह की हरफनमौला खेल का प्रभाव इतना ज्यादा था कि उसने जडेजा की शतकीय पारी की चमक को कम कर दिया। सुबह जडेजा ने संभल कर दिन की शुरूआत करते हुए अपना तीसरा शतक पूरा किया और अपनी पारी में उन्होंने 13 चौके जड़े। टेस्ट क्रिकेट में 2500 रन और 242 विकेट लेने वाले जडेजा को कपिल देव के बाद भारत का सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला माना जा सकता है। टेस्ट क्रिकेट में उनका बल्लेबाजी औसत 37 से अधिक का है। इंग्लैंड के लिये जेम्स एंडरसन ने 60 रन देकर पांच विकेट लिये। अगले महीने 40 साल के होने वाले एंडरसन से टेस्ट पारी में 32वीं बार पांच या अधिक विकेट चटकाये।

## सचिन तेंदुलकर सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने की ऋषभ पंत की तारीफ, कहा-दबाव में शतक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन 146 रन बनाकर भारत को संकट से निकालने वाले भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की पारी को पूर्व क्रिकेटरों ने 'दबाव में खेली गई खास पारी' बताया है। भारत के पांच विकेट 98 रन पर गिर गए थे जिसके बाद पंत और रविंद्र जडेजा (नाबाद 83) ने 222 रन की नाबाद साझेदारी की। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया ,'' शानदार ऋषभ पंत। बेहतरीन।'' उन्होंने लिखा ,'' रविंद्र जडेजा की भी महत्वपूर्ण पारी। स्ट्राइक बखूबी रोटेट की और शानदार शॉट खेले।'' भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने ट्वीट किया ,'' दबाव में टेस्ट बल्लेबाजी का खास नमूना ऋषभ पंत ने पेश किया। रविंद्र जडेजा




की जितनी तारीफ की जाये, कम है।'' पंत की पारी पर ट्विटर पर अन्य प्रतिक्रियायें इस प्रकार है। वीरेंद्र सहवाग : पंत अपनी ही लीग में है। दुनिया का सबसे मनोरंजक क्रिकेटर। यह पारी खास है। वेंकटेश प्रसाद : ऋषभ पंत ने बॉक्स आफिस हिट पारी खेली। जवाबी हमले की सबसे लाजवाब पारियों में से एक। खास खिलाड़ी। सुरेश रैना : क्या शानदार साझेदारी। पंत और जडेजा इसी तरह खेलते रहो। दोनों को शाबासी हरभजन सिंह : उम्दा पारी ऋषभ पंत। जब टीम को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। ऐसे ही खेलते रहो। संजय मांजरेकर : पंत आजकर मजे के लिये महान टेस्ट पारियां खेल रहा है। वाह कुलदीप यादव : फायर है ऋषभ पंत मोहम्मद कैफ : पंत ने दिखा दिया कि आत्मविश्वास से आप मैच पलट सकते हैं। वसीम जाफर : सुपर स्टफ ऋषभ पंत।

## स्ट्राइकर गुरजंत और कोच ग्राहम रीड हुए पॉजिटिव

एजेंसी

**बेंगलुरू।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के तैयारी शिविर पर बृहस्पतिवार को कोविड-19 का प्रकोप दिखा जब स्ट्राइकर गुरजंत सिंह और मुख्य कोच ग्राहम रीड सहित पांच खिलाड़ी वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए। बुधवार सुबह आरटी-पीसीआर परीक्षण किया गया था। संक्रमित लोगों में हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं और उन्हें यहां पृथकवास पर रखा गया है। हॉकी इंडिया ने बिना किसी का नाम लिए मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''राष्ट्रमंडल खेल 2022 की तैयारी कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दो खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। '' टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''गुरजंत और ग्राहम रीड संक्रमित हो गए हैं। टीम का वीडियो विश्लेषक अशोक कुमार चिन्नास्वामी भी पॉजिटिव पाया गया है।'' गुरजंत के अलावा पॉजिटिव पाए गए खिलाड़ी आशीष कुमार टोप्नो हैं। यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के परिसर में चल रहे शिविर में 31 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें पीआर श्रीजेश, मनप्रीत सिंह, पवन, ललित कुमार उपाध्याय, हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार और अमित रोहिदास शामिल हैं। खिलाड़ी एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ खेलने के बाद शिविर में पहुंचे हैं। शिविर 23 जुलाई को संपन्न होगा जिसके बाद टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होगी।

## एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप में एक माह का अंतर रहने पर दोनों में भाग लूंगा : बजरंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष पहलवान बजरंग पुनिया ने शनिवार को कहा कि अगर स्थगित किये गये एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप के बीच कम से कम एक महीने का अंतर होता है तो वह अगले साल इन दोनों प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। चीन में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण एशियाई खेल 2022 को स्थगित कर दिया गया था और आयोजकों ने अभी तक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता की नयी तारीखों की घोषणा नहीं की है। विश्व चैंपियनशिप सितंबर 2023 में रूस में होगी और वह ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। बजरंग ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सम्मान समारोह



के दौरानवर्चुअल बातचीत में कहा, ''2023 महत्वपूर्ण वर्ष है। मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप से पेरिस खेलों के लिये क्वालीफाई करना रहेगा। हमें अभी नहीं पता कि एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप के बीच कितना अंतर रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन यदि दोनों के बीच एक या डेढ़ महीने का समय होता है, तो मैं दोनों में भाग लूंगा।'' तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले 28 वर्षीय बजरंग पिछली गलतियों से परेशान नहीं होना चाहते हैं और अपना ध्यान पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं चोटिल हो गया था और ओलंपिक के बाद आठ महीनों तक इससे उबर रहा था।

ओलंपिक किसी भी खिलाड़ी के लिये महत्वपूर्ण होते हैं। स्वर्ण नहीं जीत पाना झटका था लेकिन फिर भी मैंने कांस्य पदक जीता। विश्व में 65 किग्रा सबसे मुश्किल भार वर्ग है।'' बजरंग ने कहा, ''ओलंपिक पदक जीतने के बाद मैं जरा भी नहीं बदला हूं।मेरा लक्ष्य 2024 में बेहतर प्रदर्शन करना है। मैं फिर से अभ्यास कर रहा हूं। भारत ने पिछले चार ओलंपिक में कुश्ती में पदक जीते हैं। कांस्य और रजत जीते हैं लेकिन स्वर्ण नहीं। पेरिस खेलों के लिये मेरा यही लक्ष्य है।''

उन्होंने कहा, ''हमें गलतियों को भूलकर, उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना है। जीत और हार किसी भी खिलाड़ी के जीवन का हिस्सा होते हैं। हमें दोनों को स्वीकार करना होगा।'' बजरंग राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों के सिलसिले में रविवार को अमेरिका रवाना होंगे। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता ने कहा कि जब वह बाहर अभ्यास करते हैं तो उन्हें अभ्यास के लिये बेहतर साथी मिल जाता है।

## मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पीवी सिंधु-एचएस प्रणय पहुंचे

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बृहस्पतिवार को यहां थाईलैंड की फिटायापोर्न चेईवान को हराकर महिला



एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने थाईलैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी को दूसरे दौर के 57 मिनट चले मुकाबले में 19-21 21-9 21-14 से हराया। सातवीं वरीय भारतीय खिलाड़ी अगले दौर में चिर प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे की ताइ जू यिंग से भिड़ेंगी। दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय भी पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। उन्होंने चौथे वरीय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को 21-15 21-7 से हराया। थॉमस कप में भारत की एतिहासिक खिताबी जीत के नायकों में शामिल गैरवरीय प्रणय अगले दौर में इंडोनेशिया के सातवें वरीय जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

## जानिए 145 साल पुराने विंबलडन टूर्नामेंट से जुड़ी अहम बातें

एजेंसी

27 जून से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट का आगाज हो रहा है। विंबलडन को आमतौर पर विंबलडन या द चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता है। ये दुनिया का सबसे पुराना टेनिस टूर्नामेंट है और इसे व्यापक रूप से सबसे प्रतिष्ठित माना जाता है। विंबलडन की पहली चैंपियनशिप आज से 145 साल पहले यानी साल 1877 में लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में आयोजित किया गया। शुरुआती दौर में ये केवल पुरूषों का खेल था। लेकिन साल 1884 में महिलाओं को हिस्सा लेने की इजाजत मिली। केवल दोनों विश्व युद्ध के दौरान और 2020 में कोविड महामारी की वजह से विंबलडन का आयोजन नहीं हो सका। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने लंदन पर बमबारी की जिसकी वजह से सेंटर कोरेट की छत का एक हिस्सा छतिग्रस्त हो गया जिसे ठीक करने में कई साल लगे। विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट मुख्य रूप से जून के अंत में शुरू होकर और जुलाई की शुरुआती दो हफ्तों तक चलता है। जून में आखिरी सोमवार से शुरू होने वाला टूर्नामेंट जुलाई के दूसरे सप्ताह के वीकेंड यानी शनिवार और रविवार के एकल फाइनल के साथ समापन हुआ। हालांकि, 2015 में टेनिस कैलेंडर में बदलाव के कारण ये एक सप्ताह आगे चली गई और जुलाई की शुरुआत में इसका आगाज हुआ। विंबलडन आउटडोर ग्रास कोर्ट पर खेला जाता है। ये टेनिस के चार प्रमुख ग्रैंड स्लैम में से एक है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन भी टेनिस के प्रमुख ग्रैंड स्लैम हैं। विंबलडन में प्रतियोगियों के लिए एक सख्त ऑल-व्हाइट ड्रेस कोड और शाही संरक्षण शामिल है। टूर्नामेंट में पारंपरिक रूप से दर्शकों के लिए स्ट्रॉबेरी और क्रीम खाने की परंपरा है। रोडर फेडरर आठ बार से जीतकर विजेताओं की फेहरिस्त में पहले पायदान पर हैं। महिलाओं में चेक अमेरिकी मार्टिना नवरातलोवा के नाम नौं खिताबों का रिकॉर्ड दर्ज है। इंग्लैंड में काफी बारिश होती है और ये विंबलडन के लिए एक परेशानी का सबब है। इसकी वजह से मैच स्थगित भी हो जाते थे। लेकिन 2009 में विंबलडन के सेंटर कोर्ट को बारिश के कारण खेलने के समय के नुकसान को कम करने के लिए एक ऐसी छत से सुसज्जित किया गया, जो बारिश से मैच को बचा लेती है। 135 वां संस्करण 27 जून 2022 और 10 जुलाई 2022 के बीच होने वाला है। विंबलडन 2022 में महिला और पुरुष एकल वर्ग में चैंपियन बनने पर खिलाड़ी को एक समान 2-2 मिलियन पाउंड यानी लगभग 19.45 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

## बुमराह ने लारा का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, ब्राड के खिलाफ 29 रन जड़े

एजेंसी

**बर्मिंघम।** भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने शनिवार को स्टुअर्ट ब्राड पर 29 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में एक ही ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया और महान क्रिकेटर ब्रायन लारा की उपलब्धि को एक रन से पीछे छोड़ दिया।

यह विश्व रिकॉर्ड 18 वर्ष तक लारा के नाम रहा जो उन्होंने 2003-04 में टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के बायें हाथ के स्पिनर रॉबिन पीटरसन पर 28 रन बनाकर हासिल किया था जिसमें छह वैध गेंदों में चार चौके और दो छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी जॉर्ज बेली ने भी एक ओवर में 28 रन बनाये थे लेकिन वह बाउंड्री की गिनती में लारा से पीछे रहे। ब्राड पर 2007 में शुरूआती विश्व टी20 में भारतीय स्टार युवराज सिंह ने एक ओवर में छह छक्के जड़े




थे। ब्राड ने शनिवार को यहां पांचवें टेस्ट में भारत की पहली पारी के 84वें ओवर में 35 रन लुटा दिये जिसमें छह अतिरिक्त रन (पांच वाइड और एक नो बॉल) भी शामिल थे। भारतीय कप्तान बुमराह 16 गेंद में चार चौके और दो छक्कों से 31 रन बनाकर नाबाद रहे। इस ओवर की शुरूआत हालांकि हुक शॉट से हुई जिसे बुमराह टाइम नहीं कर सके जो चौके के लिये चला गया जिसके बाद हताशा में ब्राड ने एक बाउंसर लगाया जो वाइड था जो मैदान से बाहर निकल गया और इससे पांच रन मिले। अगली गेंद 'नो बॉल' रही जिस पर बुमराह ने छक्का जड़ा। अगली तीन गेंद पर बुमराह ने अलग अलग दिशा में - मिड ऑन, फाइनल लेग और मिड विकेट पर - तीन चौके लगाये। फिर बुमराह ने डीप मिड विकेट पर एक छक्का जड़ा और अंतिम गेंद पर एक रन लिया जिससे इस ओवर में कुल 35 रन बने। भारत ने इस तरह ऋषभ पंत (146 रन) और रविंद्र जडेजा (104 रन) के शतकों से पहली पारी में 416 रन बनाये। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि बुमराह की यह उपलब्धि 'अनोखी' थी।

उन्होंने कहा, ''यह मत कहना जब 35 रन बने थे तो मैं माइक पर था। युवराज ने 36 रन बनाये थे और मैंने खुद 36 रन बनाये थे। '' जब युवराज ने टी20 विश्व कप में एक ओवर में छह छक्के से 36 रन बनाये थे तो वह कमेंट्री कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''और आज जो मैंने देखा, वो असामान्य था, जिसकी आपने कभी उम्मीद नहीं की होगी। जसप्रीत बुमराह का विश्व रिकॉर्ड बनाना, वो भी पहली बार भारतीय कप्तान के तौर पर 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए और फिर लारा, जॉर्ज बेली, केशव महाराज को पछाड़ना।

उन्होंने कहा, ''एक ओवर में 29 रन। युवराज ने जिस गेंदबाज पर छह छक्के जड़े, उसी गेंदबाज स्टुअर्ट ब्राड ने इतने रन दिये। पूरे ओवर में 35 रन बने जो विश्व रिकॉर्ड है जिससे पहले एक ओवर में सर्वाधिक रन 28 थे। '' शास्त्री ने कहा, ''आपको लगता है कि आपने सबकुछ देख लिया है लेकिन आपको महसूस होना चाहिए कि आप खेल में अब भी छात्र हो, किसी भी दिन कुछ भी हैरानी भरी चीज हो सकती है। लेकिन आज जो कुछ भी मैंने दिखा वो बिलकुल विचित्र था। जसप्रीत बुमराह ने अपने बल्ले से 29 रन से एक ओवर में कुल 35 रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

## नीरज चोपड़ा ने 89.94 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, स्टॉकहोम डायमंड लीग में जीता रजत

एजेंसी

**स्टॉकहोम।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने गुरूवार को प्रतिष्ठित डायमंड लीग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए रजत पदक जीता, वह काफी करीब से 90 मीटर दूर भाला फेंकने से चूक गये लेकिन उन्हें भरोसा है कि वह इस साल इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। नीरज पहली बार डायमंड लीग शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। 24 साल के एथलीट ने पहले ही प्रयास में 89.94 मीटर दूर भाला फेंका जिससे वह महज छह सेंटीमीटर से 90 मीटर से चूक गये। इस दौरान उन्होंने अपने 89.30 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया जो उन्होंने 14 जून को फिनलैंड के तुर्कु में पावो नुर्मी खेलों में दूसरे स्थान पर रहकर हासिल किया था। नीरज के अन्य थ्रो 84.37 मीटर, 87.46 मीटर, 84.77 मीटर, 86.67 मीटर और 86.84 मीटर के रहे। चोपड़ा ने रजत पदक जीतने के बाद 'जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स' से कहा, ''पहला थ्रो काफी अच्छा था, मुझे अच्छा लग रहा है। ऐसा नहीं था कि पहले थ्रो में ही करना है। 90 मीटर के काफी करीब था, और लग रहा था कि कर दूंगा, पर अपना सर्वश्रेष्ठ किया तो अच्छा लग रहा है। '' विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.31 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने यह दूरी तीसरे प्रयास में हासिल की। चोपड़ा ने कहा, ''मैं अब 90 मीटर के करीब हूं और इस साल मैं ऐसा कर सकता हूं। आज नहीं जीता लेकिन मुझे अच्छा लग रहा है क्योंकि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया। '' चोपड़ा अगस्त 2018 में ज्यूरिख में डायमंड लीग मीट में चौथे स्थान पर रहे थे। वह चार साल में पहली बार डायमंड लीग में खेल रहे थे। वह सात बार डायमंड लीग मीट - 2017 में तीन बार और 2018 में चार बार - में हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने कहा, ''जब एंडरसन पीटर्स ने 90 मीटर की दूरी तय की तो मुझे भी लगा कि मुझे भी ऐसा करना होगा। मेरे दिमाग में था कि सब कुछ परफेक्ट होना चाहिए, भाला एक ही लाइन में जाना चाहिए और तकनीक परफेक्ट होनी चाहिए। जब सबकुछ परफेक्ट होगा तभी आप इतनी लंबी दूरी तक थ्रो कर सकते हो। '' चोपड़ा ने कहा, ''प्रतिस्पर्धा थी लेकिन मैं खुश हूं कि मेरे सभी थ्रो काफी अच्छे थे। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं लंबे समय बाद खेल रहा हूं और अगली प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा। '' चोपड़ा की निगाहें 15 से 24 जुलाई तक अमेरिका के यूजीन में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लगी हुई हैं। विश्व चैम्पियनशिप में भारत का सिर्फ एक ही पदक है जो लंबी कूद की महान एथलीट अंजू बॉबी जार्ज ने 2003 में कांस्य पदक से हासिल किया था, तो क्या इससे उन पर दबाव होगा। इस पर उन्होंने कहा, ''नहीं, विश्व चैम्पियनशिप में एक ही पदक है, इसका कोई दबाव नहीं है। बस पूरी कोशिश करेंगे। वैसे ओरेगोन में जाकर ही पता चलेगा। हर प्रतियोगिता, प्रत्येक दिन अलग होता है। जब मैं ओरेगोन में खेलना शुरू करूंगा तो ही पता चलेगा कि मैं ओलंपिक चैम्पियन का दबाव महसूस कर रहा हूं या नहीं। '' चोपड़ा ने कहा, ''वैसे मैं बिना दबाव के खेलता हूं। मैं कड़ी ट्रेनिंग करता हूं और प्रतियोगिता में अपना शत प्रतिशत देने की कोशिश करता हूं। '' हरियाणा के इस स्टार एथलीट ने कहा कि वह विश्व चैम्पियनशिप के लिये अपनी ट्रेनिंग में कोई बदलाव नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ''मेरी अगली प्रतियोगिता ओरेगोन में विश्व चैम्पियनशिप है। यह ज्यादा दूर नहीं है, इसलिये ट्रेनिंग में कुछ बदलाव नहीं करूंगा। लेकिन अपनी ट्रेनिंग में सुधार करना जारी रखूंगा।

## हैदराबाद की सड़कों पर चलेगी Formula One रेस कार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** फार्मूला ई रेस का आयोजन अगले साल 11 फरवरी को पहली बार भारत में होगा जब हैदराबाद रेस की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने इसकी पुष्टि की। बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट में अक्टूबर 2013 में फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री के आयोजन के बाद देश में यह पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय रेस होगी जो हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। पीटीआई ने इसी महीने इस संबंध में खबर दी थी। भारत के अलावा ब्राजील भी 25 मार्च को पहली बार फार्मूला ई रेस की मेजबानी करेगा। फार्मूला ई और मोटरस्पोर्ट्स की संचालन संस्था फिया ने आगामी नौवें सत्र (2022-23) का अस्थाई



कार्यक्रम जारी किया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ''दो बड़े मोटरस्पोर्ट्स स्थल पहली बार फार्मूला ई रेस का स्वागत करेंगे। चैंपियनशिप का चौथा दौर भारत के हैदराबाद में 11 फरवरी को होगा जबकि ब्राजील के प्रशंसक 25 मार्च को सातवें दौर में साओ पाउलो ई-प्री देख पाएंगे।'' इसी साल तेलंगाना सरकार और फार्मूला ई अधिकारियों ने हैदराबाद में रेस की मेजबानी के लिए लैटर आफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए थे।

# कुब्रा सैत ने किया बड़ा खुलासा, कहा - नशे में वन नाइट स्टैंड के बाद हो गई थीं प्रेगनेंट, और फिर...



नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मशहूर वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स से मशहूर हुई कुब्रा सैत ने हाल ही में अपनी पहली किताब लिखी है। इस किताब में उन्होंने कई विषयों पर चर्चा की है। अपनी किताब ओपन बुक में कुब्रा ने अपनी निजी जिंदगी के कई चौंका देने वाले खुलासे किए हैं। किताब में उन्होंने बताया कि वे यौन शौषण और बॉडी शेमिंग तक का शिकार हो चुकी हैं। अपनी किताब के एक चैप्टर में कुब्रा ने बताया कि वह वन नाइट स्टैंड के बाद प्रेगनेंट हो गई थीं। जिसके बाद उन्होंने गर्भपात का फैसला लिया था। उस समय कुब्रा की उम्र महज 30 साल थी। कुब्रा ने बताया कि साल 2013 में वह अंडमान ट्रिप पर गई थी। वहां स्कूबा डाइविंग के एक सेशन के बाद उन्होंने कुछ ड्रिंक्स ली थीं और अपने एक दोस्त के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके कुछ दिनों बाद प्रेगनेंसी टेस्ट करने पर उन्हें पता चला कि वह गर्भवती हैं।

बातचीत में कुब्रा ने बताया कि, ₹एक हफ्ते बाद मैंने गर्भपात का फैसला किया मैं इसके लिए तैयार नहीं थी यह वैसा नहीं था जिसकी मैंने अपनी जिंदगी में कल्पना की थी मुझे लगता है कि मैं इसके लिए तैयार नहीं थी मैं एक इंसान के तौर पर इसके लिए तैयार नहीं थी मुझे नहीं लगता कि मैं अभी भी तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा, ₹महिलाओं पर 23 साल की उम्र में शादी और 30 साल की उम्र तक बच्चा करने का दवाब मुझे समझ नहीं आता यह एक से एक नियम है मुझे पता था कि मैं इसके लिए तैयार नहीं थी। मुझे कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, ₹बेशक मैं एक भयानक इंसान की तरह महसूस कर रही थी, लेकिन मैं इसलिए बुरा महसूस नहीं कर रही थी कि, मैंने ऐसा क्यों किया, बल्कि मुझे इस बात का डर था कि, लोग इसे कैसे समझेंगे। मेरी पसंद मेरे बारे में थी। कभी-कभी खुद की मदद करना मुश्किल हो सकता है। लेकिन यह ठीक है। आपको यह करना है। आपको बता दें कि कुब्रा सैत ने अपने अभिनय की शुरुआत सलमान खान की रेडी से की थी। वह सेक्रेड गेम्स से कूकू के रूप में प्रसिद्ध हुईं। उन्हें आखिरी बार Apple TV+ इंटरनेशनल सीरीज, फ़ाउंडेशन में देखा गया था।

# 'शादी में सेक्स नहीं?' संजय दत्त की बेटी त्रिशाला ने कुछ इस तरह दिया इस सवाल का जवाब, सुनकर हैरान हो गए लोग



बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त की बेटी त्रिशाला वैसे तो लाइमलाइट से काफी दूर रहती हैं। लेकिन वे अपने स्ट्रॉन्ग ओपिनियन और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। त्रिशाला मेंटल हेल्थ से लेकर रिलेशनशिप तक के मुद्दे पर खुलकर अपनी बात रखती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शादी के बाद सेक्स से जुड़े एक सवाल का जवाब शेयर किया है।आपको बता दें कि त्रिशाला सोशल मीडिया के जरिए अक्सर लोगों की मुश्किलों को सॉल्व करती हैं। रिलेशनशिप से लेकर सेक्स लाइफ तक के सवालों पर त्रिशाला बेझिझक जवाब देती हैं। हाल ही में एक शख्स ने उनकी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, 'सॉरी लेकिन अगर आपकी शादी सेक्स नहीं है तो सामने वाला साफ है कि चीटिंग कर रहा है। बस कह दो।' इसके जवाब में त्रिशाला ने लिखा, ₹मैं आपको कभी नहीं बताऊंगी कि क्या करना है ना ही अपने विचार थोपूंगी। आपको कैसे पता ही पति या पत्नी के बीच मेडिकल इश्यू नहीं चल रहा है। आपको कैसे पता अगर पति पत्नी में से कोई एक खास सेक्सुअल एक्ट को लेकर हिचकिचाता है और वह इसकी वजह से सेक्स करना अवॉइड कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि, ₹'क्या आपको पता है उनकी शादी की सभी जानकारी का अभी भी समझदारी वाला जवाब देना बाकी है? मेरी जॉब निष्पक्ष होकर सुनना है और उसे आपके ध्यान में लाना है। उसके बाद फिर अपने विचार देना। एक थेरेपिस्ट आपकी आसान तरीकों से मदद करता है। मेरा काम आपको नीचा दिखाना नहीं है। आपको बता दें कि त्रिशाला न्यूयॉर्क में रहती हैं। वे खुद को एक psychotherapist बताती हैं। त्रिशाला की तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होती हैं। इन दिनों वे अपनी बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन की वजह से सुर्ख़ियों में हैं।

# एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने पहनी बेहद टाइट ब्रा और हिला-हिलाकर किया डांस, खड़े हो गये फैंस के बाल



भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला अपने बोल्ड लुक्स और स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अपनी दिलकश अदाओं का प्रदर्शन सोशल मीडिया पर भरपूर रूप से करती हैं। उसके फैंस उनकी एक एक झलक के लिए दीवाने हैं। अभिनेत्री अक्सर खुद के डांस वीडियो डालती है, कुछ कामुक चाल दिखाते हुए ट्रेंडिंग गानों पर थिरकती नजर आती हैं। अगर उनका कमेंट बॉक्स देखा जाए तो फैंस के प्यार से पटा रहता है। कई लोग उन्हें उनके बोल्ड अंदाज के लिए ट्रोल भी करते हैं। सिर्फ वीडियो ही नहीं नम्रता अक्सर अपने सोशल मीडिया पर बहुत ही छोटे कपड़ों और बिकनी में अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं। नम्रता ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली और पसंदीदा अभिनेत्रियों की सूची में अपना नाम शामिल करवा लिया है। सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, और उनकी तस्वीरों को देखकर उनके फैंस उनके प्यार में पड़ चुके हैं। नम्रता मल्ला के इंस्टाग्राम पर 1.4 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। अब तक उन्होंने 1600 से अधिक पोस्ट की है। जो उनकी शानदार तस्वीरों और डांस वीडियो का मिश्रण हैं। नम्रता मल्ला ने अपने सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें से ज्यादातर बिकिनी में उनकी कुछ सेक्सी पोज देते हुए हैं। समुद्र तटों से उनकी तस्वीरें कुछ ऐसी हैं जिस पर फैंस ने खूब प्यार बरसाया है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नम्रता मल्ला ने खुलासा किया था कि वह अपनी फिटनेस के लिए जिम, डाउट और डांस के अलावा योगा करती है।

# सिर्फ एक बटन पर टिका ईशा गुप्ता का फ्रंट ओपन टॉप, फोटोज़ देख फैंस बोले - 'बटन टूट गया तो सारा नज़ारा दिख जाएगा'



ईशा गुप्ता बॉलीवुड की सबसे हॉट और बोल्ड अभिनेत्रियों में शुमार है। ईशा का हॉट फिगर देखकर फैंस के होश उड़ जाते हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोविंग है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। ईशा गुप्ता ने अपनी हॉट फोटोज से एक बार फिर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। हाल ही में ईशा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ हॉट तस्वीरें शेयर की है जिसे देखकर फैंस के पसीने छूट रहे हैं। बता दें कि ईशा गुप्ता इन दिनों यूएस में हैं। ईशा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में ईशा रेस्टोरेंट में लंच करती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि ईशा ने पिंक कलर का डीप नेक क्रॉप टॉप पहना है, जो एक बटन पर ही टिका हुआ है। ईशा के इस हॉट लुक को देखते ही सोशल मीडिया यूजर्स बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया यूजर्स को ईशा का यह बोल्ड लुक बेहद पसंद आ रहा है। फोटो शेयर करते ही लोगों में लाइक और कमेंट की लाइन लगा दी। एक फैन ने कमेंट किया, ₹दिलों पर राज करती हो आप। आई लव यू।₹ वहीं एक अन्य ने लिखा, ₹ओह ईशा जी आपने तो इस खाने को भी सौंदर्य प्रदान कर दिया।₹ वहीं एक यूजर ने लिखा, ₹वह बटन, इस बटन पर कितनी जिम्मेदारी है।₹ तो एक यूजर ने कमेंट किया, ₹यह बटन टूट गया तो धमाल हो जाएगा।₹ वर्क फ्रंट की बात करें ईशा आखिरी बार लोकप्रिय वेब सीरीज आश्रम के तीसरे सीजन में नजर आई थीं। इस सीरीज में अभिनेत्री की एक्टिंग लोगों को खूब पसंद आई थीं।

## विजय देवरकोंडा का हैरान कर देने वाला लुक

मुंबई। अभिनेता विजय देवरकोंडा ने शनिवार को कहा कि आगामी फिल्म लाइगर में एक मुक्केबाज की भूमिका निभाना उनके लिए मानसिक और शारीरिक दोनों ही रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। लाइगर में विजय ने मुंबई की झुग्गी बस्ती में रहने वाले एक ऐसे शख्स की भूमिका निभाई है जो एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) चैंपियनशिप में भाग लेता है। विजय (33) ने कहा कि लाइगर में उन्होंने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विजय ने ट्विटर पर फिल्म का एक नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा, मेरे लिए यह किरदार निभाना मानसिक और शारीरिक दोनों ही रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। जल्द ही लाइगर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। विजय देवरकोंडा को 'लाइफ इज़ ब्यूटीफुल', 'अर्जुन रेड्डी' और 'डियर कॉमरेड' जैसी रोमांटिक तेलुगु फिल्मों में अभिनय के लिए जाना जाता है। लाइगर में विजय के अलावा अनन्या पांडे, रोनित रॉय और महान मुक्केबाज माइक टाइसन भी नजर आएंगे।

### Makeup Kit प्रमोट करने के लिए Sunny Leone पार की सारी हदें

# सनी लियोनी ने बिना कपड़ों के तस्वीर शेयर कर इंटरनेट पर मचाई सनसनी

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी बड़े पर्दे के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है। अभिनेत्री आए दिन अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर सोशल मीडिया पर सनसनी मचा देती हैं। इसी कड़ी में बीते दिन सनी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में वह काफी हॉट अवतार में नजर आ रही हैं, जिसे देखकर सोशल मीडिया यूजर के पसीने छूट गए हैं। अभिनेत्री की यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है और लोग इसे धड़ल्ले से शेयर करने में लगे हुए हैं। सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रही इस तस्वीर को सनी लियोनी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आँखों में दिल वाले इमोजी के साथ पोस्ट किया है। इस तस्वीर में सनी सफेद रंग की ट्यूब ब्रा में जमीन पर बैठकर बड़ा ही सेक्सी पोज देती नजर आ रही है। अभिनेत्री के इस पोज की वजह से उन्होंने नीचे क्या पहना हुआ है साफ़ दिखाई नहीं दे रहा है और इसी बात ने इस तस्वीर की हॉटनेस और बढ़ा दी है। सनी का हॉट अवतार लोगों को खूब पसंद आ रहा है और लोग जमकर उनकी तस्वीर पर कमेंट कर रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, दिलो पर राज करते हो आप। एक अन्य यूजर ने तो कमेंट में सनी को शादी के लिए प्रोपोज कर दिया। यूजर ने लिखा, आप मुझे शादी करेंगी। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, आप इस तरह बैठे हुए बेहद हॉट और सेक्सी लग रही हैं। अभिनेत्री सनी लियोनी ने यह तस्वीर अपने मेकअप ब्रांड स्टाकस्ट्रक के नए प्रोडक्ट्स को प्रमोट करने के लिए शेयर की थीं। तस्वीर में सनी पिंक आई शेडो और पिंक लिपस्टिक लगाए नजर आ रही हैं। अभिनेत्री के मेकअप ब्रांड ने आज अपनी लेटेस्ट मेकअप किट लॉन्च की है।



# भजन सुनते हुए प्रोड्यूसर ने काम के बदले की थी सेक्सुअल फेवर की डिमांड, अभिनेत्री ने खुद किया खुलासा



सीरियल बाल शिव में पार्वती का रोल निभा रहीं शिव्या पठानिया का नाम टेलीविज़न की मशहूर अभिनेत्रियों में शुमार है। सालों की मेहनत और दमदार एक्टिंग के दम पर अभिनेत्री को यह मुकाम हासिल हुआ है और आज वह एक घरेलू नाम बनकर उभर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में शिव्या ने अपनी सफलता के बारे में खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कुछ चौकाने वाले खुलासे किए, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में अभिनेत्री शिव्या पठानिया ने बताया कि, ₹साल 2015 में जब 'हमसफर' बंद हो गया था तब मैं अपने करियर में एक कठिन दौर से गुजर रही थीं। आठ महीनों तक मेरे पास कोई काम नहीं था। इस दौरान एक व्यक्ति ने मुझसे संपर्क किया और मुझे विज्ञापन की पेशकश की। मुझे सांताक्रूज (मुंबई) में ऑडिशन के लिए बुलाया गया था।

मैं कमरे में गयी, जो बहुत छोटा सा था। उस आदमी (जो खुद को प्रोड्यूसर बता रहा था) ने मुझसे कहा कि अगर आप इस विज्ञापन को किसी बड़ी हस्ती के साथ करना चाहती हैं, तो आपको इसके लिए समझौता करना होगा। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सबसे मजेदार हिस्सा जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी कि उस व्यक्ति के लैपटॉप पर हनुमान चालीसा चल रही थी। यह इतना मज़ेदार था कि मुझे हंसी आ गई और मैं हंसने लगी। मैंने उससे पूछा, 'आपको शर्म नहीं आ रही है? आप भजन (हिंदू भक्ति भजन) सुन रहे हो और आप क्या बोल रहे हैं।'

# अभिनेत्री स्वरा भास्कर को जान से मारने की धमकी, मुंबई पुलिस ने जांच शुरू की



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर काफी बेबाक तरीकों से अपने बात सबके सामने रखती हैं। सोशल मीडिया पर उन्हें अपने बयानों के लिए आय दिन टारगेट किया जाता हैं। वह हमेशा ट्रोलर्स के निशाने पर रहती हैं। जहां एक तरह उदयपुर में दर्जी की निर्मम हत्या के बाद देश में हड़कंप मट गया है वहीं खबरे आ रही हैं कि स्वरा भास्कर को भी जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। इससे पहले सलमान खान को भी एक धमकी भरा पत्र भेजा गया था। अभिनेत्री स्वरा भास्कर को एक पत्र में जान से मारने की धमकी मिली है, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी। अधिकारी ने कहा कि पत्र अभिनेत्री के वर्सोवा स्थित आवास पर भेजा गया था। एक अधिकारी ने बताया कि पत्र मिलने के बाद स्वरा भास्कर ने दो दिन पहले वर्सोवा पुलिस थाने में संपर्क किया और अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा, ''शिकायत के आधार पर, हमने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक गैर-संज्ञेय अपराध दर्ज किया है।'' उन्होंने कहा कि जांच जारी है। हिंदी में लिखे गए पत्र में कहा गया है कि देश के युवा वीर सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी को यह सूचित किया जाता है कि क्राइम कण्ट्रोल एंड रिफॉर्म ऑर्गनाइजेशन (C.R.O) से जुड़े सभी सदस्यों की मान्यता को तत्काल समाप्त कर दिया गया है। अगर कोई भी सदस्य क्राइम कण्ट्रोल एंड रिफॉर्म ऑर्गनाइजेशन (C.R.O) द्वारा दिए गए सदस्यता कार्ड से किसी भी तरह के कार्य करने का विचार कर रहें है तो सावधान हो जाइए, अब आपका कार्ड मान्य नहीं है। अगर आप चाहते है की आपकी सदस्यता को दोबारा से मान्य कर दिया जाए, तो इसके लिए आप सभी सदस्यों को अपना 'पुलिस वेरिफिकेशन' संस्था के हेड ऑफिस में भेजना होगा अन्यथा आप सभी सदस्य भविष्य में कभी भी क्राइम कण्ट्रोल एंड रिफॉर्म ऑर्गनाइजेशन द्वारा दी गई अपनी सदस्यता का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।